CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 22°C

देहरादून, शुक्रवार 8 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 1 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 13 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नवाचार-आधारित शोध को मिले प्राथमिकताः आनंदीबेन पेज 2



बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव कियाः लवलीना खेल टाइम्स




पैरोल और फरलोः कानून है या विशेषाधिकार सम्पादकीय




ब्रह्मोस की ताकत देख चौंक गए थे ट्रम्प पेज 12

## हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता

# टैरिफ वॉर पर प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है।

भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि



मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। पीएम मोदी का यह बयान अमेरिका के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ के ऐलान के एक

- टैरिफ का जिक्र किए बिना कहाः हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता अमेरिका इन सेक्टर में एंट्री चाहता है

दिन बाद आया। दरअसल अमेरिका भारत के एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर में अपनी शर्तों के साथ एंट्री चाहता है। कई दौर की मीटिंग के बाद भारत इस पर तैयार नहीं -शेष पृष्ठ दो पर

### आप और भी बहुत कुछ देखेंगेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब एक बार फिर उन्होंने बड़ा बयान दिया है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए ट्रम्प ने रूस से लगातार तेल खरीद को लेकर और अधिक टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। दरअसल, जब ट्रम्प से पूछा गया कि भारतीय अधिकारियों का कहना है चीन जैसे अन्य देश भी रूसी तेल खरीद रहे हैं। आप इन अतिरिक्त प्रतिबंधों के लिए भारत को ही क्यों जिम्मेदार ठहरा रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने जवाब देते हुए कहा कि अभी तो सिर्फ आठ घंटे ही हुए हैं। देखते हैं क्या होता है। आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। आपको कई अतिरिक्त प्रतिबंध देखने को मिलेंगे। आगे जब उनसे पूछा गया कि भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ की तरह ही क्या उनके पास चीन पर अधिक टैरिफ लागू करने की कोई समान योजना है? इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ऐसा हो सकता है।

# धराली त्रासदीः अब तक 274 का रेस्क्यू

## एक ऑफिसर व आठ जवान अभी भी लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/ उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के धराली में हुए हादसे में अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और 8 जवान लापता हैं।

वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को एम्स ऋषिकेश, 9 लोगों को

- धराली से 70, हर्षिल से 190 और गंगोत्री से 274 लोगों का रेस्क्यू
- सीएम धामी स्थिति की निगरानी कर रहे

उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। हर्षिल से अब तक 190 लोगों को आईटीबीपी मातली शिफ्ट किया जा चुका है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू व राहत कार्यों में जुटी हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।

### CRPF की गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिरी, तीन जवानों की मौत

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह 10:30 बजे सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। प्रशासन के मुताबिक, 5 जवानों की हालत गंभीर है। सीआरपीएफ के अफसरों के अनुसार, गाड़ी जवानों के एक दल को ले जा रहा था, जो सड़क से फिसलकर खड़ी ढलान से नीचे खाई में जा गिरा। 3 शव घटनास्थल से बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई घायल जवानों को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 60 पीड़ित परिवार जाएंगे यूएस कोर्ट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले मृतकों के 60 परिवारों ने बोइंग कंपनी के खिलाफ कोर्ट में जाने का फैसला किया है। इन परिवारों ने दुर्घटनाग्रस्त विमान की निर्माता कंपनी बोइंग के खिलाफ एक अमेरिकी कोर्ट में मुकदमा दायर करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए उन्होंने अमेरिकी विशेषज्ञ वकील माइक एंड्रयूज को भी हायर कर लिया है। इन परिवारों ने दुर्घटना की जांच पर सवाल उठाए हैं। परिवार की मांग है कि उन्हें कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का कच्चा डेटा दिया जाए, ताकि वे स्वतंत्र जांच करवा सकें।

### निकांत जैन के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**लखनऊ।** उप्र में निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन और गोल्डन ब्लॉसम के राजिंदर सिंह के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। प्रवर्तन निदेशालय ने निलंबित आईएएस अधिकारी और इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन पर शिकंजा कसा है। निवेशकों से रिश्वतखोरी के मामले में ईडी का बड़ा एक्शन लिया है। जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को निकांत जैन के लखनऊ विशाल खंड स्थित घर और ऑफिस समेत पांच जगह छापेमारी की है।

# राहुल का EC पर बड़ा हमला


## राहुल गांधी ने स्क्रीन पर वोटर लिस्ट दिखाकर खोली पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर एक घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है।

राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। राहुल गांधी के आरोपों पर कर्नाटक चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा है। उन्होंने कहा कि वे लिखित में शिकायत करें, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। कर्नाटक की महादेवपुरा असेंबली सीट की वोटर लिस्ट स्क्रीन पर दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यहां के 6.5 लाख वोट में से एक

- महाराष्ट्र में 40 लाख संदिग्ध नाम, कर्नाटक में भी फर्जीवाड़ा
- छह महीने में सात फीट तक ऊंचे पेपर्स खंगाले, सबूत जुटाए
- आरोपों पर चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा, लिखित में शिकायत करें राहुल
- राहुल की वीडियो को गुमराह करने वाला बताया



लाख वोटों की चोरी हुई है। कांग्रेस के रिसर्च में यहां एक लाख के करीब गलत पता और एक ही पते पर बल्क वोटर और डुप्लीकेट वोटर्स का पता चला। कर्नाटक में हमें 16 सीटों पर जीत मिलती, लेकिन हम सिर्फ 9 सीटों पर जीते। हमने इन सात हारी हुई सीटों में से एक सीट पर जांच-पड़ताल की, वो सीट थी बेंगलुरु सेंट्रल। इस सीट पर कांग्रेस को -शेष पृष्ठ दो पर

### राहुल गांधी के चुनावी धांधली के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश की जनता का अपमान करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा की चुनावी जीत को 'फ्रॉड' यानी धोखा करार देकर बहुत ही गैरजिम्मेदाराना और शर्मनाक बयान दिया है। जनता इसी तरह के व्यवहार और सोच के कारण लगातार कांग्रेस को नकारती रही है और आगे भी नकारती रहेगी। भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी के बयान की निंदा करते हुए कहा कि राहुल गांधी, जो अब नेता प्रतिपक्ष हैं, उन्होंने बेहद गैरजिम्मेदाराना और शर्मनाक टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को ही फ्रॉड बता दिया, जो कि बेशर्मी की सारी हदें पार करता है।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग नहीं रुकेगाः SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित नकदी बरामदगी के आरोपों से घिरे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका गुरुवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि घटना की जांच के लिए आंतरिक जांच समिति का गठन और उसके द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया गैरकानूनी नहीं थी। पीठ ने कहा कि हमने माना है कि मुख्य न्यायाधीश और आंतरिक समिति ने तस्वीरें और वीडियो अपलोड (शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर) करने के अलावा पूरी प्रक्रिया का पूरी ईमानदारी से पालन किया था। अदालत ने आगे कहा कि मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र भेजना (पद से हटाने के बारे में) असंवैधानिक नहीं था। पीठ ने यह भी कहा कि भविष्य में ज़रूरत पड़ने पर आपके (न्यायमूर्ति वर्मा) लिए कार्यवाही शुरू करने का विकल्प खुला है। पीठ ने कहा कि आंतरिक प्रक्रिया को कानूनी मान्यता प्राप्त है। यह कोई समानांतर या संविधानेतर व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यवाही के दौरान न्यायमूर्ति वर्मा का आचरण विश्वास पैदा नहीं करता, क्योंकि उन्होंने आंतरिक जांच कार्यवाही में भाग लिया था।

- जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज की, कैश कांड में कार्रवाई को चुनौती दी थी



# सच्चाई छिपाने की चेष्टा करने वालों को ऐसा सबक देंगे पीढ़ियां रखेंगी यादः योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद के भ्रमण पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने सम्भल में 559 करोड़ रुपये की 222 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जबकि जिला मुख्यालय के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास किया। साथ ही जनसभा में सम्भल के तीर्थ और धार्मिक विरासत के संरक्षण, ऐतिहासिक अन्यायों और राजनीतिक विरोधियों पर तीखे वार किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी। कल्कि नगरी को नमन कर अपने सम्बोधन की शुरुआत करते हुए रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और श्रावण मास में परियोजनाओं के लिए जनपद वासियों को बधाई दी। उन्होंने मंच से ही परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जनसभा में मुख्यमंत्री ने सपा, कांग्रेस का नाम लिए बगैर स्थानीय नेताओं पर

- मुख्यमंत्री ने 559 करोड़ की 222 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

जमकर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार एक जिले में एक गुंडा और एक माफिया पालती थी। हम एक जिले में एक मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। युवाओं के लिए पिछले 8 साल में साढ़े 8 लाख नौकरी दी। कभी चेहरा नहीं देखा गया, जाति नहीं देखी गई। पिछली सरकारों में दंगे होते थे। शोषण होता था। न बेटी, न ही व्यापारी सुरक्षित थे। आज सब सुरक्षित हैं। अलबत्ता केवल दंगाई सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, काशी में जो हो सकता है वह सम्भल में क्यों नहीं हो सकता। सम्भल जैसी सच्चाई को जिन्होंने छिपाने की चेष्टा की, उनको ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां याद करेंगी।

# चार लाख का इनामी आशीष मुठभेड़ में मारा गया

**प्रयागराज।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में यूपी पुलिस की एसटीएफ ने झारखंड के धनबाद निवासी शातिर अपराधी आशीष रंजन उर्फ छोटू को एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया।

मारे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर झारखंड सरकार ने चार लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। आशीष रंजन मुठभेड़ में ढेर हो गया। उसके पास

- बदमाश के पास से एके 47 सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद

से एके-47 के साथ-साथ भारी मात्रा में 9 एमएम की कारतूस और नौ एमएम की पिस्टल भी बरामद हुई है। करीब आधे घंटे तक हुई मुठभेड़ में आशीष रंजन को तीन गोलियां लगी, जिससे कि वह वहीं ढेर हो गया।

# पत्रकार के हत्यारे दो इनामी बदमाश ढेर

**सीतापुर।** उप्र में सीतापुर जिले के पिसावा क्षेत्र में पुलिस की एसटीएफ ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को मार गिराया।

पुलिस ने बताया कि चर्चित राघवेंद्र बाजपेई पत्रकार हत्याकांड के एक-एक लाख रुपये के इनामी बदमाशों को गुरुवार को पिसावां पुलिस और एसटीएफ ने मुठभेड़ में घायल कर दिया। घायल बदमाशों को पिसावा अस्पताल उपचार के

- उप्र के सीतापुर का चर्चित राघवेंद्र हत्याकांड

लिए भेजा गया, जहां से गंभीर अवस्था को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय लाया गया। जिला चिकित्सालय में दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। इनके पास से मुंगेर में निर्मित पिस्टल एवं कार्बाइन, बाइक के साथ बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार भोर में मुखबिर से सूचना मिली कि राघवेंद्र बाजपेई पत्रकार की हत्या के आरोपी हरदोई सीतापुर के मूवमेंट में है। सूचना मिलने पर पुलिस ने पांच टीमों का गठन करके इन्हें घेर लिया, लेकिन दोनों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इनकी पहचान संजय उर्फ अकील खान ,राजू उर्फ रिजवान खान, निवासी अटवा थाना मिश्रिख के रूप में हुई।

# ईडी बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकताः सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांचे गए मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गई।

जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम प्रवर्तन निदेशालय की छवि को लेकर भी चिंतित हैं। शीर्ष



अदालत 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था। केंद्र और ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त

- सख्त लहजे में कहाः कानून के दायरे में रहना होगा, मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताई

सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कम दोषसिद्धि दर के लिए प्रभावशाली आरोपियों की टालमटोल की रणनीति को जिम्मेदार ठहराया। राजू ने कहा कि प्रभावशाली बदमाशों के पास बहुत साधन होते हैं। वे कार्यवाही को लंबा खींचने के लिए अलग-अलग चरणों में आवेदन दायर करने के लिए वकीलों की फौज रखते हैं। मामले का जांच अधिकारी जांच में समय लगाने के बजाय किसी न किसी आवेदन के लिए अदालत के चक्कर लगाता रहता है। न्यायमूर्ति भुयान ने अपने एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज किए गए 5,000 मामलों में से 10 प्रतिशत से भी कम मामलों में दोषसिद्धि हुई है। न्यायमूर्ति भुयान ने कहा कि आप बदमाश की तरह काम नहीं कर सकते, आपको कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

**वाराणसी।** वाराणसी की एमपी/एमएलए कोर्ट के अपर मुख्य न्यायाधीश ने गुरुवार को अधिवक्ता अशोक कुमार द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दिया। याचिकाकर्ता अधिवक्ता अशोक कुमार ने बताया कि स्वामी प्रसाद मौर्या ने जनवरी 2023 में एक प्रतिष्ठित न्यूज चैनल पर साक्षात्कार के दौरान तुलसीदास जी और रामचरितमानस पर आपत्ति. जनक टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी के साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत कर याचिका दायर की गई थी, जिसमें केस दर्ज करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कैंट थाना प्रभारी को आदेश दिया कि समुचित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना की जाए।

### दस मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अफसर कार्यालय बनेंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालयों की स्थापना को मंजूरी दे दी है, जिनमें अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, विन्ध्याचल, मुरादाबाद और सहारनपुर शामिल है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि प्रत्एक क्षेत्रीय कार्यालय में तीन पदों क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक की अस्थाई सृजन की अनुमति प्रदान की गई है, जो 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। कुल 30 पद (प्रत्येक मण्डल के लिए तीन पद) सृजित किए जाएंगे, जिन पर नियमानुसार पदस्थापन किया जाएगा।

## यूपी में नदियों का जलस्तर घटने से फौरी राहत मिली

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों का खतरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य जिलों में बारिश का दौर थमने के साथ ही नदियों के जलस्तर में गिरावट से फौरी राहत मिली है हालांकि बाढ़ग्रस्त इलाकों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा गहराने लगहै।

लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, जालौन, बाराबंकी और प्रयागराज समेत कई जिलों में आज बादलों की आमद पिछले दिनों की अपेक्षा कम रही और धूप खिलने से लोगों को राहत मिली। प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी और कन्नौज समेत कई जिलों में गंगा के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई, हालांकि घाघरा और शारदा नदियों में कटान के चलते सैकड़ों एकड़

**घाघरा व शारदा नदी में कटान से कृषि भूमि पानी में समा रही**

कृषि योग्य भूमि पानी में समाई रही। प्रयागराज से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गंगा और यमुना नदिया अब खतरे के निशान के नीचे पहुंच गई है।

बीते 24 घंटे में गंगा नदी का फाफामऊ में जलस्तर 155 सेंटीमीटर और छतनाग में 146 सेंटीमीटर कम हुआ है, जबकि नैनी में यमुना नदी का जलस्तर बीते 24 घंटे में 123 सेंटीमीटर कम हुआ है। यमुना नदी का जलस्तर 5.12 सेंटीमीटर प्रति घंटा और गंगा नदी का जलस्तर 6.45 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कम हो रहा है हालांकि अभी भी दर्जनों मोहल्ले और गांव बाढ़ की चपेट में है। इन इलाकों में अभी भी नावें चल रही हैं अभी भी बड़ी संख्या में लोग बाढ़ राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं, लेकिन जिस रफ्तार से जलस्तर कम हो रहा है। वाराणसी में केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर 4 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घटने लगा है। गंगा का जलस्तर आज 71.58 मीटर दर्ज किया गया।

### बिजनौर और अमरोहा के गांवों में गंगा का पानी घुसा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय होने से अमरोहा और बिजनौर के गांवों में गंगा का पानी बाढ़ के रूप में प्रवेश कर गया है। मेरठ के भी आठ गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। बिजनौर में बैराज के ऊपर से गंगा का पानी बहने से बैराज पर आवागमन बंद कर दिया गया है। लगातार बारिश से बिजनौर जनपद के अलग-अलग जगह पर बाढ़ का पानी आ गया है। दिल्ली नेशनल हाईवे पर पानी आने से आवागमन बंद कर दिया गया है। दिल्ली-मेरठ-पौड़ी हाईवे पर वाहनों की रफ्तार बाढ़ के चलते रुक गई है। जिले की कई नदियां इस समय उफान पर हैं, जिससे जनपद के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में है। एनडीआरफ की टीम बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को निकाल रही है और उनके लिए भोजन-पानी की व्यवस्था कर रही है। जिले हेमराज, रावली, नवलपुर, बंगाली कॉलोनी, घासी वाला, चांदपुर नवाबाद, मोहम्मदपुर मंडावली, बाखरपुर, मुफरपुर केशव, शहजादपुर, ब्रह्मपुरी सहित कई अन्य गांव बाढ़ की चपेट में हैं। यहां पर 4 से 5 फीट पानी भरा हुआ है। जनपद अमरोहा के गजरौला क्षेत्र में गंगा किनारे बसे गांव में नदी का पानी आबादी के बीच पहुंच गया है। रास्ते पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं।

# ट्रम्प का कदम विश्वासघाती संसद में हो चर्चाः मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा को विश्वासघाती बताते हुए बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने इस चुनौती से निपटने के उपायों को लेकर संसद में विस्तृत चर्चा की सलाह केंद्र सरकार को दी है।

सुश्री मायावती ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया- ब्रिक्स देश ब्राज़ील की तरह ही भारत पर भी कुल मिलाकर 50 प्रतिशत का भारी भरकम टैरिफ (शुल्क) लगाकर अमेरिका ने जो भारत को आघात पहुंचाने का प्रयास किया है, उसे भारत सरकार ने अपने संयमित बयान में 'अनुचित, अन्यायपूर्ण व अविवेकी' बताया है, किन्तु देश की जनता डोनाल्ड ट्रम्प का 'मित्र' देश भारत के प्रति इसे प्रथम दृष्टया विश्वासघाती एवं देश को कमज़ोर करने वाला कदम ज्यादा मानती है, जिससे निपटने के लिए सभी को पूरी परिपक्वता दिखाते हुए देश में पूरे अमन-चैन और कानून व्यवस्था के अच्छे माहौल के साथ पूरी मुस्तैदी से कार्य करना ज़रूरी है। वर्तमान संसद सत्र में चर्चा हो, तो यह जन व देशहित में बेहतर होगा, किन्तु केन्द्र व राज्य सरकारें अगर आन्तरिक संकीर्ण मुद्दों में ही अधिकतर उलझी रहेंगी, तो यह कैसे संभव हो पाएगा।

# नवाचार-आधारित शोध को मिले प्राथमिकताः आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** नवाचार आधारित शोध को प्राथमिकता दिए जाने की वकालत करते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्कृष्ट शोध कार्यों को प्रोत्साहन देना आवश्यक है, क्योंकि ऐसे शोध कार्यों का लाभ देश को मिलता है। पटेल ने यहां विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विश्वविद्यालयों में शोध गति. विधियों को बढ़ावा देने तथा अनुसंधान की गुणवत्ता एवं उपयोगिता को मजबूत करने के लिए आयोजित एक बैठक में कहा कि जब कोई विश्वविद्यालय किसी शोध परियोजना का प्रस्ताव प्रस्तुत करता है, तो उसका विधिवत प्रस्तुतीकरण और स्क्रीनिंग होनी चाहिए, उस पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए, जिससे उसकी गुणवत्ता और उपयोगिता का आकलन किया जा सके। जो भी फंड विश्वविद्यालयों को प्रदान किया जाता है, उसकी प्रगति की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट शोध कार्यों को आगे बढ़ाना और उन्हें प्रोत्साहन देना आवश्यक है, क्योंकि ऐसे शोध कार्यों का लाभ देश को मिलता है। यदि कोई परियोजना अस्वीकृत की जाती है, तो विश्वविद्यालय को अस्वीकृति का कारण अवश्य बताया जाना चाहिए, ताकि वे आवश्यक सुधार कर परियोजना को पुनः प्रस्तुत कर सकें। परियोजना की संकल्पना से लेकर उसकी स्वीकृति और पूर्णता तक निरंतर संवाद और समीक्षा की प्रक्रिया बनी रहनी चाहिए। राज्यपाल ने इस पूरी प्रक्रिया को गंभीरता से संचालित करने पर बल दिया। परिषद और विश्व. विद्यालयों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग होना चाहिए।

# व्हाट्सएप और ई-मेल से नोटिस वैध नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने खारिज की आदेश में संशोधन की मांग वाली हरियाणा सरकार की याचिका**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत व्हाट्सएप और ईमेल से नोटिस भेजना वैध नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा राज्य की ओर से अपने जनवरी 2025 के आद. ेश में संशोधन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस नोंग्मीकापम कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम खुद यह विश्वास दिलाने में असमर्थ हैं कि ई-मेल और व्हाट्सएप जैसे इलेक्ट्रॉनिक संचार बीएनएसएस की धारा 35 के तहत सूचना तामील कराने का एक वैध तरीका है। बीएनएसएस में ऐसी प्रक्रिया को शामिल करना विधानमंडल की विधायी मंशा का उल्लंघन होगा। सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा राज्य ने याचिका दायर की थी। इसमें सतेंद्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई और अन्य 2025 में पारित आदेश में संशोधन की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि बीएनएसएस 2023 की धारा 64(2) सिस्टम-जनरेटेड समन यानी ई-समन एप से संबंधित है। जबकि धारा 71 विधिवत हस्ताक्षरित, स्कैन और इलेक्ट्रानिक रूप से भेजे गए भौतिक समन से संबंधित है, इसलिए किसी वाटरमार्क सील की अलग से कोई आवश्यकता नहीं है। बीएनएसएस की धारा 35 के तहत एक नोटिस धारा 71 के तहत समन की ही श्रेणी में आता है और इसलिए इसे इलेक्ट्रानिक रूप से प्रेषित करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि धारा 35 के तहत नोटिस की तामील इस मूल अधिकार की रक्षा के लिए की जानी चाहिए, क्योंकि नोटिस का पालन न करने से व्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव पड़ सकता है। बीएनएसएस 2023 को सीधे तौर पर पढ़ने पर पता लगता है कि विधानमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक संचार के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए हैं। पीठ ने कहा कि बीएनएस की धारा 35 के तहत जारी नोटिस धारा 71 के तहत जारी समन की ही श्रेणी में नहीं आता है, क्योंकि धारा 71 इलेक्ट्रानिक माध्यम से तामील की अनुमति देती है। धारा 71 के तहत जारी समन और उसके गैर-अनुपालन का किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता पर तत्काल प्रभाव नहीं पड़ता है। जबकि धारा 35 के तहत जारी नोटिस का अनुपालन न होने पर व्यक्ति की स्वतंत्रता पर तत्काल प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे पुलिस को सीआरपीसी की धारा 41ए या बीएनएसएस की धारा 35 के तहत नोटिस भेजने के लिए केवल वहीं तरीके अपनाने का निर्देश दें, जिनकी कानून के तहत अनुमति हो। व्हाट्सएप या इलेक्ट्रानिक माध्यमों से नोटिस भेजना सीआरपीसी और बीएनएसएस के तहत तय की गई विधियों का विकल्प नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन हफ्ते के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।



सेंसेक्स 80623.26

निफ्टी 24596.15



सोना रु. 100904

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114505

प्रति किलो



# गिरावट से उबरा शेयर बाजार, बढ़त में बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच आखिरी दो घंटे में हुई लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 79.27 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,623.26 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी 21.95 अंक (0.09 प्रतिशत) की तेजी के साथ 24,596.15 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाए जाने के आदेश के बाद आज सुबह बाजार में बिकवाली का जोर रहा। सेंसेक्स 281 अंक की गिरावट के साथ 80.543.99



अंक पर खुला और दोपहर डेढ़ बजे के लुढ़क कर करीब 79,811.29 अंक पर पहुंचा गया था, लेकिन इसके बाद कम कीमत पर अचानक लिवाली शुरू होने से आखिरी दो घंटे में 80,737.55 अंक तक चढ़कर आखिरकार 80,623.26 अंक पर बंद हुआ। इस प्रकार पूरे दिन के दौरान सेंसेक्स में 926 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। निफ्टी.50 का ग्राफ भी लगभग ऐसा ही रहा। इसका दिन का उच्चतम स्तर 24,634.20 अंक और निचला स्तर 24,344.15 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयर बढ़त में और अन्य 13 के गिरावट में रहे। टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 1.68 फीसदी, एचसीएल टेक ने 1.17 फीसदी और इटरनल ने 0.97 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, आईटीसी, सन फार्मा, इंफोसिस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। अडानी पोर्ट्स में 1.55 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.06 प्रतिशत और टाटा मोटर्स में 0.85 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, अडानी पोर्ट्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में रहे। एनएसई में रियलिटी और गैस एवं तेल सेक्टरों में गिरावट रही जबकि अन्य सेक्टरों के सूचकांक सुबह की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे और हरे निशान में बंद हुए।

### सोना 1,00,904 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 452 रुपए बढ़कर 1,00,904 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले सोने का भाव 1,00,452 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,020 रुपए बढ़कर 1,14,505 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,485 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,700 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,150 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000 रही। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000 थी, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,600 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,050 रही। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं।

# पेरिस में आयोजित आईएफटीएम में शामिल होगा पर्यटन विभाग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी 23 से 25 सितंबर तक फ्रांस की राजधानी पेरिस के पोर्ट डे वर्सेल्स में आयोजित होने जा रहे 'इंटरनेशनल एंड फेंच ट्रैवल मार्केट (आईएफटीएम) टॉप रेसा 2025' में पर्यटन विभाग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने जा रहा है। इस आयोजन में पर्यटन सेक्टर को ग्लोबल मार्केट से जोड़ा जा सके।

इस आयोजन में 120 से अधिक देशों के प्रतिनिधि जुटेंगे। 'इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रैवल मार्केट टॉप रेसा 2025' में छाने के लिए यूपी पर्यटन विभाग जोर-शोर से तैयारी कर रहा है। यहां विदेशी आगंतुकों को उत्तर प्रदेश के स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, जैसे ओडीओपी उत्पादों और विविध संस्कृतियों की झलक दिखाई जाएगी। स्टॉल पर उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प, कलाकृतियां और मंदिर वास्तुकला से सजा रचनात्मक सेट-अप होगा, जो आगंत. ुकों को सीधे आकर्षित करेगा। इस बाबत अधिकारियों का कहना है कि पर्यटन विभाग वहां अपने स्टॉल पर आकर्षक डिस्प्ले, एलईडी स्क्रीन और इंटरएक्टिव कियोस्क के जरिए उत्तर प्रदेश को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के तौर पर दर्शाएगा। इससे न केवल विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि इससे भारत और यूरोप के बीच नए व्यापारिक रिश्ते भी बनेंगे। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में भी यह उपयोगी होगा। अधिकारियों का कहना है कि हेरिटेज टूरिज्म, वेलनेस और आयुर्वेद, इको और ग्रामीण पर्यटन की विशिष्टताओं को प्रदर्शित कर विदेशी सैलानियों और निवेश को आकर्षित करने के लिए विशेष तैयारी कर रहा है। आयुर्वेद रिट्रीट, योग केंद्र और ग्रामीण होमस्टे जैसे अवसरों को पेरिस में आयोजित होने वाले इवेंट में विशेष रूप से हाइलाइट किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की पर्यटन नीति के तहत निवेशकों को पूंजीगत सब्सिडी, भूमि आवंटन और आसान मंजूरी जैसे लाभ बताए जाएंगे, जो यहां के खंडहर हो रहे किले, महल और आध्यात्मिक स्थलों के विकास में मदद करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**टैरिफ वॉर...**

है। भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 7 अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लगेगा। वहीं 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। इससे भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे। उनकी मांग कम हो सकती है। वहां के इंपोर्टर्स अन्य देशों से सामान मंगा सकते हैं।

अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स (जैसे दूध, पनीर, घी आदि) को भारत में आयात की अनुमति मिले। अमेरिकी कंपनियां दावा करती हैं कि उनका दूध स्वच्छ और गुणवत्ता वाला है और भारतीय बाजार में सस्ता भी पड़ सकता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत में ज्यादातर लोग शुद्ध शाकाहारी दूध उत्पाद चाहते हैं, जबकि अमेरिका में कुछ डेयरी उत्पादों में जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) का इस्तेमाल होता है। भारत की शर्त है कि ये शाकाहारी हो। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके। वह चाहता है कि भारत अपनी इम्पोर्ट ड्यूटी को कम करे। इसके अलावा, अमेरिका जैव-प्रौद्योगिकी (जीएमओ) फसलों को भी भारत में बेचने की कोशिश करता रहा है, लेकिन भारत की सरकार और किसान संगठन इसका कड़ा विरोध करते हैं। मोदी ने कहा कि स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को जीवन का ध्येय बनाया। कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनका योगदान किसी एक युग या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होता। प्रो. एमएस स्वामीनाथन ऐसे ही एक महान वैज्ञानिक थे। उन्होंने विज्ञान को जनसेवा का माध्यम बनाया। स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को अपने जीवन का ध्येय बनाया। उन्होंने एक ऐसी चेतना जागृत की जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक भारत की नीतियों और प्राथमिकताओं का मार्गदर्शन करती रहेगी। स्वामीनाथन के साथ मेरा जुड़ाव कई सालों पुराना है। बहुत से लोग गुजरात की पुरानी परिस्थितियों से परिचित हैं। पहल सूखे और चक्रवातों के कारण कृषि को काफी संकट का सामना करना पड़ता था और कच्छ में रेगिस्तान का विस्तार हो रहा था। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब हमने मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर काम शुरू किया था। प्रो. स्वामीनाथन ने इसमें काफी रुचि दिखाई, उन्होंने खुलकर हमें सुझाव दिए और हमारा मार्गदर्शन किया। उनके योगदान के कारण इस पहल को जबरदस्त सफलता मिली। पीएम किसान सम्मान निधि से मिलने वाली सीधी सहायता ने छोटे किसानों को आत्मबल दिया है। पीएम फसल बीमा योजना ने किसानों को जोखिम से सुरक्षा दी है। सिंचाई से जुड़ी समस्याओं को पीएम कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से दूर किया गया है। 10 हजार एफपीओएस निर्माण ने छोटे किसानों की संगठित शक्ति बढ़ाई है। ई-एनएएम की वजह से किसानों को अपनी उपज बेचने में आसानी हुई है।

**राहुल का....**

6,26,208 वोट मिले। भाजपा को 6,58,915 वोट मिले। दोनों पार्टियों को मिले वोटों का अंतर सिर्फ 32,707 था। वहीं जब महादेवपुरा असेंबली सीट पर वोटिंग हुई तो दोनों पार्टियों के बीच वोट का अंतर 1,14,046 का रहा। राहुल गांधी ने कहा कि इस हिसाब से देखें, तो एक लाख से ज्यादा वोटों की चोरी हुई। ये वोट चोरी पांच प्रकार से की गई थी। महाराष्ट्र में चंद महीने में लाखों मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए, जो काफी चिंताजनक है। 40 लाख वोटर रहस्यमयी हैं। यहां पांच महीने में कई वोटर जोड़े गए। वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि क्या वोटर लिस्ट सही है या गलत।

शाम पांच बजे के बाद वोटर टर्नआउट का बढ़ना भी हैरान करने वाला है। शाम पांच बजे के बाद वोटिंग क्यों बढ़ी? चुनाव आयोग इसका जवाब दे। कांग्रेस पार्टी ने वोटों की धांधली के मामले में चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, लेकिन आयोग ने एक भी जवाब नहीं दिया। हमें वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा है। ये गड़बड़ियां इसलिए हैं, क्योंकि चुनाव आयोग वोटर्स का डेटा उपलब्ध नहीं कराता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वजह से वोटों की चोरी हो रही है। हरियाणा में कांग्रेस की हार के लिए उन्होंने इन गड़बड़ियों को ही जिम्मेदार बताया। राहुल गांधी ने बताया कि लाखों पेपर्स की मैनुअली चेि. कंग के बाद हमने ये सबूत जुटाए हैं। अगर इन पेपर्स को एक गड्डी बनाकर रख दिया जाए ,तो यह 7 फीट ऊंचा हो जाएगा। सबूतों को जुटाने में करीब 6 महीने का वक्त लगा। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि चुनाव आयोग ने जानबूझकर हमें नॉन मशीन रीडेबल पेपर्स मुहैया कराए, ताकि इन्हें मशीन से स्कैन न किया जा सके। कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिक. ारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखा है। कहा कि निर्वाचन नियमों के तहत, अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची की वैधता पर सवाल उठाता है, तो उसे लिखित में विवरण देना होता है। वे नियम 20(3)(बी) के तहत शपथपत्र पर हस्ताक्षर कर ऐसे मतदाताओं के नाम उपलब्ध कराएं, ताकि उनके दावों की जांच की जा सके। यदि आवश्यक हो, तो कानूनी कार्रवाई भी शुरू की जा सके। वहीं, चुनाव आयोग (ईसी) ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस की वीडियो को शेयर करते हुए इसे गुमराह करने वाला बताया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## आसमान से आई तस्वीरों ने दिखाई धराली आपदा की सच्चाई

# ग्लेशियर का कहर, डिपोजिट टूटते ही मची तबाही

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद के धराली में 5 अगस्त को आई भीषण आपदा के पीछे के असल कारणों का खुलासा करते हुए भूटान में पीएचपी-1 के वरिष्ठ जियोलॉजिस्ट इमरान खान ने उस ग्लेशियर डिपोजिट स्लाइड की तस्वीरें साझा की हैं।

वरिष्ठ जियोलॉजिस्ट इमरान खान की शेयर की गई तस्वीरों से कई खुलासे हो सकते है। इमरान खान भूटान में चल रहे पीएचपी-1 में काम करते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर की है, जिसके जरिए धराली में हुई घटना की विस्तृत जानकारी दी गई है। इसमें कई तकनीकी पहलू भी शामिल हैं। धराली गांव से लगभग 7 किमी ऊपर की ओर, समुद्र तल से लगभग 6,700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, ग्लेशियर डिपाजिट डेबरी का एक बड़ा हिस्सा टूटने से मलबा तेजी से नीचे घाटी की ओर आया। इन निक्षेप




अनुमानित ऊर्ध्वाधर मोटाई 300 मीटर है। इसका क्षेत्रीय विस्तार 1.12 वर्ग किमी है। इसकी संरचना अनुमानित हिमोढ़ और हिमनद-नदी पदार्थ की है। जिसके कारण निचले इलाकों में तबाही मची है।

## एक मिनट से भी कम समय में गांव तक पहुंचा मलबा

धराली में मंगलवार (5 अगस्त) को हुई बादल फटने की घटना के दौरान भारी बारिश और पानी के तेज बहाव ने हिमनद से बने मलबे को अचानक खिसका दिया। नाले के रास्ते में खड़ी ढलान ने मलबे की गति को और बढ़ा दिया, यह करीब 7 किमी तक फैली है। इससे तेज रफ्तार में मलबा एक मिनट से भी कम समय में धराली गांव तक पहुंच गया, जिससे काफी नुकसान हुआ।

### क्या होता है ग्लेशियर डिपोजिट

ग्लेशियर डिपोजिट, ग्लेशियरों के जरिए जमा हुई सामग्री होती है। इसमें बर्फ के बड़े-बड़े टुकड़े होते हैं। ये टुकड़े गुरुत्वाकर्षण के कारण धीरे-धीरे नीचे की ओर खिसकते रहते है। ये रास्ते में चट्टानों, बजरी, रेत और मिट्टी जैसा मलबा भी जमा करते हैं। उन्हें लेकर आगे बढ़ते है। जब ग्लेशियर पिघलता है, तो यह अपने साथ लाए गए मलबे को पीछे छोड़ देता है, जिसे ग्लेशियर डिपोजिट कहते हैं।

## अब लगातार बारिश होगी, तो उससे ग्लेशियर टूटेंगे: वैज्ञानिक

■ जिस गति से फ्लैश फ्लड आया है वो बादल फटने जैसा नहीं

**देहरादून।** अभी तक सामने आई जानकारी ने यह साफ कर दिया है कि उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में मंगलवार को आई भयानक आपदा की वजह बादल फटना नहीं है। क्योंकि मौसम विभाग के मुताबिक 4-5 अगस्त को वहां पर 8 से 10 मिमी ही बारिश हुई जबकि बादल फटने के समय 100 मिमी से ज्यादा बारिश होती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसकी वजह भूस्खलन से पानी का प्रवाह रुकने से अस्थाई झील बनना, पर्वत की तलहटी पर रुके पानी में ग्लेशियर या चट्टान का गिरना या फिर फ्लैश फ्लड हो सकती है। पूर्व वैज्ञानिक डॉ. डीपी डोभाल का कहना है कि धराली फ्लड प्लेन में बसा है। धराली के पीछे डेढ़-दो किलोमीटर लंबा और बेहद घना जंगल है। जिस खीर गाड से फ्लैश फ्लड आया वो उन्हीं जंगलों से होकर गुजरता है। उसके ऊपर बर्फीला पर्वत है लेकिन जिस गति से फ्लैश फ्लड आया है वो बादल फटने जैसा नहीं है। बादल फटने पर आने वाला बहाव पहले धीमा फिर तेज होता है। जबकि धराली में इसकी गति ऊपर जंगल में किसी अस्थाई झील या पानी जमाव जैसी स्थिति को दर्शाता है। ऐसे में कोई ग्लेशियर टूटकर अस्थाई झील या जमे हुए पानी पर गिरता है तो उसे तोड़ देता है, इसी वजह से जो पानी नीचे आया वह काले रंग का और मलबा स्लेटी रंग का है। ऐसा पानी और मलबा जमे हुए स्थान के टूटने से आता है। जैसा 2021 में चमोली जिले के ऋषिगंगा हादसे में अस्थाई झील में जमा मलबा बहकर नीचे आया था। वहीं 2013 में केदारनाथ आपदा के समय चोराबारी झील के टूटने से आए सैलाब की थी। उन्होंने कहा कि आमतौर पर 3-4 हजार मीटर की ऊंचाई पर बारिश नहीं होती, बर्फबारी होती है लेकिन पर्यावरण बदलाव और बढ़ते तापमान से ये पैटर्न बदल गया है। अब लगातार बारिश होगी तो उससे ग्लेशियर टूटेंगे, ये ग्लेशियर किसी अस्थाई झील पर गिरे तो झील टूटकर तेजी से नीचे की तरफ आएगी। धराली की तबाही के वीडियो को देखें तो ऐसा लग रहा है कि सैलाब किसी चीज के अचानक टूटने से बहुत तेजी से नीचे आया। इसमें पानी के साथ लूज मटीरियल (बर्फ, पत्थर, रेत, बजरी) भी है जो खड़ी ढलान होने की वजह से ऊपर के सारे पदार्थ को नीचे ले आया।

# सीएम पहुंचे आपदाग्रस्त सैंजी नुकसान का लिया जायजा

## आपदा प्रभावित ग्रामीणों से जाना हालचाल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को पौड़ी जनपद के आपदाग्रस्त क्षेत्र सैंजी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित ग्रामीणों से उनका हालचाल जाना व आपदा से हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रभावितों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में प्रभावितों के साथ खड़ी हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में किसी प्रकार की कमी न हो। इससे पूर्व उन्होंने हेलीकाप्टर से थलीसैंण तहसील के बांकुड़ा सहित अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वे भी किया।

मुख्यमंत्री ने नौठा में बुराँसी के आपदा प्रभावित और अन्य ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुराँसी के पांच आपदा प्रभावितों को राहत राशि के चेक भी दिये। मुख्यमंत्री ने सैंजी गांव में क्षतिग्रस्त रास्ते से गुजरते हुए आपदा प्रभावित परिवारों के घर जाकर उनसे



मुलाकात की तथा आपदा से हुई क्षति का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री प्रभावितों के ढाँढस बंधाया और कहा कि आपदा की इस घड़ी में कोई भी खुद को अकेला न समझे, उन्होंने कहा पूरा राज्य पीड़ितों के साथ खड़ा है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि प्रभावितों के पुनर्वास एवं विस्थापन की कार्यवाही त्वरित गति से की जाय। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अतिवृष्टि से हुई क्षति का आकलन करवाए जाने के साथ सर्वप्रथम ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाय। उन्होंने कहा कि राहत केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय, दवाई, राशन की पर्याप्त व्यवस्था की जाय। साथ ही उन्होंने वाडिया इंस्टीट्यूट के माध्यम से सर्वे करने के भी निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि पुनर्वास के लिए एक समिति बनाई जाए।

## हेलिकाप्टर से धराली पहुंची टीम

**उत्तरकाशी( शाह टाइम्स )।** आपदा के दौरान तैलगाड गधेरे से मलबा आने से भागीरथी नदी में झील बन गई। इस झील के पानी से हर्षिल से जाने का वाला मार्ग भी प्रभावित हुआ है। आपदा के बाद हर्षिल में भागीरथी नदी में बन गई झील के निरीक्षण के लिए सिंचाई विभाग की टीम पहुंची है। टीम के अनुसार झील से पानी की निकासी हो रही है, चिंता जैसी कोई बात नहीं है। अवरोध को हटाने के लिए भी योजना बनाई गई है। आपदा के दौरान तैलगाड गधेरे से मलबा आने से भागीरथी नदी में झील बन गई। इस झील के पानी से हर्षिल से जाने का वाला मार्ग भी प्रभावित हुआ है। इस झील को हटाने और पानी का प्रवाह को सामान्य करने के लिए सिंचाई विभाग की टीम को भेजा गया था। इसमें विभागाध्यक्ष सुभाष कुमार, अधीक्षण अभियंता संजयराज के साथ अन्य अधिकारयों की टीम पहुंची। अधिकारियों के मुताबिक झील की लंबाई करीब 1200 और चौड़ाई 100 मीटर है। इस झील से पानी की निकासी हो रही है, पर मलबे को हटाने की योजना बनाई गई है। इसमें मार्ग खुलने के बाद चार पोकलेन मशीन के माध्यम से मलबा हटाया जाएगा।

## गंगोत्री हाईवे के लिम्चा गाड़ पर वैली ब्रिज का कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गढ़वाल गढ़वाल कमिश्नर विनर शंकर पांडे ने बताया है कि गंगोत्री हाईवे पर पर लिम्चा गाड़ पर वैली ब्रिज कार्य अगले 48 घंटों में बनकर शुरू हो जायेगा।

उन्होंने कहा कि धराली-हर्षिल तक गंगोत्री हाईवे को युद्ध स्तर पर बहाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले 48 घंटों में लिम्चा गाड में वैली ब्रिज बनकर तैयार हो जा जायेंगा। गुरुवार को मौसम ने साथ दिया तो धराली हर्षिल रेस्क्यू अभियान के लिए बीआरओ ने भटवाड़ी के पापड़ गाड़ मार्ग सुचारू होने के बाद तीन स्थानों पर वाश आउट हाईवे को ठीक करने में सफलता मिली है। वहीं पापड़ गाड़ से हाईवे खुलने के बाद पापड़ गाड़ तक के लिए वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई वहीं दोपहर बाद गंगनानी से आगे लिम्चागाड़ पुल पर वैली ब्रिज का सामना भी सीमा सड़क संगठन के दो ट्रैकों में भरकर गंगनानी निर्माण का सामान भी पहुंचने लगा है। बीआरओ की टीम पुल निर्माण के लिए गंगनानी पहुंच पुल निर्माण का काम शुरू कर दिया है। इधर शिवालिक प्रोजेक्ट के चीफ इंजीनियर वी.एन राजा कुमार ने बताया कि आज शाम को ही लॉन्च पेड बना लिया जाएगा। शुक्रवार से लोहे की रोप दूसरी तरफ डाल कर पैनल जोड़ने का काम किया जाएगा।

## सड़क, संचार, विद्युत व्यवस्था बहाल करना प्राथमिकता: सीएस

### मुख्य सचिव ने एसईओसी से की रेस्क्यू अभियान की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने गुरुवार को राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर धराली में संचालित राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। शासन तथा सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा कर रेस्क्यू अभियान को और अधिक तीव्र गति से संचालित किए जाने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द से जल्द बहाल किए जाने को लेकर सचिव लोक निर्माण विभाग व बार्डर रोड आर्गेनाइजेशन के अधिकारियों के साथ लंबी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सड़कों को खोलने के लिए जो



भी संसाधन बीआरओ को चाहिए, वह जल्द से जल्द उपलब्ध कराए जाएं। मुख्य सचिव ने मातली को इस पूरे रेस्क्यू अभियान के लिए स्ट्रेटिजिक एरिया बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिकता तय करते हुए सबसे पहले बुजुर्ग, बीमार, महिलाओं और बुजुर्गों को रेस्क्यू करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन करीब साढ़े नौ बजे राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे और विभिन्न विभागों तथा एजेंसियों द्वारा धराली में संचालित किए जा रहे राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गंगोत्री, हर्षिल तथा अन्य क्षेत्रों में जो भी यात्री फंसे हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर लाया जा रहा है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि जो भी यात्री गंगोत्री, हर्षिल आदि स्थानों में फंसे हैं, उनके लिए भोजन, पानी, बच्चों के लिए दूध के साथ ही अन्य आवश्यक वस्तुओं उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, डीजीपी दीपम सेठ, जीओसी उत्तराखण्ड सब एरिया मेजर जनरल एमपीएस गिल, एडीजी एपी अंशुमन, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सचिव डॉ. आर राजेश कुमार, सचिन कुर्वे, आईजी फायर मुख्तार मोहसिन, एसीईओ प्रशासन आनंद स्वरूप, एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, जेसीईओ मो. ओबैदुल्लाह अंसारी आदि मौजूद थे।

## चिन्यालीसौड़ में तैनात रहेंगे चिनूक और एमआई-17

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राहत और बचाव कार्यों को गति देने के लिए भारतीय सेना की और से उपलब्ध कराए गए चिनूक व एमआई-17 को चिन्यालीसौड़ में ही तैनात किया जाएगा ताकि देहरादून से लग रहे अतिरिक्त समय को कम किया जा सके। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने इस संबंध में गुरुवार को बैठक के दौरान निर्देश दिए। धराली आपदा में घायल हुए लोगों को बेहतर से बेहतर उपचार दिया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों के लिए प्रत्येक स्थल पर सिंगल प्वाइंट ऑफ कांटेक्ट नामित किया जाए ताकि रेस्क्यू अभियान में किसी तरह के भ्रम की स्थिति न रहे। मुख्य सचिव ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से



जिलाधिकारियों से प्रदेश में हो रही वर्षा से उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली तथा आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए की 15 मिनट के भीतर जेसीबी तथा अन्य सभी आवश्यक उपकरण घटनास्थल पर पहुंच जाए। उन्होंने ग्रामीण सड़कों को तत्परता से खोलने के निर्देश दिए।

## 14 अगस्त को होगा जिपं अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुखों का चुनाव

**देहरादून।** उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख पदों के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को चुनाव संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही हरिद्वार जिला छोड़ बाकी प्रदेश के 12 जिलों के जिला और क्षेत्र पंचायतों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जो मतगणना प्रक्रिया संपन्न होने तक लागू रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, 14 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा, इसके बाद 14 अगस्त को ही मतगणना की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ ही क्षेत्र पंचायतों के प्रमुखों, ज्येष्ठ उप प्रमुखों और कनिष्ठ उप प्रमुखों के पदों पर चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है।अधिसूचना के अनुसार, 11 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन की तिथि रखी गई है। 11 अगस्त को ही दोपहर 3:30 बजे से कार्य समाप्ति तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 12 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नाम वापसी की तिथि रखी गई है। इसके बाद 14 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। साथ ही 14 अगस्त को ही मतदान के बाद मतगणना की जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए जारी आरक्षण की अंतिम सूची के अनुसार, देहरादून, पौड़ी, अल्मोड़ा, रुद्रप्रयाग और टिहरी गढ़वाल में अध्यक्ष पद को सामान्य महिला के लिए आरक्षित किया गया है।

## 9 सदस्यीय विशेष चिकित्सा टीम धराली-हर्षिल में सक्रिय

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तरकाशी जिले के धराली क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने तेजी से मोर्चा संभालते हुए चिकित्सा राहत कार्यों में अनुकरणीय तत्परता का परिचय दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट और प्राथमिकता वाले निर्देशों के तहत, स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार स्वयं पूरे अभियान की निगरानी कर रहे हैं। वे लगातार स्वास्थ्य विभाग की टीमों से सीधा संवाद बनाकर हर स्थिति पर व्यक्तिगत रूप से नजर रखे हुए हैं।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने जानकारी दी कि हर्षिल और धराली क्षेत्रों में विशेष हेलीकॉप्टर सेवा के माध्यम से 9 सदस्यीय चिकित्सा टीम भेजी गई है। यह टीम स्थानीय प्रशासन के समन्वय से मौके पर ही चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही है। अपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं सीएमएस दून अस्पताल डॉ. आर. एस. बिष्ट के नेतृत्व में एक अलग 12 सदस्यीय मेडिकल टीम ने मातली में मोर्चा संभाला है। टीम में 7 डॉक्टर और 5 पैरामेडिकल स्टाफ शामिल हैं। डॉ. बिष्ट ने बताया कि अब तक 70 से अधिक घायलों को इलाज उपलब्ध कराया जा चुका है, जिनमें से अधिकांश को एयर लिफ्ट कर मातली लाया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आज किसी भी मरीज को रैफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ी है, जिससे राहत की स्थिति स्पष्ट होती है।

**मनोचिकित्सकीय सहायता भी जारी:** स्वास्थ्य विभाग की टीमें तेजी से ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर प्राथमिक चिकित्सा, आपात उपचार और राहत सेवाएं दे रही हैं। विशेष रूप से, प्रभावित लोगों को मानसिक आघात से उबारने के लिए मनोचिकित्सकों की टीमें भी मौके पर तैनात की गई हैं।

### हेलीसेवा से भेजी जा रही अतिरिक्त मेडिकल टीमें

स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार टीमें भेजने के लिए अतिरिक्त मेडिकल टीमें पूरी तरह तैयार हैं। हेलीसेवा के माध्यम से इन टीमों को तत्काल प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि किसी भी व्यक्ति को उपचार से वंचित न रहना पड़े। विभाग हर जरूरतमंद तक चिकित्सा सेवा पहुंचाने के लिए चौबीसों घंटे सक्रिय है।

### 5 गंभीर मरीज एम्स ऋषिकेश व मिलिट्री हॉस्पिटल रेफर

वर्तमान में उत्तरकाशी जिला अस्पताल में 09 घायल मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। जबकि 3 गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एम्स ऋषिकेश रैफर किया गया है, 02 घायलों को आर्मी हॉस्पिटल रैफर किया गया। जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका समुचित उपचार जारी है।

## 274 लोगों को गंगोत्री लाया गया

**देहरादून।** सचिव आपदा प्रबंधन व पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि गुरुवार करीब एक बजे तक 274 लोगों को गंगोत्री व अन्य क्षेत्रों से हर्षिल लाया गया है, सभी

■ युद्धस्तर पर चल रहा रेस्क्यू अभियान: सुमन


सुरक्षित हैं। इनमें गुजरात के 131, महाराष्ट्र के 123, मध्य प्रदेश के 21, उत्तरप्रदेश के 12, राजस्थान के 6, दिल्ली के 7, असम के 5, कर्नाटक के 5, तेलंगाना के 3 तथा पंजाब के 1 लोग है। वर्तमान तक 135 लोगों को सुरक्षित हर्षिल से बाहर निकाला गया, जिसमें से 100 लोगों को उत्तरकाशी पहुँचाया गया है तथा 35 लोगों को देहरादून सुरक्षित भेजा गया है।












## माला राज्यलक्ष्मी शाह की संवेदना राहत कार्यों में जुटने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तरकाशी जनपद के धराली क्षेत्र में हाल ही में आई भीषण प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि पर टिहरी लोकसभा सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है।

सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने कहा कि वह लगातार जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से संपर्क में हैं और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी कर रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं और युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान चला रही हैं। उन्होंने इन एजेंसियों के अधिकारियों से बात कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

सांसद ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को भी सक्रिय कर दिया गया है, जिसमें मोबाइल मेडिकल टीमों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है और अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि घायलों को समय पर उपचार मिल सके।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस आपदा को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बातचीत की है और हर संभव सहायता का आश्वा. सन दिया है। केंद्र सरकार की ओर से राहत और बचाव कार्यों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# आपदाग्रस्त क्षेत्रों में सीएम ने प्रभावितों के बीच पहुंचकर पोछे आंसू

**■ मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित स्थानीय लोगों से मिलकर हर संभव सहायता का दिया आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार/पौड़ी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को पौड़ी जनपद के आपदाग्रस्त क्षेत्र सैंजी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित ग्रामीणों से उनका हालचाल पूछते हुये क्षति की जानक. ारी ली। उन्होंने प्रभावितों के आंसू पूछते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर समय उनके साथ हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में किसी प्रकार की कमी न हो। इससे पूर्व उन्होंने हेलीकाप्टर से थलीसैंण तहसील के बांकुड़ा सहित अन्य



आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया।

विगत दिनों हुई अतिवृष्टि से जनपद में जान माल की हानि हुई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र से कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत सीधे पौड़ी जिले के आपदा प्रभावितों के बीच पहुंचे। हेलीकाप्टर से भरसार हैलीपैड में उतरने के बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से आपदा प्रभावित क्षेत्र की ओर रवाना हुए। मुख्यमंत्री ने नौठा में बुराँसी के आपदा प्रभावित और अन्य ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुराँसी के पांच आपदा प्रभावितों को राहत राशि के चेक दिये। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सैंजी गांव में पैदल ही क्षतिग्रस्त रास्ते से गुजरते हुए आपदा प्रभावित परिवारों के घर जाकर उनसे मुलाकात की तथा आपदा से हुई क्षति का जायजा लिया। इस दौरान प्रभावित परिवारों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और त्वरित गति से राहत कार्य हेतु धन्यवाद दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों ने प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों पर शरण ली है। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित महिलाओं के आंसू पोछते हुए उन्हें ढाँढस बंधाया और कहा कि आपदा की इस घड़ी में कोई भी खुद को अकेला न समझे और पूरा राज्य पीड़ितों के साथ खड़ा है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि प्रभावितों के पुनर्वास एवं विस्थापन की कार्यवाही त्वरित गति से की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से हुई क्षति का आकलन करवाए जाने के साथ साथ सर्वप्रथम ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भेजे जाने की कार्यवाही प्रारंभ की जाय। उन्होंने कहा कि प्रशासन तत्परता से लोगों की मदद करे, जिससे जनजीवन सामान्य हो सके। साथ ही कहा कि वाडिया इंस्टीट्यूट को सर्वे करने के लिए कहा जाएगा।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने विशेष ध्यान देते हुए निर्देश दिए कि गांव में स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल मेडिकल यूनिट्स नियमित रूप से भ्रमण करें, ताकि बीमार, वृद्धजनों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों तथा विशेष रूप से प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सकीय परामर्श और उपचार समय से मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक दवाइयों, प्राथमिक उपचार किट और चिकित्सकीय स्टाफ की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए।

कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि पुनर्वास के लिए एक समिति बनाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिन लोगों के दुकानों मकानों को क्षति पहुंची है, उनके लिए प्राथमिकता से प्रयास किए जाएंगे। जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि क्षेत्र में प्रभावित परिवारों की सूची तैयार कर ली गई है और तथा राहत सामग्री और धनराशि वितरित की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि हर गांव तक प्रशासन की टीम पहुंच रही है और किसी को भी राहत से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

## जलभराव, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**कोटद्वार।** विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण उत्पन्न हो रही जल निकासी की समस्याओं का जायजा लेने हेतु उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी ने गुरुवार को विभिन्न वार्डों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देवी रोड पर विशेष रूप से निर्माणाधीन निकासी नहर का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि देवी रोड कोटद्वार की प्रमुख और अत्यधिक व्यस्त सड़कों में से एक है, जहां जलभराव की स्थिति के कारण आमजन और व्यापारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। निरंतर बारिश के चलते सड़क पर पानी जमा हो रहा है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुकानों में पानी घुसने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

# समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए समयबद्ध निर्माण के निर्देश

**■ निर्मित पार्किंग स्थलों के हस्तांतरण में तेजी, प्रस्तावित स्थलों पर शीघ्र कार्य आरंभ करने के निर्देश, कददुखाल और चमियाला में पार्किंग की बढ़ती जरूरत, प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रम में जनपद टिहरी गढ़वाल में निर्माणाधीन और प्रस्तावित पार्किंग स्थलों की प्रगति की गहन समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य इन परियोजनाओं की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करना और नगरों में



पार्किंग समस्या को प्रभावी ढंग से दूर करना था।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन और प्रस्तावित पार्किंग स्थलों के कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन पार्किंग परियोजनाओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है, उनकी हस्तांतरण प्रक्रिया में कोई भी अनावश्यक देरी न की जाए, और संबंधित निकायों को समय पर जिम्मेदारी सौंप दी जाए। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर बल देते हुए कहा कि यह आवश्यक है कि सभी कार्य एक निर्धारित समयसीमा में पूरे हों, जिससे जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि लंबगांव की पार्किंग पूरी तरह तैयार हो चुकी है और अब उसकी हस्तांतरण प्रक्रिया चल रही है। थत्यूड़ में निर्मित पार्किंग आमजन के उपयोग में लाई जा रही है, जबकि कीर्तिनगर में निर्माणाधीन पार्किंग परियोजना को अक्टूबर 2025 तक पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने कददुखाल और चमियाला जैसे क्षेत्रों में पार्किंग की अत्यधिक आवश्यकता की ओर ध्यान आकृष्ट किया। इस पर जिलाधिकारी ने इन दोनों स्थानों को प्राथमिकता पर लेते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने एएमए जिला पंचायत भागवत पाटनी को निर्देशित किया कि भविष्य में किसी भी होटल या रिजॉर्ट का नक्शा स्वीकृत करते समय पार्किंग की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए और सभी वैधानिक प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन हो।

बैठक में भविष्य की जरूरतों के अनुसार पार्किंग सुविधाओं की दीर्घकालिक योजना पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इसी क्रम में कैम्पटी क्षेत्र में सड़क किनारे संचालित पार्किंग व्यवस्था की स्थिति स्पष्ट न होने पर जिलाधिकारी ने एसडीएम धनोल्टी को दूरभाष पर निर्देश देते हुए तत्काल जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में पर्यटन अधिकारी एस.एस. राणा, सहायक अभियंता (जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण) पंकज पाठक, ईओ नगर पालिका चंबा प्रशांत कुमार सहित विभिन्न स्थानीय निकायों के कार्यकारी अधिकारी एवं कर्मचारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

**एक नजर .......**

## सात दिवसीय संस्कृत भाषा कार्यशाला हुई शुरू

**कोटद्वार।** संस्कृत सप्ताह के उपलक्ष्य में संस्कृत भारती के तत्वाधान में गुरुवार से मालिनी वैली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिन की संस्कृत भाषा कार्यशाला शुरू हो गई है। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए शिक्षक डॉ कुलदीप मैंदोला ने संस्कृत शब्दों की विस्तृता और संस्कृत में नये शब्द गढ़ सकने की क्षमता पर प्रकाश डाला। वक्ता दीपक गौड़ व एसएन नौटियाल ने कहा कि हमें अंग्रेजी व हिन्दी भाषा के साथ संस्कृत भाषा को भी सीखना चाहिए। संस्कृत भारती नगर अध्यक्ष डॉ रमाकांत कुकरेती ने कहा कि संस्कृत हमारे देश की सांस्कृतिक भाषा है। हिंदू धर्म के सारे संस्कार संस्कृत में ही संपन्न किए जाते हैं, इसलिए हमें संस्कृत भाषा के शब्दों को आम बोलचाल में भी शामिल करना चाहिए। कार्यशाला में कालेज प्राचार्य डॉ संगीता नेगी, मनमोहन काला, सत्य नारायण नौटियाल, दीपक गौड़, श्वेता रावत, डॉ प्रभा जोशी, डॉ हेमलता नेगी, नीलम बिष्ट, बीना रावत, मुकेश सुन्द्रियाल, पंकज ध्यानी, आंचल बिष्ट और प्रियंका सहित अन्य कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

## गढ़वाल विवि में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कमेटी गठित

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढवाल विवि में छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य, लचीलापन और कल्याण को बढ़ावा देने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करते हुए विवि कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह के निर्देशन पर कमेटी का गठन किया गया है। गढ़वाल विवि के कुलससचिव प्रो. राकेश कुमार ढोड़ी ने आदेश जारी किए है। जिसमें मनोविज्ञान विभाग कि प्रो. मंजू पाण्डेय को कमेटी का समन्वयक बनाया गय है। जबकि चौरास परिसर के निदेशक प्रो. राकेश सिंह नेगी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कमेटी में फार्मास्युटिकल विभाग के प्रो. अजय गजानन नामदेव, समाजशास्त्र विभाग के प्रो. जेपी भट्ट, योग विभाग कि डॉ. अनुजा रावत, शाररीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. मुकुल पंत, शिक्षा विभाग के डा. अमरजित, डॉ. कविता भट्ट, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र सिंह बिष्ट, एसआरटी टिहरी कैंपस के निदेशक, बीआरजी पौड़ी कैंपस के निदेशक आदि को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

## पार्षद ने प्रशासन से की मुआवजे की मांग

श्रीनगर। लगातार दो दिनों से हो रही तेज बारिश से नगर भूस्खलन और भूधसखव से प्रभावित हुए परिवारों को मुआवजा दिए जाने की मांग उठी है। वार्ड संख्या 34 के पार्षद दिनेश सिंह पटवाल ने तहसील प्रशासन को एक पत्र भेजकर आपदा प्रबंधन के तहत प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कुल 9 परिवारों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, जिनमें कई मकान आंशिक या पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, साथ ही कई पुस्ते ढह चुके हैं और आवागमन के रास्ते भी बाधित हुए हैं। उन्होंने उपजिलाधिकारी से स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र राहत कार्य शुरू कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवार आर्थिक रूप से भी कमजोर हैं और उन्हें तात्कालिक सहायता देने की मांग की है।

## गढ़वाल विवि में हर घर तिरंगा अभियान के तहत होंगे विभिन्न कार्यक्रम: प्रो. नेगी

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किए जाने को लेकर गुरुवार को बैठक आहूत की गई। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा और शिक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। हर घर तिरंगा अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. एमएस नेगी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय की सभी छात्र, शिक्षक और कर्मचारी स्वयं अपने घरों कार्यालयों में ध्वज फहराएंगे तथा उसके साथ अपनी सेल्फी भी लेंगे। बताया कि विश्वविद्यालय में इस अभियान के तहत मुख्य भवानों पर तिरंगे की लडियों से सजावट, रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगा राखियाँ जिन्हे सेना के जवानों व सुरक्षा कर्मियों के हाथों पर बांधने का कार्यक्रम, तिरंगा पर आधारित प्रश्नोत्तरी,कार्यशाला, तिरंगा गीत, पोस्टर प्रदर्शनी, स्वच्छता अभियान पानी के स्रोतों की साफ सफाई, तिरंगा महोत्सव, बाइक रैली, मानव श्रृंखला तथा चौरा एवं बिड़ला परिसर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा।

## टिहरी जिले की टेबल टेनिस टीम का चयन 16 अगस्त को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में 17 एवं 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के साथ ओपन पुरुष व महिला वर्ग की राज्य स्तरीय आमंत्रण टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए टीम चयन की प्रक्रिया आगामी 16 अगस्त को आयोजित की जाएगी। यह जानक. ारी जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक रावत ने दी।

उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल सुबह 11 बजे से जिला खेल विभाग कार्यालय, नरेंद्रनगर स्थित टेबल टेनिस परिसर में संपन्न होगा। खेल विभाग हरिद्वार द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 20 से 22 अगस्त 2025 तक योगस्थली खेल परिसर, रोशनाबाद हरिद्वार में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जनपद टिहरी गढ़वाल की टीम को भी आमंत्रित किया गया है, जिसके लिए जिले की टीम का चयन ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा।जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि चयन ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड, जन्म तिथि प्रमाण पत्र एवं विद्यालय का परिचय पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। बिना वैध दस्तावेज के किसी भी खिलाड़ी को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# हाईटेंशन विद्युत लाइनों कि शिफ्टिंग न होने पर आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांर्गत बिलक. ेदार में 11 हजार केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन दुर्घटना का सबब बनी हुई है। घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइने कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गुरूवार को बिलकेदार और नकोट के स्थानीय लोगां ने घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों को हटाएं जाने कि मांग को लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने विद्युत विभाग कि कार्यशैली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए जल्द अवासीय भवनों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइनों को अनयंत्र शिफ्ट किए जाने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान नगर निगम के पार्षद संदीप रावत, स्थानीय निवासी प्रेम सिंह, गोविंद सिंह, उपेंद्र रावत, आनंद सिंह, शंकर, देवेंद्र सिंह सहित आदि ने कहा कि विगम लम्बे समय से विद्युत विभाग से आवासीय भवनों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों को हटावाएं जाने की मांग की जा रही है, लेकिन विद्युत विभाग बड़ी अनहा. ेनी का इंतजार कर रहा है। कहा कि बुधवार को नकोट में एक आवासीय भवन में 11 हजार केवी की हाईटेंशन विद्युत लाइन टूट कर गिर गई, गनिमत रही कोई उसकी चपेट में नहीं आया। बताया कि इससे पूर्व भी 11 हजार केवी लाइन की चपेट में आने से तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गये थे,

बिलकेदार-नकोट में आवासीय भवनों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार हाईटेंशन विद्युत लाइनों को शिफ्ट किए जाने को लेकर विद्युत विभाग द्वारा आंकलन तैयार किया गया है, लेकिन विधायक निधि से अभी तक पैसा स्वीकृत न होने के चलते विद्युत लाइनों के शिफि्टंग का कार्य रूका हुआ है। पैसा स्वीकृत होती ही हाईटेंशन लाइनों को शिफ्ट कर दिया जायेगा।''
**सचिन सचदेवा, एसडीओं, विद्युत वितरण खंड श्रीनगर**

बावजूद भी विद्युत विभाग कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। पार्षद संदीप रावत ने कहा कि वर्षो साल पुरानी हाईटेंशन विद्युत लाइनों को शिफ्ट किए जाने को लेकर कई बार विद्युत मंत्रियों एवं विभाग के अधिकारियों के सम्मुख भी रखा गया, लेकिन कोरे आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। कहा कि यदि जल्द से बिलकेदार-नकोट के आवासीय भवनों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को नहीं हटवाया गया तो स्थानीय जनता आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। वहीं इस बाबत को लेकर स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग वितरण खंड श्रीनगर के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन प्रेषित किया। प्रर्दशन में देवेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, दीपक, पूजा भट्ट, सुरेश जोशी सहित आदि मौजूद थे।

# भरदार क्षेत्र के कोटली गांव के ग्रामीण घरों में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विकासखण्ड जखोली के अंतर्गत भरदार क्षेत्र के कई गांव इन दिनों आपदा की मार झेल रहे हैं। अलकनंदा नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण भरदारी गाड़ में भी पानी बढ़ गया है। जिस कारण पैदल आवाजाही वाले पुल तक पहुंचने वाला मार्ग जलमग्न हो गया है। ऐसे में ग्रामीण व स्कूली नौनिहाल घरों में कैद हैं। खासकर बीमार लोगों को स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, विकासखण्ड जखोली के अंतर्गत भरदार क्षेत्र के कोटली सहित अन्य गांवों की जनता पर इन दिनों आपदा की मार पड़ रही है। क्षेत्र के गांवों को जोड़ने के लिये मल्यासू में भरदारी गाड़ पर पैदल पुल बना हुआ है, लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि पुल के निकट ही अलकनंदा नदी व भरदारी गाड़ का संगम भी होता है। इन दिनों अलकनंदा नदी उफान पर है।

जिस कारण नदी का पानी पुल तक पहुंच चुका है। पिछले कई वर्षों से ग्रामीणों के सामने यह समस्या है। प्रत्येक बरसात में पुल और रास्ता डूब जाता है, जिससे ग्रामीण घरों में कैद हो जाते हैं। ग्रामीणों की दिक्कतों को देखते हुये संबंधित विभाग ने कुछ समय पहले इस पैदल पुल के ऊपर ही नहीं पुल खड़ा कर दिया, जिससे पुल पानी में न डूबे और ग्रामीणों की आवाजाही होती रहे, लेकिन अब ग्रामीणों के सामने यह समस्या खड़ी हो गई है कि पुल के किनारे पैदल रास्तों तक नदी का पानी पहुंच रहा है, जिससे रास्ता पूरी तरह पानी में डूब रहा है और ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। जो पुल के ऊपर पुल बनाया गया है, उससे भी ग्रामीणों को कोई राहत नहीं मिल रही है। रास्तों के पानी में डूबने से कोटली सहित बांसी आदि गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानियां हो रही हैं। ग्रामीण घरों में ही कैद हैं। जबकि कोटली से रुद्रप्रयाग और खांखरा पढ़ाई करने आने वाले बच्चों का पठन-पाठन भी नहीं हो पा रहा है। खांखरा के निकट सम्राट होटल से कोटली गांव की दूरी लगभग तीन से साढ़े तीन किमी है और पैदल आवा. जाही वाला यही एक पैदल रास्ता है, लेकिन यह रास्ता इन दिनों पानी में डूबा हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि कोटली गांव आज तक मोटरमार्ग से नहीं जुड़ पाया है।

ग्रामीण गिरीश डिमरी ने कहा कि बरसात के समय उन्हे भारी परेशानियां हो रही हैं। गांव के बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, जबकि बीमार लोग चिकित्सालय नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीण पिछले कई दिनों से घरों में ही कैद हैं। रास्ता डूबने के कारण गांव में ग्रामीण आवश्यक सामग्री भी नहीं पहुंचा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बरसात में इस प्रकार की समस्या ग्रामीणों को झेलनी पड़ती है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। पुल के ऊपर पुल तो बना दिया, लेकिन इस पुल का क्या लाभ, जब पुल तक पहुंचने का रास्ता ही नहीं है।

वहीं जब इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो उनका कहना था कि पुल जीव. ीके कंपनी ने बनवाया है। नदी का पानी कम होने पर रास्ता तैयार किया जाएगा।

## सहसपुर विधायक ने सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याएं

**विकासनगर।** जनता-जनार्दन को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो एवं उनके परेशानियों का तत्काल निवारण हो इसी लक्ष्य के साथ सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने अपने कैंप कार्यालय सुद्धोवाला में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना एवं अधिकारियों को उनके तत्काल निवारण हेतु निर्देशित किया। विधायक पुंडीर ने कहा जनता की सेवा ही मेरा संकल्प है। मेरी प्राथमिकता है कि आम जनमानस को किसी तरह की परेशानी न हो और उनका कार्य समयबद्ध तरीके से हो।

## ेविश्व स्तनपान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़** (टिहरी)। गुरुवार को थत्यूड़ क्षेत्र के डीआरसी ढाणा में संवेदना प्रोजेक्ट एवं लैंडौर कम्युनिटी अस्पताल, मसूरी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्तनपान दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने हेतु महिलाओं को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।इस अवसर पर होप मातृ स्वास्थ्य पहल के अंतर्गत महिलाओं को बताया गया कि नवजात शिशु के जीवन के पहले छह महीनों तक केवल स्तनपान ही सर्वोत्तम पोषण का माध्यम होता है। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि स्तनपान के जरिए हर वर्ष विश्वभर में लगभग 8.23 लाख बच्चों के जीवन की रक्षा की जा



सकती है। कार्यक्रम में पुरुषों एवं सामुदायिक नेताओं की भागीदारी को भी अहम माना गया ताकि समाज में स्तनपान को लेकर सकारात्मक माहौल तैयार हो सके।

कार्यक्रम में संवेदना प्रोजेक्ट मैनेजर राजकुमार ने परियोजना की गति. विधियों एवं लैंडौर कम्युनिटी अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान हाल ही में निर्वाचित ग्राम प्रधानों का स्वागत भी सम्मानपूर्वक किया गया।

होप मॉन्टेरेनल प्रोजेक्ट की प्रभारी ऐना ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संबोधित करते हुए स्तनपान की गुणवत्ता, उसके लाभ और बच्चों के संपूर्ण विकास में इसके प्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने माताओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपने बच्चों को मां के दूध के माध्यम से उत्तम स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करें।

## मार्ग को मिली स्वीकृति शासन ने जारी किए 1.70 करोड़ रुपये

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप काणाताल-सनगांव मोटर मार्ग को शासन से स्वीकृति मिल गई है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। इस परियोजना के लिए शासन ने 1.70 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने इसकी जानक. ारी देते हुए बताया कि सड़क निर्माण का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा।विधायक उपाध्याय ने बताया कि लंबे समय से स्थानीय ग्रामीण इस सड़क की मांग कर रहे थे, जिसके लिए उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था।

# नो व्हीकल डे का सफल आयोजन, डीएम के नेतृत्व में पैदल पहुंचे अधिकारी

**■ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रशासन का नवाचार, अधिकारियों ने दिया जागरूकता का संदेश**
**प्रदूषण रोकने की पहल को मिला जन समर्थन, आगे भी होंगे ऐसे आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में मंगलवार को "नो व्हीकल डे" का आयोजन मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल



के नेतृत्व में जिला कार्यालय सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने निजी व शासकीय वाहनों का उपयोग किए बिना पैदल चलकर अपने-अपने कार्यालय पहुंचे।

यह पहल न केवल प्रतीकात्मक थी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जनमानस में जागरूकता पैदा करने की दिशा में एक प्रभावशाली संदेश भी रही।

जिलाधिकारी ने इस मौके पर कहा कि छोटे-छोटे प्रयास जब सामूहिक रूप से किए जाते हैं, तो वे समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। "नो व्हीकल डे" जैसी पहलों से न केवल कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा सकती है।

, बल्कि आम नागरिकों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही आम नागरिकों से भी पर्यावरण हित में सक्रिय भागीदारी की अपील की और कहा कि ऐसे प्रयासों को निरंतर रूप से अपनाना समय की मांग है।

जिला प्रशासन की इस पहल को स्थानीय लोगों से भी सराहना मिली। अधिकारियों की पैदल यात्रा ने शहरवासियों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और यह संदेश दिया कि प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए जनभागीदारी अनिवार्य है। इस अवसर पर यह भी घोषित किया गया कि "नो व्हीकल डे" जैसे अभियान भविष्य में भी समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि आम जनमानस में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विक. सित हो सके।

# ऋषिकेश और हरिद्वार के औषधि विक्रेताओं पर एफडीए की छापेमारी

## खाद्य संरक्षा व औषधि प्रशासन को मिली गंभीर अनियमितताएं



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश सरकार नकली और सब स्टेंडर्ड दवाओं की खरीद और बिक्री करने वाली कंपनियों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत गुरुवार को खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की क्विक रिस्पांस टीमों ने ऋषिकेश और हरिद्वार के नौ औषधि विक्रेता फर्मो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को कई औषधि विक्रेताओं के यहां गंभीर अनियमितताएं मिली। इस आधार पर एफडीए ने चार जन औषधि केंद्रों और एक अन्य औषधि विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी और इनके लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की है। इसके अलावा दो अन्य प्रतिष्ठानों पर दवा की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है।

गौरतलब है कि खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त डा. आर राजेश कुमार ने प्रदेश में नकली दवाओं पर रोक लगाने के लिए क्विक रिस्पांस टीमों का गठन किया है। यह टीमें लगातार प्रदेश में छापेमारी कर रही हैं। क्विक रिस्पांस टीम ने गुरुवार को ऋषिकेश क्षेत्र और हरिद्वार में 9 औषधि विक्रेता फर्मों का औचक निरीक्षण किया।

गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर ज्वालापुर एवं कनखल के 4 जन औषधि केंदों एवं एक अन्य औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों के क्रय -विक्रय पर रोक लगाते हुए उनको निर्गत लाइसेंसों को टीम द्वारा निरस्त करने की संस्तुति की गई। इसके अलावा ऋषिकेश क्षेत्रांतर्गत नेपाली फार्म एवं आसपास स्थित औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाए जाने पर 2 फर्मों में औषधियों के क्रय विक्रय पर रोक लगाने का आदेश देते हुए मौके पर बंद कराया गया एवं पाई गई कमियों के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण तलब किया गया। क्विक रिस्पांस टीम में डॉक्टर सुधीर कुमार सहायक औषधि नियंत्रक, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक अनिता भारती, औषधि निरीक्षक मानेंद्र सिंह राणा, विनोद जगुड़ी, हरीश सिंह, निधि रतूड़ी काला, मेघा शामिल थे।

## आपदा प्रभावित क्षेत्र में सरकारी मशीनरी के साथ मिलकर कार्य कर रहे कार्यकर्ता: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी संगठन एक एक पीड़ित तक पहुँचने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है और कार्यकर्ता सरकारी मशीनरी के साथ मिलकर कार्य कर रहे है। संगठन ने प्रभावित क्षेत्र मे राहत कार्यो के लिए 13 सदस्यीय समिति गठित की है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि सरकार के प्रयासों के साथ पार्टी के सभी सांसद, जनप्रति. निध, कार्यकर्ता भी राहत कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, उत्तरकाशी के धराली में प्राकृतिक आपदा में केंद्र सरकार एवम प्रदेश सरकार की सभी एजेंसिया लगातार प्रभावित क्षेत्र में युद्धस्तर पर राहत कार्य चला रही हैं। आपसी समन्वय से हम सभी, आपदा में फंसे हुए लोगों को सकुशल निकालने एवम हादसे में दबे लोगों की जानकारी जुटाने के कार्य मे लगे हैं।

# सीएम संग ग्राउण्ड जीरो पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत



### कहा – वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान से कराया जाएगा क्षेत्र का भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

कैबिनेट मंत्री डॉ रावत ने यह भी बताया कि क्षेत्र का भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान से कराया जायेगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से सतर्क रहा जा सके। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में विद्यालयों के सुचारू संचालन के निर्देश भी अधिकारियों को दिये ताकि बच्चों की शिक्षा बाधित न हो। डॉ. रावत ने सीएम धामी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि वह उत्तरकाशी में डटे हुये थे और वहां से वह सीधे श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे और पीडितों का दर्द साझा किया। उन्होंने कहा कि सरकार दुख की इस घड़ी में क्षेत्रवासियों के साथ है।

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/पौड़ी।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ स्थलीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पाबौं विकासखण्ड के आपदा प्रभावित गांवों में जाकर जमीनी स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने पाबौं ब्लॉक के सर्वाधिक प्रभावित सैंजी, बांकुड़ा, नौठा बाजार व बुरांसी गांव में आपदा से जान-माल के नुकसान पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुये पीड़ितों को पूरी संवेदना के साथ ढ़ांढस बंधाया। पीड़ितों की समस्याओं को सहानुभूति और करुणा के साथ सुनते हुये उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विपदा की इस घड़ी में आपके साथ खड़ी है और सभी जरूरी राहत एवं पुनर्वास कार्यों प्रतिबद्धता के साथ किये जा रहे हैं। डॉ. रावत ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में आवासीय भवन, दुकानें व गौशालाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं जबकि कई घर व दुकान मलबे में दबे हैं। क्षेत्र की सड़कें, बिजली, पेयजल एवं संचार सेवाएं बाधित हैं। जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर बहाल करने के निर्देश स्थानीय प्रशासन को दे दिये गये हैं। साथ ही प्रभावित परिवारों के लिये भोजन, चिकित्सा व अन्य आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने को कहा है। डॉ. रावत ने कहा कि प्रभावितों का विस्थापन व पुनर्वास सरकार की शीघ्र प्राथमिकता में है, इसके लिये जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेष कमेटी गठित की गई है जो नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजेगी ताकि मुआवजे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सके।इस दौरान जिलाधिकारी पौड़ी स्वाती भदौरिया, एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी व क्षेत्रीय जनप्रतिनधि मौजूद रहे।

## पीड़ितों के आंसू पोंछने की जरूरत राजनीति से बाज आए कांग्रेस: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि धराली सहित राज्य के कई जिलों मे आपदा ने नुकसान पहुंचाया है और इस समय पीड़ितों के आँसू पोंछने का वक्त है। कांग्रेस को राजनीति के बजाय प्रभावितों के दुख में शिरकत करनी चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के बयान को गैर जिम्मेदाराना करार देते हुए उन्होंने कहा कि इससे पीड़ितों और रेस्क्यू कार्य में जुटे बलों के मनोबल पर प्रतिकूल असर पड़ता है। आपदा में अवसर तलाशने के बजाय पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए सुझाव देने की जरूरत है। चौहान ने कहा कि उत्तरकाशी के हर्षिल घाटी में आई प्राकृतिक आपदा से समूचे प्रदेश में शोक की लहर है। युद्ध स्तर पर वहां बचाव अभियान चलाकर प्रभावितों की जान बचाने में सभी जुटे हैं। वहां पहुंचने के सभी मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाने के बावजूद पुलिस प्रशासन, सेना, आइटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की मदद से पीड़ितों को तत्काल राहत पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राहत कार्यो को लेकर फैलाई जा रही अफवाहें बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि चिनूक हेलिकाप्टर का उपयोग नही हो रहा है।

# तीलू रोतैली और आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुरस्कार स्थगित



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** पूरे प्रदेश में भारी बारिश और आपदा के चलते प्रदेश सरकार ने अभी राज्य स्तरीय तीलू रोतैली एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पुरस्कार के वितरण का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। प्रदेश सरकार उचित समय पर इन पुरस्कारों के वितरण का कार्यक्रम जारी करेगी ।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश की वीर नारियों को सम्मानित करने के लिए तीलू रौतेली पुरस्कार दिया जाता है, लेकिन इस साल अभी प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के चलते जनहानि हुई है और हालात सामान्य नहीं है। इस कारण इस पुरस्कार की विजेता को सम्मानित करना अभी संभव नहीं हो पाएगा। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पुरस्कार का वितरण भी अभी स्थगित कर दिया गया है। इन दोनों पुरस्कारों का वितरण 8 अगस्त को देहरादून में आयोजित होने वाले समारोह में किया जाना था।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरकार के सभी अंग अभी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आपदाग्रस्त इलाकों में राहत कार्य पहुंचने में व्यस्त हैं। इस कारण अभी इन पुरस्कारों का वितरण समारोह आयोजित किया जाना संभव नहीं है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मौसम में सुधार होने पर जल्दी ही इन दोनों पुरस्कारों के वितरण समारोह की नई तारीख का ऐलान किया जाएगा।

# एम्स में पूर्व मंत्री डॉ. अग्रवाल ने जाना घायलों का हाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/ऋषिकेश।** क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तरकाशी के धराली गांव में आयी आपदा की चपेट में आये तीन घायलों का एम्स पहुंचकर स्वास्थ्य हाल जाना। इस दौरान चिकित्सकों से वार्ता कर उचित उपचार देने के लिए कहा। गुरुवार को डॉ अग्रवाल ने एम्स में भर्ती घायल सेना के जवान राम प्रकाश, नेपाली मजदूर राजेंद्र प्रसाद, अग्निवीर शिवांशु सिंह का हाल जाना। इस दौरान ट्रामा सर्जरी के हेड डॉ शेलोय, डॉ अर्पित कुमार , मंडल अध्यक्ष वीरभद्र सुरेंद्र कुमार सुमन , पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषिकेश सुमित पंवार, पूर्व पार्षद नगर निगम संजीव पाल, सुयश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



# आपदा प्रभावितों के इलाज को स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद: डॉ. रावत



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तरकाशी के धराली सहित अन्य आपदाग्रस्त क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाओं को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आपदा प्रभावितों को हर हाल में बेहतर और त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर रूप से घायलों के उपचार में कोई कमी न आए।

डॉ. रावत ने सभी जनपदों में आपातकालीन सेवाओं 108 एम्बुलेंस सेवा सहित श्खुशियों की सवारीश को अलर्ट मोड पर रखते हुए पूर्ण क्रियाशील रहने के निर्देश दिये है। साथ ही अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं एवं आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों में मार्ग बाधित होने की स्थिति में जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर घायलों को डंडी-कंडी के माध्यम से नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों तक लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्रोन के माध्यम से भी दवाइयों और जीवनरक्षक उपकरणों की आपूर्ति करने पर बल दिया। डॉ. रावत ने स्वास्थ्य महानिद. ेशक को जनपद व ब्लॉक स्तर पर विशेष चिकित्सा दलों के गठन के निर्देश दिए जो आपात स्थिति में तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत व उपचार कार्य कर सकें।

### मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के लिए टोल फ्री नम्बर 14416 का प्रचार-प्रसार

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आपातकालीन चिकित्सा सहायता एवं मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के लिए टोल फ्री नम्बर 14416 का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ टोल फ्री नम्बर 104 के माध्यम से जनसामान्य को जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि समय पर सहायता सुनिश्चित हो सके।

### आपदाग्रस्त क्षेत्रों में 28 एम्बुलेंस तैनात

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि वर्तमान में आपदाग्रस्त क्षेत्रों में 28 एम्बुलेंस सक्रिय रूप से तैनात हैं, जिनमें 108 सेवा की 19 और विभागीय 9 एम्बुलेंस शामिल हैं, जबकि 10 एम्बुलेंस रिजर्व में रखी गई हैं। इसके अतिरिक्त आपदा क्षेत्र में विशेष चिकित्सीय टीम को भी भेजा गया है जिनमें 11 विशेषज्ञ चिकित्सक मेडिकल कॉलेजों से, 6 विशेषज्ञ स्वास्थ्य विभाग से, तथा 5-5 स्टाफ नर्स और फार्मासिस्ट शामिल हैं।

# दाखिल खारिज प्रकरण में जल्द हो अमल: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी कार्यालय मे ओगल भट्टा निवासी किरन देवी ने जिलाधिकारी सविन बसंल को फरियाद सुनाते हुए बताया कि उनके पति अर्द्धसैनिक बल में कार्यरत हैं तथा उन्होंने जून 2024 में भूमि क्रय की किन्तु 1 वर्ष के बाद भी भूमि उनके नाम दाखिल खारिज नही हुआ है। दाखिल खारिज के एवज में वकील, पीएनबी एजेंट ने आदि सभी बरगला रहे हैं तथा काई सही जवाब नही दे रहे है।

जिलाधिकारी के संज्ञान में आते ही उन्होंने तहसीलदार विकास से उसी दिन अद्यतन रिपोर्ट तलब की जिस पर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए डीएम के निर्देश पर महिला के नाम 3 दिन के भीतर दाखिल खारिज आदेश करते हुए भूमि महिला के नाम अंकित हो गई। वहीं दूसरी और किरन ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई थी उनके द्वारा शीशमबाड़ा में भूमि क्रय की गई थी किन्तु वकील व दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद भी भूमि का दाखिल खारिज नही हो रहा है। इसलिए जिलाधिकारी से ही उम्मीद बची है। डीएम ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तहसीलदार विकासनगर को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

# भटवाड़ी विकासखण्ड में पीएमजीएसवाई की सड़कों को हर स्थिति में खुला रखें: जोशी

## प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री ने विभाग के अधिकारी को जरूरी निर्देश दिए

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने निर्देश दिए हैं कि उत्तरकाशी जिले के भटवाड़ी विकासखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत निर्मित सड़कों को हर स्थिति में खुला रखा जाए।

ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने यूआरआरडीए के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि धराली एवं हर्षिल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में कोई बाधा न आए, इसके लिए सड़कों की तत्काल मरम्मत एवं पुन: खोलने की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाए। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में आपदा के समय पीएमजीएसवाई की सड़कें वैकल्पिक जीवन रेखा का कार्य करती हैं। ऐसे में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बंद सड़कों को युद्धस्तर पर खोलने की जरूरत है, ताकि राहत कार्यों में लगे कार्मिकों एवं स्थानीय जनता को निर्बाध मार्ग उपलब्ध हो सके। कैबिनेट मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय जनप्रति. निधियों से समन्वय बनाकर कार्य किया जाए और संकट की इस घड़ी में जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तेजी से समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा की इस घड़ी में हर नागरिक के साथ खड़ी है और प्रत्येक संभव सहायता दी जा रही है। ग्राम्य विकास मंत्री ने बताया कि पीएमजीएसवाई की मशीनों को भी राष्ट्रीय राजमार्ग को खोलने के कार्य में लगा दिया गया है। यूआरआरडीए के मुख्य अभियंता ने जानकारी दी कि भारी वर्षा के कारण गढ़वाल क्षेत्र में कुल 81 सड़कें और कुमाऊं क्षेत्र में बंद हुई। 50 सड़को को प्राथमिकता के आधार पर खोला जा रहा है।

## आपदाग्रस्त क्षेत्र में सहयोग को भाजपा ने टीम को मैदान में उतारा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने उत्तरकाशी के धराली आपदाग्रस्त क्षेत्र में राहत कार्यों में सहयोग के लिए प्रदेश स्तरीय कमेटी का गठन किया है। प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर बनी यह 13 सदस्यीय दैवीय आपदा राहत समिति प्रभावित लोगों को खाद्य रसद, आवास और चिकित्सा आदि तमाम सुविधा मुहैया दिलाने में सहयोग करेगी।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी की अध्यक्षता में क्षेत्र के सांसद, विधायक, दायित्वधारी और वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। समिति में टिहरी सांसद महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह, गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल, सरकार में दायित्वधारी राजकुमार, जगत सिंह चौहान, प्रताप सिंह पंवार, राम सुंदर नौटियाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, पूर्व विधायक मालचंद, विजयपाल सजवान, केदार रावत, राजेश जुआंठा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस दुख की घड़ी में आपदा पीड़ितों के साथ खड़ा है। संगठन की यह कमेटी दैवीय आपदाग्रस्त क्षेत्र के प्रभावित लोगों के सहयोग एवं आपदा राहत कार्यों में मदद करेगी।

# उत्तरकाशी से देहरादून एयरपोर्ट पर हैलीकॉप्टर से भेजे जा रहे यात्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तरकाशी आपदा में फंसे 112 लोगों को चिनूक और एमआई17 से देहरादून पहुंचाया गया। एयरपोर्ट पर लाए जा रहे यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक उपचार, नि:शुल्क दवा वितरण और रिफ्रेशमेंट कराने के बाद स्पेशल वाहनों से आईएसबीटी देहरादून और ऋषिकेश भेजा जा रहा है। जहां से यात्री अपने अपने गंतव्य के लिए रवाना हो रहे है।

उत्तरकाशी से हैलीकॉप्टर द्वारा सकुशल देहरादून पहुंचाने के लिए तीर्थयात्रियों ने उत्तराखंड सरकार का आभार जताया। जिलाधिकारी सविन बंसल ने देहरादून एयरपोर्ट पर आपदा प्रबंधन को लेकर नोडल अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए की तीर्थ यात्रियों को सकुशल वापसी के लिए सभी व्यवस्थाओं को एक्टिवेटेड मोड में रखा जाए। किसी भी यात्री को असुविधा ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

- डीएम ने एयरपोर्ट पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- तीर्थयात्रियों को हर संभव सहायता पहुंचाने के निर्देश

उत्तरकाशी आपदा राहत कार्य मे हर्षिल व गंगोत्री क्षेत्र से यात्रियों का सफल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने देहरादून एयरपोर्ट पर लाए जा रहे तीर्थयात्रियों से भी मिले और सभी तीर्थ यात्रियों को आश्वस्त किया कि उत्तराखंड सरकार की ओर से उन्हें पूरी मदद की जाएगी। एयरपोर्ट पर डीएम के निरीक्षण के दौरान एसएसपी अजय सिंह, सीडीओ अभिनव शाह, एसपी ऋषिकेश जया बलोनी, एसडीएम, खंड विकास अधिकारी डोईवाला आदि सहित संबधित विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद थे।

# जोशी ने देहरादून आर्मी अस्पताल में घायल सैनिकों का हाल जाना



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को देहरादून स्थित आर्मी अस्पताल पहुंचकर उत्तरकाशी के धराली हर्षिल क्षेत्र में आई दैवीय आपदा के दौरान घायल हुए 14 राजपूताना राइफल्स के लेफ्टिनेंट कर्नल आदर्श टी एवं राइफलमैन केशव सहवाग से भेंट कर उनका हालचाल जाना।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों से घायल जवानों के उपचार की जानकारी ली तथा उनके समुचित उपचार को कहा। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह से सैनिकों और उनके परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर राम सिंह थापा, सेना अस्पताल के कमांडेंट ब्रिगेडियर परीक्षित सिंह सहित सेना अस्पताल के चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

# केदारनाथ मार्ग पर 357 करोड़ के कार्यों में आधे से अधिक पूरे

## राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के भूस्खलन और भू-धंसाव ट्रीटमेंट सम्बन्धी सवाल के जवाब में मिली जानकारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** रूद्रप्रयाग केदारनाथ मार्ग पर भूस्खलन और भू-धंसाव ट्रीटमेंट के प्रस्तावित 357 करोड़ के कार्यों में, आधे से अधिक पूर्ण हो गए हैं। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के सदन में पूछे सवाल के जवाब में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने यह जानक. ारी दी। इसी तरह एम्स ऋषिकेश को केंद्र ने जानकारी दी कि वहां आधुनिक जैव सुरक्षा प्रयोगशाला-3 की स्थापना का अनुमोदन दिया गया है।

राज्यसभा में उनके द्वारा अतारांकित प्रश्न 2040 में रुद्रप्रयाग केदारनाथ मार्ग पर केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे भूस्खलन और भू धंसाव ट्रीटमेंट की जानकारी मांगी है। जिसके जबाव में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में रुद्रप्रयाग से केदारनाथ के निकट गौरीकुंड तक राष्ट्रीय राजमार्ग-107 पर 17 स्थानों के लिए 357 करोड़ रुपये की लागत से भूस्खलन और भू-धंसाव प्रबंध (ट्रीटमेंट) कार्यों को मंजूरी दे दी है।

लगभग 172.56 करोड़ रुपये की लागत से 8 स्थानों पर कार्य पूरे हो चुके हैं। लगभग 39.25 करोड़ रुपये की लागत से 3 स्थानों पर कार्य के लिए बोली प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लगभग 145.22 करोड़ रुपये की लागत से 6 स्थानों पर शुरू किए गए कार्यों का क्रियान्वहन किया जा रहा है।



वहीं अतारांकित प्रश्न संख्या 1879 में एम्स ऋषिकेश में केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला की स्थापना को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी मांगी गई थी।

किसका उत्तर देते हुए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत, स्थापित किए गए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में चिकित्सा अनुसंधान करने के लिए इस संस्थान के छात्रों और संकाय के उपयोग के लिए बहु-विषयक अनुसंधान इकाई (एमआरयू) और वायरल अनुसंधान एवं निदान प्रयोगशाला (वीआरडीएल) सहित उन्नत अवसंरचना और उच्च-स्तरीय उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा वित्त पोषित, बीआरडीएल वायरल संक्रमणों के उन्नत निदान और प्रबंधन के लिए सहायता प्रदान करता है और एमआरयू विभिन्न कैंसर और आनुवंशिक रोगों की लक्षित जीनोमिक अनुक्रमण को सक्षम बनाता है। इसी तरह एम्स ऋषिकेश में जैव सुरक्षा प्रयोगशाला-3 की स्थापना का भी अनुमोदन दिया गया है।

# आईएसबीटी निर्माण कोभूमि चिन्हित करने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 2027 में आयोजित होने वाले कुंभ मेले एवं 26 के कांवड मेले के सफल संचालन एवं आने वाले श्रद्धालुओं के भीड़ प्रबंधन हेतु किए जाने वाले कार्यों के संबंध में आज मेला अधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में सीसीआर मेला कंट्रोल रूम में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल सहित से संबंधित अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन 2027 में आयोजित होने वाले कुंभ मेले एवं 2026 की कांवड को सुव्यवस्थित एवं सफलता पूर्वक संचालित करने के लिए तथा आने वाले श्रद्धालुओं को सभी सुविधएं उपलब्ध कराने एवं भीड़ प्रबंधन की उचित व्यवस्था हेतु किए जाने वाले कार्यों के संबंध में गुरुवार को बैठक आयोजित की गई जिसमें किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों के लिए विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मेला अधिकारी ने हरकी पौड़ी क्षेत्रांतर्गत श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए उनकी सुरक्षा की दृष्टिगत कांगड़ा घाट,जाह्नवी मार्केट का विस्तारीकरण कार्य तथा राम प्रसाद गली में सुधारीकरण के लिए संयुक्त कमेटी गठित करते हुए जिसमे एसडीएम हरिद्वार, पुलिस उपाधीक्षक एवं अधिशासी अभियंता सिंचाई को शामिल करते हुए सिंचाई विभाग को किए जाने वाले कार्यों के लिए एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मनसा देवी एवं चण्डी देवी के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत मनसा देवी सड़क मार्ग एवं सीढ़ी मार्ग पर तथा चण्डी देवी पैदल मार्ग पर किए जाने वाले कार्यों के लिए और अधिशासी अभियंता लोनिवि को एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन घाटों पर पुल क्षतिग्रस्त एवं जीर्णशीर्ण हो गए है तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे पुलों को चिन्हित



करते हुए उनके मरम्मत कार्य के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन स्थानों पर नए पुल तैयार किए जाने की आवयश्कता है ऐसे स्थानों को चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मेलाधिकारी ने शहर की यातायात व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए आईएसबीटी (बस अड्डा) निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए जिसके लिए उन्होंने उप जिलाधिकारी, एसपी ट्रैफिक, आरएम रोडवेज एवं सहायक परिवहन अधिकारी की सयुक्त टीम गठित करते हुए एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्देश दिए है कि शहर के जिन चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है ऐसे चौराहों को चिन्हित करते हुए उन पर किए जाने वाले सुधारीकरण कार्यों के लिए प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि आज की बैठक में जो भी आवश्यक कार्य किए जाने है उनके लिए समिति गठित करते हुए कार्यों के प्रस्ताव समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार, एसपी ट्रैफिक जितेंद्र मेहरा, एएसपी जितेंद्र, एसपी सिटी पंकज गैरोला, अधीक्षण अभियंता लोनिवि डीपी सिंह, अधिशासी अभियता सिंचाई ओमजी गुप्ता, एसडीओ सिंचाई उत्तरप्रदेश भारत भूषण, अधिशासी अभियता लोनिवि दीपक कुमार, सीओ यातायात संजय चौहान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नागरिक अधिकार व बाल सुरक्षा विषय पर गोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में महर्षि दयानन्द पब्लिक स्कूल कनखल में नागरिक अधिकार व बाल सुरक्षा विषय पर गोष्ठी आयोजन हुई। जिसकी अध्यक्षता विधिक सेवा सचिव सिमरनजीत कौर द्वारा हुई जिसमें सचिव ने छात्रों और अभिभावकों को मोबाइल के दुरूपयोग और इस पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता बताते हुए किस मनोवृत्ति के लोगों से स्वयं का बचाव करना है इसके उपाए बताए व पोक्सो के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी।

## बहनें भाइयों की कलाई पर बांधेंगी ईको फ्रैंडली राखियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रक्षा बंधन पर्व को पर्यावरण संरक्षण के संदेश से जोड़ने की दिशा में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. स्वास्तिक सुरेश के नेतृत्व में जनपद में सीड राखी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयुष विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के साथ-साथ समुदाय को जागरूक और सहभागी बनाना है। इस विशेष अभियान के तहत जिले के 12 चिन्हित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के आसपास स्थित राजकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को बीज युक्त राखियां वितरित की जाएंगी। ये राखियाँ विशेष प्रकार की बायोडिग्रेडेबल सामग्री से निर्मित हैं। जिनमें विभिन्न प्रकार के स्थानीय उपयोगी पौधों तुलसी, गेंदा, अमरूद, सहजन, नीम या सब्जियों के बीज समाहित किए जाते हैं। यह ईको फ्रैंडली राखियां पारंपरिक राखियों के विकल्प के रूप में विकसित की गई हैं, जो त्यौहार के बाद भी उपयोगी साबित होती हैं।

## भीमगोडा बैराज सुरक्षित, जलस्तर चेतावनी स्तर से नीचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भीमगोडा बैराज पर गुरुवार शाम 4 बजे नदी का जलस्तर 292.50 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी स्तर 293.00 मीटर से थोड़ा नीचे और खतरे के स्तर 294.00 मीटर से काफी नीचे है। इस समय बैराज से कुल जल प्रवाह 1,58,047 क्यूसेक दर्ज किया गया, जो कि नदी में आने वाले जल प्रवाह के बराबर है, जिससे बैराज की स्थिति पूरी तरह संतुलित बनी हुई है। वहीं, पी.यू.जी.सी., ई.जी.सी. और डी.सी.एन.डी. तीनों ही नहरों में जल प्रवाह फिलहाल शून्य दर्ज किया गया है, यानी जल का कोई डायवर्जन नहीं किया जा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि वर्तमान में सारा पानी सीधे नदी मार्ग से आगे प्रवाहित हो रहा है। अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल सरकारी सूचनाओं पर भरोसा करें।

## शिवालिक नगरपालिका परिषद में सफाई व्यवस्था के अलावा आवश्यक काम ठप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगरपालिका परिषद के क्षेत्र शिवालिक नगर की सड़कों की ओर बड़े-बड़े गड्ढे यही हाल टिहरी विस्थापित कॉलोनी व रामधाम कॉलोनी का भी है। कई गलियों की स्ट्रीट लाइट खराब व कई गली में स्ट्रीट लाइट न होने कारण अंधेरा रहता है। जिसका लाभ चोरों को भी अक्सर मिलता रहता है, कई जगह नाला निर्माण न होने के कारण बरसात के पानी की निकासी भी नहीं होती, कॉलोनी में व शिवालिक नगर में स्थित पार्कों के सौंदर्यकरण का काम भी रुका हुआ है जब इन सभी समस्याओं के बारे में नगरपालिका अधिकारी से जानकारी ली तो उनके द्वारा यह कहा गया कि कोई भी नए काम करवाने के लिए रकम की



आवश्यकता होती और रकम रिलीज तब भी होगी जब नगर पालिका अधिकारी को नए टेंडर व अन्य कामों को करवाने के लिए रकम रिलीज करने की एथॉरिटी मिलेगी।

## धराली, हर्षिल आपदा पर जताया शोक

**अल्मोड़ा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में उत्तरकाशी के धराली, हर्षिल आपदा में मृतकों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त किया गया। साथ ही नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। नगर के नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने सैनिक कल्याण की ओर से आयोजित शौर्य दिवय में पूर्व सैनिकों की अनदेखी करने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा पूर्व सैनिकों ने नगर में बढ़ते बंदरों, सुअरों और गुलदारों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई। बैठक में परिषद के अध्यक्ष केशव दत्त पांडे, सुरेंद्र लाल टम्टा, पीजी गोस्वामी, महेंद्र मनराल, विनोद गिरि, मोहन जोशी गजेंद्र सिंह रावत, प्रकाश बोरा, त्रिलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# तेज वर्षा से अहमदपुर-सहदेवपुर मार्ग सड़क का कटाव होने से आवगमन बंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** बहादराबाद पतंजलि से अहमदपुर-सहदेवपुर मार्ग में मंगलवार रात हुई तेज वर्षा के बाद कटाव हो गया। सड़क का कटाव हो जाने के बाद लोगों का आवागमन बंद हो गया है। इस कारण एक बड़ी आबादी को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अहमदपुर ग्रंट ग्राम प्रधान वरिंद्र कौर ने बताया कि लगभग दस हजार लोगों की आवाजाही इस सड़क से प्रतिदिन होती है। आसपास के गांव अहमदपुर, सहदेवपुर, दिनारपुर, सुभाष गढ़ आदि गांव के लोगों का पतंजलि आने जाने का रास्ता केवल यही है। जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित ने सम्बन्धित अभियंताओं को शीघ्रता से रोड बनाने के निर्देश दिए हैं हालांकि,



लोक निर्माण विभाग की ओर से संबंधित स्थल पर बोर्ड लगाकर चिह्नित कर दिया गया है कि मार्ग क्षतिग्रस्त है, इसलिए लोग आवाजाही नहीं करे। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि जनहित में कटाव स्थल पर जल्द ही नयी सड़क का निर्माण कराया जाये, ताकि लोगों को आवाजाही में हो रही असुविधा से राहत मिल सके। लोक निर्माण विभाग के अपर सहायक अभियंता प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि बरसात रुकते ही मार्ग पर अस्थाई कार्य कराया जाएगा जिससे ग्रामीणों का आवागमन सुचारू आर दिया जाएगा

# सीडीओ ने जनसमस्याओं को निवारण करने की दी हिदायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा विकासखण्ड खानपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक परिसर स्थित सिंघाडा प्रोसेसिंग यूनिट का स्थलीय निरीक्षण करते हुये के संचालन के लिये सी०एल०एफ० को रीप ग्रामोत्थान और एन.आर.एल.एम. टीम के साथ समन्वय कर सिंघाडा आटा विक्रय हेतु रणनीति पर चर्चा की गई एंव अगस्त माह में विक्रय बढाने हेतु हिदायत दी गई और इसके आय में वृद्धि के लिये सुचारू रूप से चलाने हेतू सी०एल०एफ० को निर्देश दिये गये। इसी कम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित सामुदायिक संगठनो के वित्तीय समावेशन हेतु सक्षम केन्द्र का उदघाटन मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा किया गया। सक्षम केन्द्र के सफल संचालन के लिये एफ.एल.सी.आर.पी. पिंकी देवी को दिशानिर्देश दिये गये। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने विकासखण्ड परिसर में स्थित पुराने आवास का भौतिक निरीक्षण किया और खण्ड विकास अधिकारी महोदय को पी०डब्लू०डी० विभाग से पुराने आवासो का निरीक्षण कराने हेतु निर्देश दिये गये। ततपश्चात विकासखण्ड कार्यालय में व्यवस्थाओ के निरीक्षण करतें हुये सभी अधिकारीयों और कर्मचारीयों समय से उपस्थित होकर जन समस्याओं को हल करने के लिये हिदायत दी गई। कार्यालय कक्षों को देखा गया जिस को सुव्यवस्थित करने एवं कक्ष के बहार नाम प्लेट लगाने हेतु निर्देशित किया गया। निरिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक, के०एन० तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद जोशी, जिला परियोजना प्रबन्धक संजय सक्सैना, ग्रामोत्थान, एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।



# धराली त्रासदी : युवा प्रधान प्रखर ने सीएम राहत कोष में पांच माह का मानदेय दिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तरकाशी जनपद के धराली क्षेत्र में 5 अगस्त को बादल फटने की भीषण घटना में जान-माल का भारी नुकसान हुआ। राज्य सरकार के निर्देशन में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी हैं। इसी क्रम में हरिद्वार जिले के अजीतपुर ग्राम के मित्र युवा प्रधान प्रखर कश्यप ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए आपदा पीड़ितों की सहायता हेतु अपने पांच माह का मानदेय मुख्यमंत्री राहत कोष में समर्पित करने का निर्णय लिया है। प्रखर कश्यप ने यह निर्णय किसी औपचारिक समारोह या सार्वजनिक मंच से नहीं, बल्कि स्वयं जिलाधिकारी हरिद्वार को एक गोपनीय पत्र सौंपकर लिया। इस पत्र में उन्होंने धराली में हुई आपदा को अत्यंत दुखद एवं व्यथित करने वाला बताया और राज्य सरकार के त्वरित




राहत प्रयासों की सराहना की। उन्होंने लिखा कि यह योगदान उनकी ओर से पीड़ितों के प्रति एक छोटी-सी सेवा भावना है। ग्राम प्रधान की इस निःस्वार्थ पहल को स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों और आमजन द्वारा बहुत ही सराहनीय और प्रेरणादायक बताया गया है। यह योगदान ऐसे समय में सामने आया है जब प्रदेश को एकजुट होकर पीड़ितों की मदद की आवश्यकता है। धराली आपदा के दौरान कई गांवों का संपर्क टूट गया है और सड़कों, मकानों व जनजीवन को व्यापक नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राहत कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है और प्रशासन पूरी तत्परता से जुटा हुआ है। ऐसे समय में प्रखर कश्यप जैसे युवा जनप्रतिनिधियों की भूमिका समाज के लिए प्रेरणा का कार्य कर रही है।

# मेयर किरण जैसल ने सफाईकर्मियों को बांधी राखी



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने सफाईकर्मियों को राखी बांधी और रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। बृहष्पतिवार को मेयर किरण जैसल ने भाजपा नेत्रियों के साथ चंद्राचार्य चौक पर सफाईकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी और उनके सुखी जीवन की कामना की। सभी का मिठाई खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मेयर किरण जैसल ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट बंधन को दर्शाने वाला पर्व है। इस पर्व पर बहनें भाईयों की कलाई पर राखी बाधंकर उनके सुखी और समृद्ध जीवन तथा दीघार्यू की कामना करती हैं। उन्होंने कहा कि शहर को साफ स्वच्छ बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों को समाज में उचित सम्मान मिलना चाहिए। भजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रंजना चतुर्वेदी ने भी सफाईकर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनके परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रीति गुप्ता, नीति शर्मा, सविता यादव, चंद्र निषाद, सोनिया, सेनेटरी इंस्पेक्टर संजय, प्रदीप त्यागी, पर्यावरण पर्यवेक्षक लवकेश, सुदर्शन, योगेश कुमार, दीपक कुमार, पीयूष, सतीश कुमार, नितिन, रोहिताश, अनिल, सोनू, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

## सीएम 13 संस्कृत ग्रामों का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रदेश सरकार द्वारा संस्कृत भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए उत्तराखंड के 13 जनपदों में 13 संस्कृत ग्राम घोषित किए गए हैं। इन संस्कृत ग्रामों का वर्चुअल शुभारं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 10 अगस्त को प्रातः 11 बजे करेंगे। यह कार्यक्रम जनपद देहरादून के भोगपुर, विकासखंड डोईवाला से वर्चुअल माध्यम से संपन्न होगा। जनपद हरिद्वार में यह कार्यक्रम विकासखंड बहादराबाद के नूरपुर पंजनहेड़ी गांव में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामवासी वर्चुअल माध्यम से इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। कार्यक्रम की सफल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित ने नोडल अधिकारियों एवं नियुक्त कर्मियों को सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ कहा कि कार्यक्रम की गरिमा और उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुसंगत एवं सुव्यवस्थित हों।

# धराली उत्तरकाशी में आई आपदा में मरने वालों के लिए छात्रों ने दो मिनट का रखा मौन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव बहादुरपुर जट्ट में शोक सभा का आयोजन कर उत्तराखंड के धराली, उत्तरकाशी में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज में 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गुरुवार को गांव बहादरपुर जट के आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज में उत्तरकाशी के धराली में आपदा में मारे गए लोगो की आत्मा की शांति के लिए छात्र छात्राओं ने दो मिनट मौन रखा इस दौरान प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि धराली, उत्तरकाशी में आई दैवीय आपदा बहुत ही कष्टदाई है। जिसमें अनेकों लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। और हजारों लोग बेघर हो



गए हैं। इस आपदा से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। विद्यालय परिवार उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता है। और उनके परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना करता है। उन्होंने बचाव कार्य में लगे सैनिकों और स्थानीय निवासियों की भी सराहना की उन्होंने कहा कि प्रशासन, सैनिकों और स्थानीय लोगों की तत्परता से कई जानों को बचाया जा चुका है। शोक सभा में विकास यादव, अरुणा यादव, शाहिद अली, सुरेंद्र सिंह, सुदेश चौहान, सुभाष चौहान, अमित कुमार, सतीश शास्त्री, छवि सैनी आदि उपस्थित रहे।

## दर्जा राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया तीन माह का मानेदय

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर विधायक आदेश चौहान के बाद पारिस्थितिकीय पर्यटक सलाहाकार परिषद के उपाध्यक्ष दर्जा राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने अपना तीन माह का मानदेय मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का फैसला किया है। ओमप्रकाश जदमदग्नि ने इस संबंध में मुख्य वन संरक्षक को पत्र लिखकर अपने फैसले से अवगत कराया है। पत्र में ओमप्रकाश जमदग्नि ने कहा कि उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र एवं पाबौ और पौड़ी जिले के थलीसैण में आयी प्राकृतिक आपदा से जानमाल की अत्यधिक छति हुई है। यह घटना अत्यन्त पीडा दायक दुःखद और व्यथित करने वाली है। इसलिए उनका तीन माह का मानदेय आपदाग्रस्त क्षेत्रो में राहत एवं बचाव कार्यों हेतु मुख्यमन्त्री राहत कोष मे प्रदान दे दिया जाए।

# हिंदी पत्रकारिता द्विशताब्दी समारोह 11 को

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पत्रकारों की सम्मानित संस्था प्रेस क्लब हरिद्वार के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता द्विशताब्दी समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस कड़ी में वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 11 अगस्त को प्रेस क्लब हरिद्वार के सभागार में प्रथम व्याख्यान का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियां को लेकर गुरुवार को प्रेस क्लब के सभागार में बैठक बुलाई गई। बैठक के दौरान संयोजक शिवा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जूनापीठाधीश्वर आचार्य म.मं. स्वामी अवधेशानंद गिरि करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी एवं मुख्य वक्ता विजयदत्त श्रीधर, संस्थापक माधवराव स्प्रे संग्रहालय, भोपाल शामिल रहेंगे। बैठक में मुख्य संयोजक सुनील दत्त पाण्डेय, संयोजक गुलशन नैय्यर, डा. शिवा अग्रवाल अध्यक्ष, अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, महासचिव दीपक मिश्रा,




काशीराम सैनी, डा. रजनीकांत शुक्ला, संजय आर्य, नरेश दिवान शैली, संदीप रावत, डॉ मनोज सोही, बालकृष्ण शास्त्री, प्रतिभा वर्मा, ठाकुर शैलेन्द्र सिंह, आशीष मिश्रा, संजय रावल, एम.एस.नवाज, श्रवण झा, मनोज खन्ना, विकास झा, बिट्टू पालीवाल, अमित गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लॉ कॉलेज के छात्रों ने लगाया विधिक जागरूकता शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर स्थित पंडित पूर्णानंद तिवारी लॉ कॉलेज के एल.एल.बी. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवार को ग्राम अन्नकी स्थित अम्बेडकर पार्क में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से छात्रों ने ग्रामवासियों को मोटर वाहन अधिनियम, दहेज हत्या, साइबर अपराध, उपभोक्ता अधिकार, घरेलू हिंसा, सोशल मीडिया कानून, पोक्सो कानून, श्रम कानून, आत्मरक्षा और लीगल एड जैसे विभिन्न विधिक विषयों पर जानकारी प्रदान की। इस जागरूकता अभियान में शशिकांत, अंजली, जॉर्ज, प्रभांस मिश्रा, रोहन, सिद्धार्थ, अजय सर्वश्व, भारती, शिल्पा, इरम, जाह्नवी, खुशबू, प्रियंका, नैंसी, सबरीन, इंदू, सानिया, सलोनी, अभिजीत, पूजा, निशा, शशि देवी, शाहिद, देवांग, अभिषेक, सितू, सादिक, सिमरन, महेश, सोनम, तनीषा, दीपक, कमल, आकाश, अनमोल, अजय, शिवांगले, नंदकिशोर, नीरू, विक्की, सीमा, कार्तिक, अभय, नेहा, अनुज, सचिन, अनस, प्रवेश आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मंच का संचालन नेहा ठाकुर ने किया। शिविर में ग्राम प्रधान पंकज चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य अशोक कुमार तिवारी, प्रबंधक कमल शर्मा, निदेशक शिवम शर्मा, नेहा शर्मा, शैलजा शर्मा एवं शिक्षकगण शीतल चौहान, नीलू, दिव्यांश भी मौजूद रहे। प्राचार्य अशोक कुमार तिवारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, "आज के युग में प्रत्येक व्यक्ति को अपने विधिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है।" वहीं प्रबंधक कमल शर्मा और निदेशक शिवम शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को कानून की मूलभूत जानकारी मिलती है, जिससे वे किसी भी संकट या अन्याय के समय अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं। शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विधिक जागरूकता शिविरों के जरिए समाज को कानून के प्रति सजग बनाया जा सकता है और हर नागरिक को यह जानने का अवसर मिलता है कि वह किस परिस्थिति में किस कानूनी सहारे का लाभ उठा सकता है। यह विधिक जागरूकता शिविर न केवल कानूनी जानकारी का स्रोत बना, बल्कि छात्रों के लिए व्यावहारिक अनुभव का भी अवसर रहा।

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाः शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई गणित, गृहविज्ञान की परीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा जनपद हरिद्वार में शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न हुई। इस दौरान दो विषयों गणित (कोड 231) और गृहविज्ञान (केवल बालिकाओं के लिए, कोड 232) ख्र की परीक्षा आयोजित की गई।गणित विषय में कुल 578 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 531 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 47 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।वहीं गृहविज्ञान की परीक्षा केवल बालिकाओं के लिए थी, जिसमें कुल 18 छात्राओं ने पंजीकरण कराया और सभी छात्राएं परीक्षा में उपस्थित रहीं। इस विषय में अनुपस्थिति शून्य रही, जो उत्साहजनक है। सभी परीक्षा केंद्रों में निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। किसी भी परीक्षा केंद्र पर नकल अथवा अनुशासनहीनता की कोई घटना सामने नहीं आई। परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुई। कंट्रोल रूम प्रभारी द्वारा समस्त गतिविधियों की निगरानी की गई और परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित किया गया। परीक्षा नियामक प्राधिकरण ने सभी परीक्षार्थियों, केंद्र व्यवस्थापकों और सहयोगी कर्मचारियों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरा बड़ा पुत्र अरविन्द व पुत्रवधु रीना देवी व दूसरा पुत्र धर्मेंन्द्र व पुत्रवधु कीर्ति मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है। जिसके चलते अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन सभी के किसी भी कृत्य व लेने-देने की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। श्रीमती राजकुमारी पत्नी गरीब पासवान, निवासी लक्कड़ बस्ती, चण्डीघाट, हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# पैदल यात्रा मार्ग पर गौरीकुंड के निकट पहाड़ी से बरस रही मौत

**■ गुरुवार व शुक्रवार को केदारनाथ यात्रा स्थगित**
**मदमहेश्वर धाम की यात्रा पर भी लगा ब्रेक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** दो दिन लगातार आसमान से आफत बरसने के बाद गुरूवार को राहत मिली। गुरूवार दिन भर रुद्रप्रयाग जनपद में अच्छी धूप खिली रही। केदारनाथ धाम में भी मौसम साफ रहा। वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन की ओर से दो दिनों के लिये केदारनाथ धाम व द्वितीय केदार मदमहेश्वर धाम की यात्रा को रोका गया है। जो यात्री धाम व रास्ते पर फंसे थे, उन्हे रेस्क्यू करके सोनप्रयाग पहुंचाया गया।



वहीं दूसरी ओर जो यात्री सोनप्रयाग में एक-दो दिन से यात्रा खुलने का इंतजार कर रहे थे, वह यात्रा बंद होने के बावजूद जबरन केदारनाथ धाम की ओर गये।

उत्तराखंड में लगातार मौसम बिगड़ रहा है। लगातार बिगड़ रहे मौसम के कारण अनेक प्रकार की आपदाएं आ रही हैं। बिगड़ते मौसम के कारण चार धाम यात्रा भी बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। जिस कारण चार धाम यात्रियों के अलावा स्थानीय जनता को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम के बिगड़ते हालातों को देखते हुये यात्रा को स्थगित भी करना पड़ रहा है। दो दिनों तक लगातार हुई बारिश के कारण रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने गुरूवार और शुक्रवार के लिये केदारनाथ यात्रा को स्थगित कर दिया। इस बीच जबरन कुछ यात्री केदारनाथ धाम भेजे गये और जो यात्री धाम से नीचे लौटे, उनको सुरक्षित तरीके से सोनप्रयाग पहुंचाया गया। केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग की सबसे बुरी स्थिति गौरीकुंड के निकट बन गयी है। यहां पर पहाड़ी से लगातार बोल्डर व मलबा गिर रहा है। जिस कारण यहां पर दुर्घटना का अधिक खतरा पैदा हो गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पहाड़ी से बोल्डर गिर रहे हैं तो नीचे से उफान पर आई मंदाकिनी नदी बह रही है। ऐसे में यदि कोई बोल्डर की चपेट में आकर खाई में गिरता है तो उसका बच पापा संभव नहीं है। इसके अलावा बरसाती मौसम में केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग अन्य कई स्थानों पर भी डेंजर बन गया है। इधर, केदारनाथ यात्रा के साथ ही मदमहेश्वर धाम की यात्रा को भी दो दिनों के लिये स्थगित किया गया है। मदमहेश्वर पैदल यात्रा मार्ग पर मोरखंडा नदी में आवाजाही के लिये बनाया गया लकड़ी का अस्थाई पुल भी आपदा की भेंट चढ़ गया है। जिस कारण यहां पर ट्राली से आवाजाही हो रही है। हालांकि नदी के बढ़ते कटाव के कारण ट्राली के आधार स्तम्भों को भी खतरा पैदा हो गया है।

# गुंडा अधिनियम के तहत 1 आदतन अपराधी को पुलिस ने किया तड़ीपार

**■ डीएम द्वारा आरोपी को 6 माह को जिला बदर करने के दिए थे आदेश पुलिस द्वारा आरोपी को डाकपत्थर बैराज के निकट खोदरी बॉर्डर हिमाचल प्रदेश पर ले जाकर किया जनपद की सीमा से बाहर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कोतवाली विक.ासनगर द्वारा 1 आरोपी को गुण्डा एक्ट के तहत जिला बदर किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी को डाकपत्थर बैराज के निकट खोदरी बॉर्डर हिमाचल प्रदेश पर ले जाकर जनपद की सीमा से किया बाहर।



कोतवाली विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत आरोपी आदित्य त्यागी एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध लूट, चोरी तथा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी से सम्बन्धित अभियोग पंजीकृत हैं। उक्त आरोपी को जिला बदर करने हेतु उसके विरूद्व धारा 3(1) गुण्डा अधिनियम के तहत रिपोर्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट देहरादून को प्रेषित की गयी थी तथा उक्त रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट देहरादून द्वारा आरोपी को 6 माह के लिए जिला बदर किये जाने सम्बन्धित आदेश निर्गत किये गये।

प्राप्त आदेश के अनुपालन में आज गुरूवार को पुलिस द्वारा आरोपी आदित्य त्यागी को जनपद की सीमा डाकपत्थर बैराज से बाहर थाना क्षेत्र खोदरी बार्डर हिमाचल प्रदेश में छोड़ा गया तथा 6 माह की अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश न करने की सख्त हिदायत दी गयी। उक्त कार्यवाई के संबंध में हिमाचल प्रदेश पुलिस को आरोपी के आपराधिक इतिहास एवं जिला बदर किए जाने के विषय में अवगत कराया गया।

# धराली की चीखें सरकार को सुनाई नहीं दे रहीं: माहरा

**■ सरकार के हेलीकॉप्टर ऊपर से उड़कर चले गए जमीन पर लोगों की साँसें रुकी हुई हैं**
**भटवाड़ी से ऊपर की सड़क अब कोई सड़क नहीं रही**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली जाने के लिये पैदल ही चल दिये है। माहरा ने रास्ते के हालात का एक वीडियों जारी किया है, साथ ही माहरा ने राज्य सरकार पर कई आरा.ेप भी लगाए है। माहरा ने कहा कि भटवाड़ी के पास सड़क टूटी पड़ी है, धराली में तबाही के 45 घंटे बीत चुके हैं, मगर अब तक न तो मेडिकल टीम पहुंची, न ही राहत सामग्री।



उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से हवाई फोटोज खिंचवाने जरूर आ जाते हैं, मगर जब बात राहत पहुंचाने की आती है तो वही हेलीकॉप्टर 'उपलब्ध नहीं' होता। यह आपदा नहीं, ये सरकार की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। कहा कि भटवाड़ी से ऊपर की सड़क अब कोई सड़क नहीं रही, कहीं मलबे में दबी हुई, कहीं पहाड़ के साथ बह गई।

लेकिन जो रास्ता हौसलों से निकलता है, उसे कोई भूस्खलन नहीं रोक सकता। मैं धराली के उन परिवारों की ओर बढ़ रहा हूँ जो आपदा पीड़ित हैं, जिन्होंने अपनों को खोया है, जिनकी आंखों में अब भी मदद की उम्मीद बाकी है। यह वक्त चुनाव का नहीं, गणना का नहीं, यह वक्त इंसानियत की सबसे सच्ची परीक्षा का है। कहा कि, मैं कांग्रेस का कार्यकर्ता हूँ और कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, हर उस जगह की आवाज है जहाँ दर्द है, जहाँ आँसू हैं, जहाँ कोई उम्मीद से देखता है कि शायद कोई आए। सरकार के हेलीकॉप्टर ऊपर से उड़कर चले गए,लेकिन जमीन पर लोगों की साँसें रुकी हुई हैं। धराली, हम तुम्हारे साथ हैं।

# आश्रम पद्धति विद्यालय की छात्रा बिना बताए गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** आश्रम पद्धति विद्यालय लागापोखरी में अध्ययनरत एक बालिका बुधवार को हॉस्टल से बिना किसी को बताए अचानक गायब हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही परिजन और पुलिस उसकी तलाश में जुट गए।

राहत की बात यह रही कि देर रात वह बालिका अपने ही गांव में सकुशल मिल गई।चकराता थाना अध्यक्ष चंद्रशेखर नौटियाल ने बताया कि भंगार गांव निवासी हिनारू ने थाने में तहरीर दी थी कि उसकी बेटी पूजा (काल्पनिक नाम), जो एटीएस लागापोखरी में पढ़ती है, बुधवार को विद्यालय से बिना बताए कहीं चली गई है। न तो वह घर पहुंची थी और न ही विद्यालय में थी। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की और विभिन्न स्थानों पर छात्रा की तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

थानाध्यक्ष के अनुसार, देर रात परिजनों का फोन आया कि बालि.का गांव में ही मिल गई है। पूछताछ में पता चला कि छात्रा की तबीयत कुछ खराब थी।

जिस कारण वह स्कूल से सीधे गांव चली गई थी। हालांकि विद्यालय को बिना सूचना दिए आने के कारण वह परिजनों से डर गई और गांव में ही स्थित एक खाली मकान में जाकर छिप गई। बाद में परिजनों ने उसे ढूंढ निकाला और पुलिस को उसकी सकुशल मिलने की सूचना दी। छात्रा फिलहाल अपने परिवार के पास सुरक्षित है।

## एक नजर .......

### राशन कार्डों का डोर टू डोर सत्यापन शुरू

**रुद्रप्रयाग।** ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, अन्त्योदय प्राथमिक परिवारद्ध और राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत जारी सभी राशन कार्ड यूनिटों का डोर टू डोर सर्वेक्षण एवं सत्यापन कार्य प्रारंभ हो गया। गठित सत्यापन टीमों की ओर से घर-घर जाकर किया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत परिवार की मासिक आय 15,000 रुपये से कम और राज्य खाद्य योजना के तहत वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम होने पर ही योजना का लाभ लिया जा सकता है। निर्धारित सीमा से अधिक आय वाले परिवार योजना के अंतर्गत अपात्र माने जाएंगे। जिन परिवारों की वर्तमान आर्थिक स्थिति सुधर चुकी है और वे अब पात्रता की सीमा में नहीं आते वे स्वेच्छा से अपना राशन कार्ड सत्यापन टीम पूर्ति निरीक्षक ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, विकासखंड कार्यालय व जिला पूर्ति कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन के दौरान यदि कोई राशन कार्ड धारक अपात्र पाया जाता है तो उसके विरुद्ध राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 और आवश्यक वस्तु अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वितरित खाद्यान्न की वसूली बाजार दर पर की जाएगी। यह अभियान पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और अपात्रों की पहचान के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। सभी नागरिकों से ईमानदारी पूर्वक सहयोग की अपेक्षा की जाती है ताकि जनहितकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंचे।

### परचून की दुकान में लगी आग, सारा सामान जलकर हुआ खाक



**कालसी।** कालसी तहसील के कोटी क्षेत्र में आज सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब स्थानीय व्यापारी संतराम चौहान की परचून की दुकान में अचानक आग लग गई। घटना सुबह के समय की बताई जा रही है, जब दुकान खुली ही थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया।घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। उनकी तत्परता और सूझबूझ से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकान की संपत्ति को काफी नुकसान पहुँचा है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने की वजह गैस सिलेंडर से गैस लीक होना बताया जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि फायर विभाग की रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और स्थानीय प्रशासन से पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग की जा रही है

### अवरुद्ध 359 में से 243 सड़कें खुली

**सड़कों की कनेक्टिविटी बहाली के लिए युद्धस्तर पर जारी है काम: महाराज**

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि भारी बरसात से प्रदेश में कई जगहों पर भूस्खलन होने की वजह से सड़कें क्षतिग्रस्त होने से मार्ग अवरुद्ध हो गये हैं। लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे बीआरओ एवं पीएमजीएसवाई के अधिकारी एवं कर्मचारी रात दिन विभिन्न मशीनों की मदद से इन सड़कों को खोलने में जुटे हैं। महाराज ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क मार्ग, संचार नेटवर्क और अन्य कनेक्टिविटी जल्दी बहाल करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद उत्तरकाशी के हर्षिल एवं धराली में आई आपदा से मातली से हर्षिल के बीच शटल सेवा प्रारंभ कर दी गई है। सरकार की और से रेस्क्यू का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में गुरुवार तक लोक निर्माण विभाग के कुल 359 मार्ग अवरूद्ध थे जिनमें से 243 मार्गो को यातायात के लिए खोल दिया गया है। जबकि शेष 116 अवरूद्ध मार्गों को खोलने काम युद्धस्तर पर जारी है। अवरुद्ध मार्गों में 1 राष्ट्रीय राजमार्ग, 11 राज्य मार्ग, 9 मुख्य जिला मार्ग, 2 अन्य जिला मार्ग व 93 ग्रामीण मार्ग शामिल हैं।

# वारी एनर्जीज ने ऋषिकेश में नई फ्रेंचाइजी खोली

**ऋषिकेश।** वारी एनर्जीज लिमिटेड ने अपने विकास के सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने उत्तराखंड के गुमानीवाला, ऋषिकेश में अपनी नई फ्रेंचाइजी शोरूम ट्रिक्सन एनर्जीसॉल्यूशंस का भव्य उद्घाटन किया। यह कदम वारी के उस दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुबर्धन शाह (सेवानिवृत्त आईएएस) उपस्थित रहे। अपने संबोधन में शाह ने सतत भविष्य के निर्माण में नवीकरणीय ऊर्जा की अहम भूमिका को रेखांकित किया और इस क्षेत्र में वारी की जमीनी स्तर पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की कोशिशों की सराहना की। इस अवसर पर वारी एनर्जीज के वरिष्ठ प्रतिनिधि संजय शर्मा, हर्ष शर्मा प्रियंका आदि मौजूद रहे।

# प्रदूषणकारी उद्योग लगाने वालों के वारे न्यारे: कांग्रेस

**■ दून घाटी में केदारनाथ व धराली जैसी आपदाओं को न्योता दे रही सरकार: धस्माना,धस्माना की गुहार पर एनजीटी ने केंद्र, केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड व सीएस को किया तलब,अब उत्तराखंड में रेड व ऑरेंज श्रेणी के उद्योगों के लिए केंद्र का हस्तक्षेप खत्म**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर केंद्रीय सरकार की और सवे 1989 दो



फरवरी को जारी किए गए दून वाले नोटिफिकेशन 1989 को बड़ी चालाकी से उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने गलत तथ्य व अधूरी जानकारी देते हुए केंद्र सरकार ने संशोधित करवा नया नोटिफिकेशन 13 मई 2025 को जारी करवा लिया जिसमें रेड ऑरेंज श्रेणी के उद्योगों की स्थापना के लिए अब केंद्र सरकार की सहमति या अनापत्ति की जरूरत नहीं पड़ेगी और इस पर राज्य की सरकार ही निर्णय कर सकेगी। इस नोटिफिकेशन के खिलाफ देवभूमि मानव संसाधन विकास समिति एवं ट्रस्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में रिट दाखिल कर चुनौती दी और इसे देहरादून के लिए विनाशकारी बताया। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में देवभूमि मानव संसाधन विकास समिति एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि देहरादून की जल वायु, यहां की नैसर्गिक सुंद.रता, यहां की नदियों, नालों खालों व बचे कुचे वन क्षेत्र, जल स्रोतों, खेती की बची हुई जमीन बचाने के लिए यह रिट डाली गई जिसे ना केवल एनजीटी ने स्वीकार किया बल्कि उस पर आदेश करते हुए केंद्र सरकार के पर्यावरण वन एवं मौसम विभाग व मंत्रालय को, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व मुख्य सचिव को आगामी 19 सितंबर को जवाब देने के लिए तलब करने के नोटिस जारी किए हैं। धस्माना ने कहा कि राज्य की सरकार अपने मित्र उद्योगपतियों के ऐसे उद्योग जो रेड व ऑरेंज श्रेणी में आते हैं 1989 के दून वैली नोटिफिकेशन के कारण नहीं लगवा पा रही इसलिए ना रहेगा बांस ना बजेगी बांसुरी की कहावत को चित्रार्थ करते हुए उक्त नोटिफिकेशन को ही केंद्र सरकार के समक्ष गलत व भ्रामक तथ्य रख कर खत्म करवाते हुए नया नोटिफिकेशन 13 मई 2025 को जारी करवा दिया जिसमें अब रेड व ऑरेंज श्रेण के उद्योगों को स्थापित करवाने के लिए केंद्र सरकार की कोई अनापत्ति या सहमति की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। धस्माना ने कहा कि एनजीटी के के साथ साथ हम इसे राजनैतिक व सामाजिक लड़ाई भी बनाएंगे क्योंकि यह हम सभी के व हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य व अस्तित्व से जुड़ा मामला है।

प्रेस कांफ्रेंस में धस्माना के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा के मीडिया सलाहकार सरदार अमरजीत सिंह, श्रम विभाग के अध्यक्ष दिनेश कौशल, प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवाण, अधिवक्ता वेदांत बिजलवान व अधिवक्ता अभिषेक दरमोड़ा उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड में कहर के मुहाने पर दर्जनों शहर

**■ नदियों से छेड़छाड़ का अंजाम तो नही यह आपदाएं**
**नदियों से खिलवाड़, अब कीमत चुका रहे पहाड़**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के उत्तरक.ाशी जनपद के धराली की भयावह त्रासदी ने उत्तराखंड को एक बार फिर झकझोर दिया है। उत्तरकाशी जिले के इस शांत और सुंदर नगर में खीरगंगा नदी के रौद्र रूप ने जो कहर बरपाया, उसने न सिर्फ दर्जनों जिंदगियां लील लीं, बल्कि एक बड़ी चेतावनी भी दी, नदियों से छेड़छाड़ अब भारी पड़ने लगी है। धराली की तरह उत्तराखंड के कई शहर और कस्बे हैं जो नदियों के किनारों पर इतने करीब आ चुके हैं कि अब एक तेज बारिश या बादल फटने से पूरा अस्तित्व मिट सकता है।

धराली का बाजार खीरगंगा के बिल्कुल तट पर बसा है। जलस्तर थोड़ा सा भी बढ़ता है, तो नदी दुक.ानें और घरों को छूकर बहती है। इस बार जलस्तर ने नहीं, नदी ने खुद ही रेखा पार कर दी, नतीजा: भीषण तबाही।

नदियों को आपने बांधों, पुलों, सड़कों और मकानों से जकड़ दिया, तो वे कब तक चुप रहतीं?

जैसे ही जलस्तर बढ़ता है, नदियां फिर अपनी प्राकृतिक सीमा तलाशने निकलती हैं, और जो कुछ बीच में आता है, वह तबाह हो जाता है। कुछ जगहों पर प्रशासन ने डेंजर जोन के बोर्ड लगाए हैं, लेकिन क्या इतने से आपदा टल जाएगी?नदियों से कम से कम 100 मीटर दूर तक निर्माण न हो, इस पर गंभीरता से अमल करना होगा। राज्य में एक सख्त रिवर सेफ्टी जोन एक्ट की जरूरत है जो नदियों के किनारे की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

## कितने 'धराली' और हैं उत्तराखंड में?

उत्तराखंड में एक धराली नहीं, बल्कि दर्जनों धराली जैसे शहर हैं, जो नदियों और गाड़-गदेरों के किनारों पर धड़ल्ले से फैलते जा रहे हैं।
भागीरथी के किनारे:-उत्तरकाशी, चन्यालीसौड़, धरासू, देवप्रयाग। अलकनंदा के तट पर:-बदरीनाथ, चमोली, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, श्रीनगर।
गंगा के घाट पर:-ऋषिकेश और हरिद्वार। मंदाकिनी के साथ:-केदारनाथ, गौरीकुंड, रामवाड़ा, गुप्तकाशी, रुद्रप्रयाग।
रामगंगा के पास:-धुनारघाट, चौखुटिया, मासी, भिकियासैंण। **गौला के किनारे:-काठगोदाम, हल्द्वानी, किच्छा।**कोसी के साथ:-धानाचूली, गरमपानी, बेतालघाट, रामनगर। सरयू और गोरी के किनारे:-बागेश्वर, कपकोट, सेराघाट, पंचेश्वर। काली नदी:-धारचूला, जौलजीवी, बलुआकोट। यमुना के तट पर:-डाकपत्थर, विकासनगर, हरिपुर। देवभूमि में 'निर्माण अतिक्रमण' की दौड़ उत्तराखंड में नदी तटों को प्राकृतिक संसाधन की बजाय संपत्ति मान लिया गया है। जहां पहले लोग नदी के पास जाने से भी डरते थे, अब वहां रिसॉर्ट, होटल, घर, दुकानें और पार्किंग बना दी गई हैं। बिना सोच-समझ के किये गए निर्माणों ने नदियों के नैसर्गिक मार्ग को संकुचित कर दिया है। खनन और निर्माण, आपदा को न्यौता अलकनंदा, मंदाकिनी, कोसी और गौला जैसी नदियों में लगातार खनन और बेतरतीब निर्माण से तटों की पकड़ कमजोर हो गई है। कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, भिकियासैंण, गरमपानी जैसे क्षेत्र अब हर बारिश में खतरे की जद में आ जाते हैं। राज्य में एक सख्त रिवर सेफ्टी जोन एक्ट की जरूरत

# अनुसूचित जाति के बच्चों एवं सर्वागीण विकास को संचालित योजनाओं पर मंथन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने अनुसूचित जाति आयोग के साथ अनुसूचित जाति के बच्चों एंव सर्वागीण विकास के लिए संचालित योजनाओं समीक्षा की एंव भविष्य की रूपरेखा सम्बन्धी समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सबसे पहले समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति सम्बन्धित योजनाओं को दोनों आयोगों के समक्ष रखा गया, जिसमें सर्वप्रथम आश्रम पद्धति विद्यालय के बारे में बताया कि प्रदेश में 06 आश्रम पदृति विद्यालय, जिनमें कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के लगभग 60 छात्र रहते हैं। उसमें एक



आश्रम पद्धति विद्यालय जो मक्खनपुर हरिद्वार में है, वहां कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के बच्चों को भी भर्ती किया जाता है। उन्होनें यह भी बताया कि आश्रम पद्धति विद्यालय में जो भोजन की व्यवस्था है, उसमें रू 150/- प्रति बच्चा के अनुसार भुगतान किया जाता है, जिस पर आयोग द्वारा नियमित रूप से भोजन की गुणवत्ता की जांच, टेण्डर प्रक्रिया में कोताही न बरती जाने तथा बच्चों को पौष्टिक एंव गुणवत्ता वाला भोजन दिये जाने के लिए निर्देशित किया । यह भी अवगत कराया गया कि आश्रम पद्धति विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस चलाई जा रही है तथा प्रत्येक विद्यालय में दो-दो अध्यापक नियुक्त किये गये है। आयोग द्वारा राज्य के समस्त आश्रम पद्धति विद्यालयों का विवरण एंव शिक्षकों के मानक, शैक्षिक योग्यता का विवरण एवं प्रचार प्रसार के लिए की जाने वाली कार्यवाही उपलब्ध कराने के निर्देश किये गये।अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने विभागों से आपस में समन्वय स्थापित करते हुये बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये मिलकर प्रयास करने व योजनाओं को धरातल पर उतारने को कहा । भविष्य में भी इस प्रकार की बैठकों को किये जाने पर जोर दिया, जिससे संचालित योजनाओं का सत प्रतिशत लाभ अनुसूचित जाति के बच्चों को मिल सके।

बैठक में मुकेश कुमार अध्यक्ष, कविता टम्टा सचिव, अनुसूचित जाति आयोग, गोवरधन सिंह, सचिव, पिछड़ा वर्ग आयोग/जिला समाज कल्याण अधिकारी, समाज कल्याण, आकाश दीप, सुपरीटेंडेंट, समाज कल्याण विभाग, मनोज कापड़ी, प्रान्तीय जिला युवा कल्याण अधिकारी, रविन्द्र भण्डारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, तरूणा चमोली, बाल विकास परियोजना अधिकारी, मोहित चौधरी, राज्य परियोजना अधिकारी, महिला एंव बाल विकास विभाग उपस्थित रहे। आयोग की ओर से डा शिव कुमार बरनवाल, सचिव व डा सतीश कुमार सिंह, अनुसचिव उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच भाषण, निबंध, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

भाषण प्रतियोगिता में हिमानी प्रथम, सुमन द्वितीय एवं प्रियंका तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में दिया प्रथम, रिया द्वितीय तथा सोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर-स्लोगन प्रतियोगिता में बेबो प्रथम, खुशी द्वितीय व नेहा तृतीय



स्थान पर रही। सभी विजेता छात्राओं को समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 120 छात्र-छात्राएं एवं समस्त स्टाफ ने भाग लेकर नशे के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी टीआर मलेठा ने उपस्थित विद्यार्थियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आशुतोष त्रिपाठी, डॉ रजनी डोबरियाल, सहायक समाज कल्याण अधिकारी धीरज बुटोला सहित अन्य मौजूद थे।

# अमित मौर्य के अंग ढूंढने में पुलिस चौथे दिन भी नाकाम

## सोमवार को गौलापार में मिली थी दस वर्षीय बालक की सिर व हाथ कटी लाश

- इंसाफ की मांग करने वाले परिवार पर लाठियां बरसाने वाली पुलिस की हो रही किरकिरी
- एसएसपी मीणा ने चौथे दिन किया घटनास्थल का निरीक्षण


अमित का फाइल फोटो


घटनास्थल का निरीक्षण करते एसएसपी पीएन मीणा।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चार दिन पहले महानगर से सटे गौलापार के पश्चिमी खेड़ा में हुई दस साल के बालक अमित मौर्या की निर्मम हत्या का खुलासा करने में पुलिस अभी तक नाकाम ही रही है। हिरासत में लिए गए लोगों से भी पुलिस कुछ भी उगलवाने में कामयाब नहीं रही। इतना ही नहीं पुलिस अभी तक न तो अमित का सिर तलाश पाई है और न ही उसकी हथेली। इंसाफ की मांग कर रहे अमित के परिजनों पर लाठियां भांजने वाली पुलिस से न सिर्फ परिजन नाराज़ हैं बल्कि लोगों का आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। वहीं देर से ही सही लेकिन एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने गुरुवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। बुधवार को घटना के खुलासे की मांग को लेकर अमित के परिजनों के साथ अन्य लोगों को काठगोदाम में प्रदर्शन किया था। पुलिस को स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए लाठीचार्ज तक करना पड़ा था। जिसने मित्र पुलिस की काफी किरकिरी कराई। गुरुवार को चौथे दिन भी पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर पाई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने स्वयं जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। सूत्रों के अनुसार एक ही परिवार के चार सदस्यों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस को आरोपियों के घर के पास एक खेत में खुदाई कर बालक का धड़ प्लास्टिक के कट्टे में गड्ढे में गड़ा मिला, लेकिन सिर और हाथ अब तक गायब हैं। हिरासत में लिए गए आरोपी बार-बार बयान बदल रहे हैं। सिर और हाथ की बरामदगी के लिए गुरुवार को डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीमें भी घटनास्थल पर पहुंचीं लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने कहा पुलिस की कई टीमें लगातार काम कर रही हैं। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ चल रही है। शव के गायब अंगों की बरामदगी के प्रयास जारी हैं, जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### इसलिए और गहराया तंत्र-मंत्र का शक

हल्द्वानी। जिस दिन अमित की निर्मम हत्या को अंजाम दिया गया और उसके अंग गायब किए गए उस दिन आरोपी पक्ष के घर में पूजा पाठ हो रही थी। यह कहना है कि अमित के पिता खूपकरन का। पिता के इस बयान से एक बात तो स्पष्ट है कि हो सकता है कि अमित को बलि के लिए मौत के घाट उतारा गया हो। परिजनों का आरोप है कि यह हत्या किसी तंत्र क्रिया के तहत की गई है। हालांकि पुलिस तंत्र मंत्र के इस सिरे को भी पकड़कर अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। हालांकि पुलिस अमित के अंग बरामद करने में नाकाम रही है।

## आरोपियों को चाय पिला रही है पुलिसः नारायण पाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ..तो क्या हिरासत में लिए गए लोगों की पुलिस खातिरदारी कर रही है। उन्हें चार पिलाई जा रही है और पीड़ित पक्ष को मारा पीटा जा रहा है। उनपर लाठियां बरसाई जा रही हैं। यह बात हम नहीं कह रहे। सितारगंज के पूर्व विधायक नारायण पाल गुरुवार को काठगोदाम थाने पहुंचे और उनके साथ अमित के परिजन भी थे। यहां पर नारायण पाल ने कहा कि अमित के परिजनों के साथ पुलिस ने अभद्रता की है और इन्हें पुलिस ने मारा पीटा भी है जबकि आरोपियों को चाय पिलाई जा रही है। नारायण पाल ने कहा कि पुलिस की नीति पूरी तरह से दोषपूर्ण है। कहा कि मासूम की दादी का कहना है कि उसका सिर और हाथ दिलवा दें, इससे ही समझा सकता है कि यह कितनी दुख भरी घटना है। पुलिस को भी इस दर्द को समझते हुए ही काम करना चाहिए। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि शुक्रवार को 10 बजे तक मामले का खुलासा कर देगी, अगर नहीं करेगी तो हम थाने में फिर आएंगे। उन्होंने व्यंग्य कसते हुए कहा कि इस घटना को लेकर काठगोदाम थाना प्रभारी की पदोन्नति होनी चाहिए। साथ ही कहा कि पुलिस इस मामले में अभी तक नाकाम रही है।

### रक्षाबंधन एवं श्रावणी उपाकर्म पर विशेष शुभ संयोग

**हल्द्वानी।** भाई-बहन के अटूट विश्वास, प्रेम और रक्षा का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त शनिवार को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। जबकि पूर्णिमा का व्रत 8 अगस्त को रखा जायेगा। इस बार रक्षाबंधन एवं श्रावणी उपाकर्म पर विशेष शुभ संयोगों का साथ रहेगा। विशेष बात यह है कि इस बार भद्रा का कुयोग नहीं है, इसलिए बहनें पूरे दिन राखी बांध सकेंगी। लेकिन श्रावणी उपाकर्म दोपहर 1 बजकर 25 तक स पन्न करने का श्रेष्ठ समय है। ज्योतिष अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि इस वर्ष रक्षाबंधन पर सर्वार्थसिद्ध, सौभाग्य, शोभन योग का संयोग बनने से राखी पर्व बहुत ही शुभ फल प्रदायक रहेगा। इसके अलावा आठ व नौ अगस्त को श्रवण नक्षत्र से युक्त पूर्णिमा महापुण्यदायिनी होगी। पूर्णिमा का मान पूरे दिन रहने से राखी पूरे दिन बांधी जा सकेगी। हालांकि पूर्णिमा नौ अगस्त को दोपहर 1 बजकर 47 मिनट तक रहेगी।

## रक्षाबंधनः रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा करेंगी बहनें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रक्षाबंधन के दिन शनिवार को बहनें रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा करेंगी। परिवहन निगम के महाप्रबंधक (संचालन) पवन मेहरा ने रोडवेज के सभी अधिकारियों को गुरुवार को आदेश जारी कर दिए हैं। पत्र में उन्होंने प्रदेश की महिलाओं का प्रदेश के अंदर व उत्तराखंड से उत्तराखंड जाने में यदि उत्तरप्रदेश का भू-भाग भी पड़ता है, उनको किराए में शत प्रतिशत की छूट देकर निशुल्क यात्रा का लाभ देने के आदेश दिए हैं। निशुल्क यात्रा के दौरान आने वाले व्ययभार की प्रतिपूर्ति शासन की ओर से की जाएगी। रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए सभी स्टेशन में रोडवेज की बसें पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने को कहा है। साथ ही आदेश जारी करते हुए महाप्रबंधक संचालन ने कहा कि परिचालक की ओर से बसों में सवार बहनों के राखी के दिन ई-टिकट मशीन से गंतव्य तक जाने का टिकट बनाया जाएगा। जिस पर धनराशि के स्थान पर शून्य अंकित किया जाएगा। रक्षाबंधन के दिन महिलाओं को निशुल्क सफर की सुविधा का विवरण डिपोज में अलग अलग पंजि. का तैयार करने के भी महाप्रबंधक ने निर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा निशुल्क यात्रा का आगणन तैयार कर इसे मंडलीय प्रबंधक संचालन के माध्यम से मु यालय में लेखा शाखा के ड्यूज अनुभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है जिससे कि उसकी प्रतिपूर्ति की मांग शासन को भेजी जा सके।

## सहायक महाप्रबंधक ने चार्ज संभाला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो में नए सहायक महाप्रबंधक गणेश पंत ने गुरूवार को अपना पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उत्तराँचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने उनका स्वागत किया और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। यूनियन के नेताओं ने इस अवसर पर महाप्रबंधक से निगम की उन्नति और कर्मचारियों के मुद्दों पर चर्चा की। यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने महाप्रबंधक से कुछ महत्वपूर्ण मामलों पर बातचीत की। इनमें दो वाल्वो बसे ऑनलाइन करने, डग्गामारी को रोकने, कर्मचारियों का बकाया वेतन और कर्मचारियों के बीच बेहतर आपसी मेलजोल के जरिए निगम की आय बढ़ाने जैसे मुद्दे शामिल थे। सहायक महाप्रबंधक गणेश पंत ने यूनियन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वे सभी मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देंगे और कर्मचारियों के साथ मिलकर निगम के हित में कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे काठगोदाम डिपो को और बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे और कर्मचारियों के साथ मिलकर विकास की दिशा में काम करेंगे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट, शाखा अध्यक्ष मनोज भट्ट, शाखा मंत्री शशिकांत गौतम, कैलाश कांडपाल, रेहान अली, जहांगीर खां आदि मौजूद रहे।

# निर्णय क्षमता को व्यवहार में लाने के टिप्स

## 5 यूके नेवल एनसीसी यूनिट के मेनू कैंप का चौथा दिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** 5 यूके नेवल एनसीसी यूनिट नैनीताल द्वारा संचालित सेलिंग अभियान (मेनू कैंप) के शनिवार को चतुर्थ दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और समर्पण के साथ संपन्न हुआ। कैडेट्स ने दिनभर में 35 किलोमीटर की नौकायन यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की दूसरी ओर अब तक शिविर की कुल नौकायन दूरी बढ़कर 123 किलोमीटर हो गई है। यह आंकड़ा कैडेट्स की निरंतर मेहनत तथा अनुशासन और टीम भावना का प्रमाण है। प्रशिक्षण सत्र में कैडेट्स ने सेलिंग के साथ-साथ सीमनशिप, बोट रिगिंग तथा बाढ़ जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त कैडेट्स के एक दल को ट्रैकिंग के लिए टिफिन टॉप भेजा गया जहां उन्होंने टीम वर्क और निर्णय क्षमता को व्यवहार में उतारने का अनुभव प्राप्त किया। पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देने हेतु पेड़ लगाओ-धरती बचाओ विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गयाए जिसे स्थानीय लोगों और पर्यटकों द्वारा सराहना मिली। नाटक के पश्चात सभी कैडेट्स द्वारा पौधरोपण भी किया गया जिससे शिविर के सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना और सशक्त हुई। कमान अधिकारी कैप्टन मृदुल शाह ने वीरवार की सभी गतिविधियों पर संतोष प्रकट करते हुए कहा किए प्रशिक्षण के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय सहभागिताए एक पूर्ण सैनिक और नागरिक की पहचान है। कैडेट्स ने आज इस संतुलन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। शिविर के सफल आयोजन में अनिल मनहास, विक्रांत सिंह, रवि कुमार, सतीश शर्मा तथा सनी कुमार ने सहयोग दिया।

### ट्रिपलिंग में पकड़ी स्कूटी सीज़

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में बिना डीएल ट्रिपलिंग करना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी है। तल्लीताल पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वीरवार को तल्लीताल क्षेत्र में स्कूटी संख्या यूके 04 एसी-2104 में तीन युवक बैठकर इधर उधर भगा रहे थे। तल्लीताल पुलिस चौकी के सामने कई बार स्कूटी में ट्रिपलिंग करने पर पुलिस ने स्कूटी को रोक लिया।

## जर्जर दुकानों की मरम्मत कराएगा नगर निगम

**हल्द्वानी।** गुरुवार को नगर निगम कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक मेयर गजराज बिष्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुल 19 प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई और उन्हें सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। इनमें नगर निगम के स्वामित्व वाली दुकानों के शिकमी और विरासतन नामांतरण से संबंधित प्रार्थना पत्रों पर विचार करते हुए प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए सुझाव पारित किए गए। इसके अलावा नगर निगम की पुरानी और जीर्ण-शीर्ण दुकानों की मरम्मत के लिए भी स्वीकृति दी गई, ताकि दुकानदारों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मेयर गजराज बिष्ट ने बताया कि पिछले छह महीने के कार्यकाल में शहरवासियों द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं, सुझावों और प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर इस बैठक में शामिल किया गया है। इन निर्णयों में पारदर्शिता और जनहित को केंद्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिन दुकानों में प्रथम तल तक सीढ़ी बनाने की पर्याप्त जगह है, वहां ऊपर की मंजिल पर दुकानों का आवंटन किया जाएगा। साथ ही, पुराने दुकानों की उपयोगिता की समीक्षा कर उनके युक्तिसंगत उपयोग की दिशा में भी निर्णय लिया गया।

# पहाड़ी शक्ति महिला समिति गठित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कमलुवागांजा स्थित कलश गार्डन में क्षेत्र की सशक्त एवं जागरूक महिलाओं की उपस्थिति में एक नई महिला समिति पहाड़ी शक्ति हल्द्वानी का गठन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस समिति की स्थापना तीलू रौतेली सम्मानित विद्या महतोलिया के संयोजन में की गई, जिसमें समाज और संस्कृति के हित में महिलाओं की भूमिका को सशक्त करने की दिशा में गंभीर चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य डा. छवि कांडपाल बोरा को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विद्या महतोलिया को अध्यक्ष, मीनू बिष्ट को उपाध्यक्ष, गंगा शाही महामंत्री, कमला परगाई को सचिव, प्रणिता बोरा को उपसचिव बनाया गया। इसके अलावा सुखविंदर कौर को संरक्षक, कमलेश शर्मा को उपसंरक्षक, मीना अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, भावना डांगी को मीडिया प्रभारी, मीनाक्षी पांडे को सांस्कृतिक प्रभारी, वैशाली लोबियाल को सहकोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान दीपा भड़, पूर्णिमा पांडे, श्रद्धा पाटनी, कमला बिष्ट, सीमा बोरा, पुष्पा लोहनी, तारा जोशी, दीपा डसीला, अंकिता डसीला प्रमुख रूप से शामिल रहीं। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTTHIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**NAME CHANGE**

My Son Abhiraj Rai, who is a class 4th student, has my wrong name Verander Kumar recorded in his school records. My correct name Mr. Verander Kumar Parcha should be recorded in my Son's records in future.

Mr. Verander Kumar Parcha
S/o Mr. Kuldeep Singh,
R/o- House No.53/38,
Bodygaurd, Canal Road,
Near Rajpur Road,
Dehradun, Uttarakhand.

**NAME CHANGE**

I, Juhi Saxena Wo Mr. Mukul Johari hereby declare that my name in the School records of my daughter Dakshita Johari is recorded as Kirti Johari which is incorrect. My correct name is Juhi Saxena. Kirti Johari and Juhi Saxena both names belongs to same person only. My correct name (Juhi Saxena) should be recorded in the School records of my daughter in place of Kirti Johari to avoid any confusion in future

**न्यायालय श्रीमान कुटुम्ब न्यायाधीश महोदय टिहरी गढवाल**

मूल वाद सं०-75 सन-2025
श्रीमती कविता
**बनाम**
गौतम

चूंकि उक्त वाद श्रीमती कविता पत्नी गौतम निवासी गली सं०-7 बाल्मिकी बस्ती ऋषिकेश जिला देहरादून हाल निवास बाल्मिकी बस्ती मोलधार नई टिहरी टिहरी गढवाल के द्वारा गौतम पुत्र स्व० महेश निवासी गली सं०-7 बाल्मिकी बस्ती ऋषिकेश जिला देहरादून के विरूद्ध विवाह विच्छेद करवाने व स्त्रीधन प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में पेश किया गया है जिसमें न्यायालय द्वारा सुनवाई की तिथि 10-09-2025 नियत की गई है।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि यदि आपको उक्त वाद में कोई आपत्ति पेश करनी हो तो आप उक्त नियत तिथि को सुबह 10 बजे इस न्यायालय में हाजिर आवे अन्यथा उक्त वाद में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी, सूचना समझे।

आज दिनांक 04 माह 08 सन-2025 को न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

आदेशानुसार
प्रबन्धक/रीडर
कुटुम्ब न्यायालय
टिहरी गढ़वाल

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय : 'उज्जवल' महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून-248006,
दूरभाष 0135-2763808, फैक्स नं0: 0135-2763508,
सी.आई.एन. सं0 - U40101UR2001SGC025866, वैबसाईट : www.ujvnl.com

प.सं. 553 **निविदा सूचना** दि0: 07.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0), छिबरो विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओ से निम्न कार्य हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता हैं।

**निविदा सं0: (1) सी0एच0(अनु0)-05/2025-26** छिबरो विद्युत गृह, यातायात एवं स्टोर के कार्यो हेतु वार्षिक अनुरक्षण का अनुबन्ध।

**निविदा सं0: (2) सी0एच0(अनु0)-06/2025-26** सेंटमैरी कॉन्वेंट स्कूल के लिए ड्राइवर एव कंडक्टर के साथ (42 सीटर), स्कूल बस उपलब्ध करवाने हेतु।

**निविदा सं0: (3) सी0एच0(अनु0)-07/2025-26** अधिशासी अभियन्ता (अनु0), छिबरो हेतु, चालक सहित वाहन उपलब्ध करवाने हेतु।

**निविदा सं0: (4) सी0एच0(अनु0)-08/2025-26** उपमहाप्रबन्धक डाकपत्थर के अर्न्तगत विभिन्न स्थलों हेतु 1 नग 7 सीटर वाहन उपलब्ध कराने हेतु।

**अनुमानित लागत: (1)** रू0 24,51,433/- **(2)** रू0 16,76,271/-
**(3)** रू0 4,70,000/- **(4)** रू0 4,70,000/-(जी.एस.टी.अतिरिक्त)

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:**-07.08.2025, 18:00 बजे
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:**-28.08.2025, 13:00 बजे

अन्य जानकारी हेतु कृपया वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोडकियेजासकतेहैं।

(अधि0अभि0, अनु0, छिबरो)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
TATA पंजीकृत कार्यालयः 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर पैरल, मुंबई-400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552

**कब्ज़ा नोटिस (अचल संपत्तियों के लिए)**
(सिक्योरिटी इंटरेस्ट इंफोर्समेंट नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार

**जबकि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा के प्रवर्तन के तहत, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी अधोहस्ताक्षरी है। ब्याज अधिनियम, 2002 और सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ताओं को नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए नीचे उल्लिखित एक मांग नोटिस उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर जारी किया।**

उधारकर्ता, राशि चुकाने में विफल रहने पर, एतद्द्वारा उधारकर्ता को, विशेष रूप से और आम जनता को, नोटिस दिया जाता है **कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 (4) उक्त अधिनियम के उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित।** उधारकर्ता, विशेष रूप से, और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे लेन-देन न करें, संपत्ति के साथ और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा, नीचे उल्लिखित राशि के साथ उस पर ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि नीचे उल्लिखित तारीख से। **सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।**

| ऋण खाता संख्या | दायित्व (ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी/ कानूनी प्रतिनिधि(ओं) का नाम | डिमांड नोटिस की राशि और तारीख | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| TCHHF0718000100006446, TCHHL0718000100005500 | श्री ईश्वर दयाल शर्मा (उधारकर्ता) और श्री विकास शर्मा (सह उधारकर्ता) और श्रीमति रीना शर्मा (सह-उधारकर्ता) | धनराशि रु. 10,23,631/- ऋण खाता संख्या TCHHF0718000100006446 और रु. 10,34,757/- ऋण खाता संख्या TCHHL0718000100005500 के तहत आपके द्वारा देय है यानी कुल रु. 20,58,388/- (रूपये बीस लाख अट्ठावन हज़ार तीन सौ अट्ठासी मात्र) 12 मई 2025 तक बकाया | 04-08-2025 |

**सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण गिरवी रखी गई संपत्तियां:** आवासीय प्लॉट के सभी टुकड़े और पार्सल (51'-10''X40'), क्षेत्रफल 2073 वर्ग फुट यानी 192.65 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 212(ए)मिन में शामिल **ग्राम भवन सिंह नायर, तहसील लालकुआँ, जिला नैनीताल (उत्तराखंड), बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाएँ के साथ सीमाएँ: पूर्व:** गंगा देवी की भूमि, **पश्चिम:** जीतू बिष्ट की भूमि, **उत्तर:** गंगा देवी की भूमि, **दक्षिण:** 14' चौड़ा रास्ता।

दिनांकः 08.08.2025 एसडी / - अधिकृत अधिकारी
स्थानः- नैनीताल, हल्दानी, उत्तराखण्ड टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वैबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 555 **निविदा सूचना** दिनांक 07.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, (जानपद), यूजेवीएनलिमिटेड, कालागढ़ इच्छुक निविदा दाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है।
निविदा संख्या :12/EE(Civil)/Kalagarh/Pauri Garhwal/2025-26
कार्य का नामः "हाईडिल कालौनी कालागढ़ के टाइप-II आवासों का वार्षिक अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य"
अनुमानित लागत : ₹ 24,78,370.05 (GST अतिरिक्त)।
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः 08.08.2025,17:00 बजे से।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 30.08.2025,15:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते हैं। अधिशासी अभियन्ता, (जानपद)

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय : "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248008,
दूरभाष संख्याः 0135- 22523225 फैक्स नं0: 0135-2761549
सी.आई.एन. सं0 - U40101UR2001SGC025866, वैबसाईट: Website: www.ujvnl.com

पत्रांक : 557 **ई-निविदा सूचना** दिनांक : 07.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय), उज्जवल, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः
**निविदा सं0 07/ अधि0 अभि0(मु0)/2025-26**
**कार्य/पूर्ति/सेवायें का नामः** यूजेवीएन लि0, मुख्यालय देहरादून हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से एक वर्ष की अवधि के लिए जनशक्ति सेवाए उपलब्ध कराने का कार्य।
**अनुमानित लागतः** रू0 27,79,031.00 मात्र (जी0एस0टी0 सहित)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 07.08.2025 (16.00 hrs)
**वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 28.08.2025 (16.00 hrs)
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **"http://uktenders.gov.in"** देखें।
अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय)

"बिजली के दुरूपयोग से बचे"

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (नगरीय), हरिद्वार
दूरभाषः 01334-221199 फैक्सः 221199

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी प्रतिष्ठित ठेकेदारों/फर्म से जिनके पास आयकर, जी0एस0टी0 एवं ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0 में पंजीकृत व उत्तराखण्ड शासन द्वारा विद्युत कार्यो हेतु निर्गत "A" श्रेणी लाइसेंस प्राप्त निविदादाताओं से मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रारूप पर दो भागों में (प्रथम भाग में नियम व शर्तें, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत प्रथम श्रेणी का लाइसेंस की प्रमाणित प्रतिलिपि, आयकर, जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0 पंजीकरण, पैन कार्ड की प्रतिलिपि आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जो की निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 06 माह के लिए वैध हों) दिनांक **23.08.2025** को अपरान्ह **1:00 बजे** तक आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन सांय 1:30 बजे अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र सम्बन्धित निविदा के सम्मुख अंकित धनराशि का भुगतान करके इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक **22.08.2025** को पूर्वाह्न **11:00 बजे** तक प्राप्त की जा सकती है। विस्तृत नियम व शर्ते निविदा प्रपत्रों में उपलब्ध है। यदि निविदा खुलने की तिथि में कोई अवकाश होता है तो निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अग्रिम धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित (रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा संख्या-14/2025-26 उपखण्ड भूपतवाला के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालजीवाला एव ललतारो पर विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से सी० पैनलो की फेन्सिंग का कार्य। | 14000.00 | 295.00 |
| 2. | निविदा संख्या-15/2025-26 उपखण्ड भूपतवाला के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, भूपतवाला के विद्युत भार को कम करने हेतु 33/11 के०वी० उपसंस्थान शान्तिकुज से निर्गत 11 के०वी० पोषक सप्तऋषि को बीजल से डॉग कण्डक्टर में बदलने का कार्य सामग्री सहित। | 17000.00 | 590.00 |

अग्रिम धरोहर राशि अधोहस्ताक्षरकर्ता के नाम में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 के रूप में होनी अनिवार्य है।
अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये या नोटिस दिये निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
'विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें'
पत्रांकः 1852/वि0वि0ख0न0/ह0/ दिनांकः 07/08/2025 अधिशासी अभियन्ता
'राष्ट्र हित मे बिजली बचायें' टोल फ्री न0 1800-419-0405

# बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव किया: लवलीना

● ओलंपिक मेडलिस्ट बॉक्सर बोली: जूम पर मुझसे कहा-सिर नीचे करो जैसा हम कहते हैं वैसा करो

● विवाद बढ़ने के बाद कर्नल अरुण मलिक ने कहा- कि मुझे बदनाम किया जा रहा है



**नई दिल्ली, वार्ता।** टोक्यो ओलिंपिक गेम्स में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली मुक्केबाज लवलीना बोरगोहन ने इंडियन बाक्सिंग एसोसिएशन (बीएफआई) के कार्यकारी निदेशक रिटायर्ड कर्नल अरुण मलिक पर मिसबिहेव के आरोप लगाए हैं। टीओआई के अनुसार, लवलीना ने अपमानजनक और लैंगिक भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है। 27 साल की मुक्केबाज ने 2 पेज की लिखित शिकायत की है। इसमें लिखा कि कर्नल मलिक ने 8 जुलाई को टाप्स की जूम मीटिंग में मेरे साथ अपमानजनक और तिरस्कार भरा व्यवहार किया।श इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

आईओए ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है, जिसमें टाप्स के सीईओ नछत्तर सिंह जोहल, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और एक महिला वकील शामिल हैं। लवलीना बोरगोहन ने टोक्यो ओलिंपिक में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। लवलीन ने 2 पेज का शिकायत पत्र खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, साई डीजी टाप्स, आईओए और बाक्सिंग फेडेरेशन को भेजी। उन्होंने शिकायत में लिखा कि मीटिंग के बाद मुझे बहुत ठेस पहुंची, मैं दुखी और निराश हो गई। मैं सोचने लगी कि हम महिला खिलाड़ी क्या वाकई सम्मान के लायक समझे जाते हैं। उन्होंने लिखा कि मैं सिर्फ एक एथलीट के रूप में नहीं, बल्कि एक महिला के रूप में यह पत्र लिख रही हूं। जो सालों से देश की उम्मीदें बाक्सिंग रिंग में लेकर चलती रही है। लवलीना ने आगे लिखा कि 8 जुलाई को बीएफआई और टाप्स की मीटिंग में कर्नल मलिक ने मुझसे चिल्लाते हुए कहा-चुप रहो, सिर नीचे रखो और जो कहा जा रहा है वो करो।

उनका यह व्यवहार न केवल अपमानजनक था बल्कि महिलाओं के प्रति भेदभाव और ताकत दिखाने जैसा था। लवल. ीना को 2020 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे ये पुरस्कार पाने वाली असम की छठवीं प्लेयर हैं। विवाद बढ़ने के बाद कर्नल अरुण मलिक ने कहा कि मुझे बदनाम किया जा रहा है। अरुण ने बताया कि मीटिंग में लवलीना ने 2 डिमांड की थी। पहली-हंगरी में वर्ल्ड चैंपियनशिप की ट्रेनिंग वह हंगरी में वर्ल्ड बाक्सिंग चैंपियनशिप में जाकर ट्रेनिंग करना चाहती थी। उस समय वर्ल्ड चैंपियनशिप की टीम का ऐलान नहीं हुआ था। इस पर मैंने कहा था कि टीम घोषित होने के बाद इस पर आगे की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। इसमें दिक्कत यह है कि आयोजन कमेटी (ब्रिटेन बाक्सिंग एसोसिएशन) ने वीजा के लिए 20 वर्किंग दिन चाहिए। वहां के वीजा के लिए पासपोर्ट जमा करना होगा।

अगर हंगरी के लिए करते हैं, तो फिर ब्रिटेन के वीजा के लिए दिक्कत आ जा सकती है। दूसरी- हंगरी में पर्सनल कोच ले जाना चाहती थी लवलीना ने हंगरी में पर्सनल कोच और फीजियो को ले जाने की बात कही थी। जूम काल में उनकी पर्सनल कोच भी जुड़ी थी। हमने उनको बताया कि सरकार और बीएफआई के नियमानुसार बाक्सिंग में पर्सनल कोच अलाउ नहीं है।

# बीसीसीआई को आरटीआई के दायरे में नहीं लाया जाएगा

BCCI

● खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में संशोधन किया, सरकारी फंड लेने वाले फेडरेशन पर नियम लागू

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई अब भी आरटीआई के दायरे में नहीं आएगा। खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में संशोधन किया है। इसके अनुसार, अब केवल उन्हीं खेल संगठनों को इसके दायरे में लाया गया है, जो सरकारी अनुदान और सहायता लेते हैं। बीसीसीआई खेल मंत्रालय से कोई अनुदान नहीं लेता है।

हालांकि विभिन्न संगठन कई बार बीसीसीआई को आरटीआई (सूचना का अधिकार) के दायरे में लाने की मांग करते रहे हैं। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 पेश किया था। इस बिल में खेलों के विकास के लिए नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बाडी, नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड, नेशनल खेल इलेक्शन पैनल और नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल बनाने के प्रावधान हैं। संसद में इस बिल को जीपीसी में भेजने की मांग भी उठी है। क्लाज 15 में बदलाव किया गया है पिछले महीने लोकसभा में पेश बिल के क्लाज 15(2) में कहा गया था कि किसी मान्यता प्राप्त खेल संगठन को इस अधिनियम के तहत अपने कार्यों, कर्तव्यों और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत एक सार्वजनिक प्राधिकरण माना जाएगा। बदले गए प्रावधान में लिखा है कि सिर्फ वे संस्थाएं आरटीआई के दायरे में आएंगी, जो सरकार से फंड या मदद लेती हैं।

अब सरकारी धन से चलने वाले संगठनों पर ही आरटीआई लागू होगा। इसका मतलब यह हुआ कि बीसीसीआई अब आरटीआई के दायरे में नहीं आएगा। मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि सरकारी मदद सिर्फ पैसे तक सीमित नहीं है। अगर किसी खेल संगठन को इवेंट कराने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर या कोई और सुविधा मिलती है, तो उसे भी आरटीआई के तहत लाया जा सकता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया महिला 'ए' टीम ने इंडिया 'ए' को 13 रन से हराया

**मकाय, वार्ता।** अनिका लीरॉइड (नाबाद 50) के बाद एमी एडगर और सियाना जिंजर (दो-दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया महिला ए टीम ने गुरुवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 13 रनों से हरा दिया। 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद धीमी रही और उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर शेफाली वर्मा (तीन) का विकेट गंवा दिया। उस समय टीम का स्कोर 13 रन था। इसके बाद धारा गुज्जर (सात), दिनेश वृंदा (पांच) रन बनाकर आउट हुई। 12वें ओवर में उमा छेत्री (31) रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुई। इसके बाद राघवी बिष्ट और कप्तान राधा ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

### नेरोका एफसी और इंडियन नेवी ने खेला गोलरहित ड्रॉ

**इम्फाल, वार्ता।** नेरोका एफसी और इंडियन नेवी एफटी ने 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप के ग्रुप एफ में खुमान लम्पक मेन स्टेडियम में कड़े मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेला और एक-एक अंक अर्जित किया। कई मौकों और आशा. जनक क्षणों के बावजूद, दोनों टीमें इस मैच में निर्णायक मोड़ लेने में नाकाम रहीं, जिसमें मिडफील्ड की लड़ाई और रक्षात्मक संगठन पर जोर था। नेरोका के मुख्य कोच ज्ञान मोयन ने इम्फाल डर्बी से अपनी शुरुआती एकादश में तीन बदलाव किए और 4-2-3-1 की फॉर्मेशन में बदलाव किया। जेटली सोरोखैबम गोलकीपर के रूप में आए, गोटीमायुम मुक्तसना को मिडफ़ील्ड की भूमिका सौंपी गई, और ब्राजीलियाई लुकास दा सिल्वा ने डिफेंस में जगह बनाई।

# भारत दौरे के लिए सैम कोंस्टॉस ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम में

● ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम सितम्बर में लखनऊ में भारत 'ए' के खिलाफ दो लाल गेंद के चार दिवसीय मैच खेलेगी

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने होने वाले भारतीय दौरे के लिए सैम कोंस्टॉस, नेथन मैकस्वीनी और ओलिवर पीक को ऑस्ट्रेलिया ए टीम में चुना है।

ऑस्ट्रेलियाई ए टीम सितंबर में लखनऊ में भारत ए के खिलाफ दो लाल गेंद के चार-दिवसीय मैच खेलेगी। चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के 2027 की टेस्ट दौरे को ध्यान में रखते हुए कोंस्टॉस, नेथन मैकस्वीनी और ओलिवर पीक को टीम में जगह दी है। इसके अलावा ओपनर कैम्पबेल केल्लावे भी इस टीम में शामिल हैं। हाल ही में श्रीलंका ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जेक वेदराल्ड, जेसन सांघा और कर्टिस पैटरसन, मार्कस हैरिस, कैमरन बैनक्राफ्रट और मैट रेनशॉ को टीम में जगह नहीं मिली है। राष्ट्रीय चयनकर्ता ने यह टीम स्पष्ट रूप से युवा खिलाड़ियों को भारतीय परिस्थितियों का अनुभव देने के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से चुनी है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को जनवरी-फरवरी 2027 में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत का दौरा करना है। तब तक संभावना है कि ऑस्ट्रेलिया की टॉप-6 की संरचना कुछ अलग हो सकती है क्योंकि उस समय तक उस्मान ख्वाजा के खेलने की संभावना नहीं है और स्टीवन स्मिथ भी 2027 में 38 वर्ष के हो जाएंगे। 2023 में भारत में चार टेस्ट में 14 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को टीम में शामिल किया गया है, एक अन्य ऑफ स्पिनर कोरे रॉकीचियोली को भी मौका मिला है। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर कूपर कॉनोली भी उपमहाद्वीप में कुछ बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा सीम गेंदबाजी ऑलराउंडर ऐरन हार्डी, लियाम स्कॉट और जैक एडवर्ड्स को भी टीम में शामिल किया गया है, जिसमें जैक पहली बार ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेलेंगे। इसके अलावा तेज गेंदबाज लांस मॉरिस और जेवियर बार्टलेट को भी इस दौरे के लिए चुना गया है।

# मैंने ऋषभ पंत से माफी मांगी: क्रिस वोक्स

जवाब मिला कि फिर से मैदान पर मिलेंगे, भारतीय विकेटकीपर के पैर में फ्रैक्चर हुआ था



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के आलराउंडर क्रिस वोक्स ने ऋषभ पंत से अपनी बातचीत का खुलासा किया है। वोक्स ने द गार्जियन को दिए इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने टेस्ट सीरीज के दौरान अपनी गेंद पर पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर के लिए ऋषभ पंत से माफी मांगी थी, जिसके बाद वे अपने भारतीय प्रतिद्वंद्वी की उदारता से काफी प्रभावित हुए। वोक्स और पंत दोनों ही सीरीज के दौरान गंभीर चोटों के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरकर अपनी-अपनी टीमों के लिए साहस के प्रतीक बन गए। जहां पंत ने मैनचेस्टर में अपने पैर के टूटे अंगूठे के बावजूद बल्लेबाजी की तो वहीं वोक्स पांचवें टेस्ट के दौरान कंधे की हड्डी खिसकने के बावजूद क्रीज पर उतरे थे। 23 जुलाई को मैनचेस्टर में पांचवें टेस्ट के पहले दिन 68वें ओवर में पंत चोटिल हो गए। क्रिस वोक्स की यार्कर पर पंत ने रिवर्स स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर जूते पर जा लग गई। इसके बाद उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। हालांकि, जरूरत पड़ने पर पंत ने लंगड़ाते हुए बल्लेबाजी की और 54 रन की पारी खेली। यह मैच बराबरी पर छूटा था। वोक्स ने कहा कि मैंने देखा कि ऋषभ ने इंस्टाग्राम पर सैल्यूट इमोजी के साथ मेरी एक तस्वीर डाली थी, तो मैंने उन्हें धन्यवाद देते हुए जवाब दिया कि प्यार के लिए शुक्रिया और उम्मीद है कि पैर ठीक होगा। फिर पंत ने मुझे एक वाइस नोट भेजा, जिसमें कहा- उम्मीद है सब ठीक होगा, उबरने के लिए शुभकामनाएं और उम्मीद है कि हम किसी दिन फिर से मैदान पर मिलेंगे।, इसके बाद मैंने मैंने टूटे हुए पैर के लिए उनसे माफी मांगी। गिल ने मुझसे कहा-आपने अविश्वसनीय बहादुरी दिखाई वोक्स ने यह भी कहा कि 5वें टेस्ट में बल्लेबाजी के लिए आने पर भारतीय कप्तान गिल ने उनकी सराहना की थी।

# उत्तर क्षेत्र की कमान गिल को



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को आगामी दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए उत्तर क्षेत्र की कमान सौंपी गई। चयनकर्ताओं ने आज शुभमन गिल की अगुवाई में दलीप ट्रॉफी के लिए उत्तर क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

इस दौरान हुए विचार विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया कि अगर भारतीय टीम की सीरीज और दलीप ट्रॉफी मैचों का आपस में टकराव होता है तो शुभमन गिल की जगह शुभमन रोहिता, अर्शदीप सिंहे की जगह गुरनूर बरार तथा हर्षित राणा की जगह अर्जुन ठकराल उत्तर क्षेत्र की ओर से खेलेंगे। दलीप ट्राफी के लिए उत्तर क्षेत्र टीम इस प्रकार है: कि शुभमन गिल (कप्तान), शुभमन खजुरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदौनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोतरा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल काम्बोज,अुकब नबी, कन्हैया वाधवन (विकेटकीपर)।

# टीम इंडिया के प्रदर्शन के कायल हुए गैरी

● कहा: भारत ने जिस तरह सीरीज में बराबरी की, उसे देखकर रोमांचित हूं



**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर और भारत की 2011 की विश्व कप विजेता टीम के कोच रहे गैरी कर्स्टन ने क्रिकेट पर ज्यादा सवालों के जवाब तो नहीं दिए, लेकिन इतना जरूर कहा कि जिस तरह भारत ने इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रा खेली उसे देखकर वह रोमांचित हैं। भारत ने द ओवल में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में इंग्लैंड को छह रनों से हराकर शानदार अंदाज में सीरीज बराबर की। जो रूट और हैरी ब्रुक के शतकों ने इंग्लैंड को ऐतिहासिक लक्ष्य का पीछा करने के कगार पर ला खड़ा किया था, लेकिन पांचवें दिन दबाव में धारदार गेंदबाजी से भारतीय गेंदबाजों ने मैच का रुख पलट दिया। अंतिम दिन की शुरुआत में, इंग्लैंड को चार विकेट शेष रहते केवल 35 रनों की आवश्यकता थी। प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी पहली दो गेंदों पर दो चौके खाये , जिससे भारतीय उम्मीदें कुछ देर के लिए डगमगा गईं। लेकिन मोहम्मद सिराज ने अपनी अदम्य ऊर्जा से, जेमी स्मिथ को एक ऐसी गेंद पर आउट करके मैच का रुख बदल दिया जो देर से सीम करती हुई आई थी, और अगली ही गेंद पर गस एटकिंसन को लगभग आउट कर दिया था। इसके बाद सिराज ने अपने अगले ओवर में जेमी ओवरटन को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया, गेंद लेग स्टंप से थोड़ा छूकर गई थी-रिव्यू पर अंपायर का फैसला बरकरार रहा। प्रसिद्ध जोश टंग की परीक्षा लेने के लिए लौटे, उन्हें लगभग एलबीडब्ल्यू आउट कर ही दिया था, लेकिन रिव्यू ने टंग को कुछ समय के लिए बचाए रखा। हालांकि, कुछ ओवर बाद उन्होंने तेज़ गेंदबाजी करते हुए टंग को आउट कर दिया, जिससे इंग्लैंड के नौ रन पर नौ विकेट गिर गए। जब 11 रन की ज़रूरत थी, तब इंग्लैंड की आखिरी उम्मीद क्रिस वोक्स पर टिकी थी, जो कंधे की चोट के बावजूद बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने उतरे और सभी को चौंका दिया। एटकिंसन ने उन्हें बचाने की को. शिश की, यहां तक कि सिराज पर छक्का भी जड़ दिया। लेकिन यह प्रतिरोध ज्यादा देर तक नहीं चला। सिराज ने एटकिंसन के डिफेंस को भेदते हुए यादगार पांच विकेट हासिल किए और भारत को जीत दिलाई। पूर्व भारतीय कोच गैरी कर्स्टन ने वर्तमान कोच गौतम गंभीर और शुभमन गिल की अगुवाई वाली युवा टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम (इंग्लैंड में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए) और गौतम गंभीर के लिए भी खुश हूं। मैं उन्हें अच्छी तरह जानता हूं और इंग्लैंड में एक टीम के रूप में उन्होंने जो हासिल किया है उसे देखकर खुश हूं। गैरी कर्स्टन ने भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व की सराहना की। कर्स्टन ने कहा कि वह अपने पूर्व छात्र गंभीर और उनकी टीम द्वारा दबाव में हासिल की गई उपलब्धि से 'वास्तव में प्रसन्न' हैं। उन्होंने कहा,''मैं बहुत उत्साहित हूं कि भारत ने सीरीज जीत ली( मेरा मतलब है, सीरीज़ बराबर कर दी। कर्स्टन ने 2011 विश्व कप में भारत को जीत दिलाई थी और उस टीम में गंभीर भी अहम सदस्य थे।

### अंगद चीमा ने तीसरे राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया

**अहमदाबाद, वार्ता।** चंडीगढ़ के अंगद चीमा (69-67-69) ने अहमदाबाद के केंसविले गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले जा रहे एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले कोल इंडिया ओपन के तीसरे राउंड में लगातार तीन अंडर 69 का स्कोर बनाकर बढ़त बना ली। अंगद का कुल स्कोर 11 अंडर 205 है। नोएडा के अमरदीप मलिक (69-65-72) अंतिम राउंड से पहले राउंड में इवन-पार 72 का स्कोर बनाकर कुल 10 अंडर 206 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर हैं । चंडीगढ़ के एक अन्य गोल्फर करणदीप कोचर (69-70- 69) ने गुरुवार को 69 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। पुणे के उदयन माने, जिन्होंने पहले राउंड में 78 का स्कोर बनाकर सप्ताह की शुरुआत की थी, ने लगातार दूसरे दिन 66 का स्कोर बनाकर शानदार वापसी की और लीडरबोर्ड पर बड़ी बढ़त हासिल की।

# विश्वास और समर्थन बदलाव ला सकते हैं: सानिया मिर्जा, पीवी सिंधु

● भारत ने महिला खेल पोडियम से मुनाफे तक एक कहानी का निर्माण लांच हुई

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय खेलों के इतिहास में यह एक ऐतिहा. सिक क्षण था, जब कैप्री स्पोर्ट्स फाउंडेशन के द स्पोर्ट्स वीमेन हडल में बहुप्रतीक्षित रिपोर्टकि भारत में महिला खेल: पोडियम से मुनाफे तक – एक कहानी का निर्माण' लॉन्च हुई। केपीएमजी स्पोर्ट्स एडवाइजरी के सहयोग से तैयार की गई यह रिपोर्ट, भारत में महिला खेलों के व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी तरह की पहली गहन पड़ताल है, जिसमें दर्शकों के रुझान, ब्रांड साझेदारी, प्रायोजन डेटा और सामाजिक प्रभाव शामिल हैं। यह विस्तृत शोध कार्य महिला प्रीमियर लीग जैसी लीगों के तेजी से बढ़ते विकास, सोशल मीडिया पर महिला एथलीटों के बढ़ते प्रभाव और विकसित होते प्रशंसक आधार पर प्रकाश डालता है जो अब उतना ही सक्रिय, लिंग-भेद-रहित और वफादार है। खेल जगत की प्रतिभा की पृष्ठभूमि में, बुधवार की एक शानदार शाम को, इस कार्यक्रम ने न केवल भारतीय खेलों में महिलाओं के उत्थान का जश्न मनाया, बल्कि एक ऐसे उद्योग के भविष्य का भी जश्न मनाया जो एक बड़े बदलाव के कगार पर है। सिंधु, सानिर्या , दीपा और अतीका जैसी सितारों की उपस्थिति में, माहौल भावनाओं, गर्व और उद्देश्य से भर गया।

# सिराज को वह सम्मान नहीं मिलता, जो मिलना चाहिए: तेंदुलकर

● तेंदुलकर ने अविश्वसनीय सिराज की तारीफ की, केएल राहुल के ऑफ स्टंप्स के आसपास और अपने खेल को सटीक फुटवर्क के साथ कसने की बात कहीं





**नई दिल्ली, वार्ता।** लीजेंड बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने उन कुछ भारतीय खिलाड़ियों की सराहना की है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाई। यह सीरीज, आखिरी दिन के दिल थाम देने वाले अंत के बाद 2-2 से बराबरी पर खत्म हुई।

तेंदुलकर ने 'अविश्वसनीय' मोहम्मद सिराज की तारीफ की, केएल राहुल के ऑफ स्टंप के आसपास अपने खेल को 'सटीक फुटवर्क' के साथ कसने की बात कही, यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतकों, जज्बा और परिपक्वता की चर्चा की और शुभमन गिल के कप्तान के रूप में 'शांत और संयमित' रहने की भी तारीफ की।

इस सीरीज में कई मोड़, जोरदार टकराव और कुछ असाधारण व्यक्तिगत प्रदर्शन हुए, जैसे ऋषभ पंत और क्रिस वोक्स का चोटिल होने के बावजूद बल्लेबाजी करने आना। पंत ने पांच में से चार टेस्ट खेले और दो शतक व तीन अर्द्धशतक लगाए, जिनमें आखिरी पारी उन्होंने दाहिने पैर में फ्रैक्चर के साथ खेली।

उन्होंने 68-42 की औसत और 77-63 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। तेंदुलकर ने रेडिट पर कहा कि जो स्वीप शॉट उन्होंने खेला, उसमें वह गेंद के नीचे आना पसंद करते हैं ताकि उसे ऊंचाई के साथ स्कूप कर सकें। लोग सोचते हैं कि वह गिर गए हैं, लेकिन यह जानबूझकर किया गया है ताकि वह गेंद के नीचे आ सकें। ऐसे शॉट खेलने का राज यही है कि आप गेंद के नीचे आ सकें। यह एक योजना के तहत गिरना होता है, वह असंतुलित नहीं होते हैं।

यह सब गेंद की लेंथ पर निर्भर करता है। पंत के शॉट खेलने के तरीके और उनमें जो 'पंच' होता है, उसे 'ईश्वर का वरदान' बताते हुए तेंदुलकर ने कहा कि 'कई बार लोग सोचते हैं कि उन्हें यह शॉट नहीं खेलना चाहिए, यह सही समय नहीं है। लेकिन ऋषभ जैसे खिलाड़ी को अकेला छोड़ देना चाहिए। जब वह मैच बचाने की सोच रहे हो, तो उन्हें एक अलग तरीका अपनाना होगा। लेकिन उन्होंने यह समझ लिया है कि पारी को कैसे खेलना है, यह मैच की स्थिति पर निर्भर करता है। इस सीरीज में भारत के दो प्रमुख बल्लेबाज़ गिल और राहुल रहे, जिन्होंने क्रमश: 754 और 532 रन बनाए और मिलकर छह शतक लगाए। तेंदुलकर ने बताया कि दोनों बल्लेबाजों का 'सटीक फुटवर्क' इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में देखने लायक था। कप्तान के रूप में गिल का रन योग डॉन ब्रैडमैन के 1936 में बनाए गए 810 रनों के बाद दूसरा सबसे अधिक था।

# निशानेबाजी लीग एक ऐतिहासिक क्षण होगा: रोंजन सोढ़ी

● लीग प्रारूप एक ऐसी चीज है जिस पर हम लंबे समय से चर्चा कर रहे थे: सोढ़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर एक और ओलंपियन रोंजन सोढ़ी भारतीय निशानेबा. जी लीग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उन्होंने इसे खेल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। भारत के सबसे प्रतिष्ठित ट्रैप निशानेबाजों में से एक, सोढ़ी ने कहा कि 'लीग प्रारूप एक ऐसी चीज है जिस पर हम लंबे समय से चर्चा कर रहे थे। भारतीय निशानेबाजी में अब जिस तरह की गहराई है, उसे देखते हुए यह सही कदम है। उन्होंने आगे कहा कि 'यह प्रशंसकों के लिए रोमांचक, युवा निशानेबाजों के लिए बेहतरीन और खेल के लिए बेहद जरूरी होगा। सोढ़ी ने आगे कहा कि इस लीग में भारतीय निशानेबा. जी को बदलने की क्षमता है।

अब यह केवल पदकों के बारे में नहीं है। यह एक संस्कृति के निर्माण के बारे में है। सोढ़ी का मानना है कि युवा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज प्रतिभाओं के लिए एक बेहतरीन मंच होने के अलावा, यह लीग खेल की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आप उस खेल से प्यार नहीं कर सकते जिसे आप देखते नहीं। बच्चों को प्रेरित होने के लिए उस खेल को देखना जरूरी है।

### घर में घुसकर बच्ची से मारपीट की घटना का कलियर पुलिस ने किया खुलासा

# खाना बनाने को लेकर बहनों में हुई थी मारपीट

**❖सिर फूटने पर दोनों बहनों ने ही डर के मारे बदमाशों की घर में घुसकर हमले की बनाई थी झूठी कहानी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** तेलीवाला उर्फ शिवदासपुर गांव में घर में घुसकर बच्चीं को घायल करने के मामले पुलिस ने खुलासा कर दिया है ।जिसमे रोटी बनाने के लेकर बड़ी बहन ने छोटी बहन के सर में चोट मार कर घायल कर और बदमाशों के द्वारा मारपीट करने अफवाह फैलाने मामला सामने आया हैं।

थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया की 6 अगस्त को चौकी ध नौरी पर सूचना मिली कि तेलीवाला में कुछ अज्ञात चोरों द्वारा तेजमिन के घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया और उसकी पुत्री के सिर पर चोट मार कर घायल कर दिया है।सूचना पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम द्वारा बिना देरी मौके पर पहुंचकर जानकारी कर घायल बच्ची नको उपचार के लिए रुड़की सिविल अस्पताल भिजवाया।जहां चिकित्सकों ने गंभीर चोट होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर टीम बनाकर जांच शुरू कर दीऔर तेलीवाला में लोगों से पूछताछ कर गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों को खँगाला गया जिसमे कोई संदिग्ध चोर, बदमाश का गांव में आना नहीं पाया गया।जांच के दौरान तेजमिन निवासी तेल्लीवाला का परिवार अपने कामकाज से बाहर गया था और घर में उसकी दोनों बेटियां अकेले थी। रोटी बनाने को लेकर दिनों बेटियों में विवाद हुआ था। विवाद को छुपाने के लिए बड़ी बेटी पुलिस पूछताछ में बताया कि छोटी बहन रोटी बनाने को लेकर बार बार परेशान कर रही थी जिसको लेकर दोनों बहनों का आपस में झगडा हो गया और उसने सेटरिंग में कील उखाड़ने वाली घर में रखी हथौड़ी से उसके सिर पर वार कर घायल कर दिया और हथौड़ी को फिर उसे साफ करके टाड पर रख दिया था।गांव में और घरवालो से चोरों के आने की बात सुन रही थी माता पिता की डांट से बचने के लिए अपनी छोटी बहन को डरा धमका कर घर वालों को झूठी कहानी बताने के लिए कहा।पुलिस घायल बच्ची के अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर पूछताछ की गई तो उसने भी बहन के साथ झगड़ा होना बाते बताया।पुलिस ने बच्ची की निशांदेही पर घटना में शामिल हथौड़ी को भी बरामद कर लिया।और दोनों बच्चियों की काउंसलिंग कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया हैं।इसके साथ गांव में चोरों व बदमाशों की अफवाहों फैलाने वाले फायदा शरारती तत्व की शिनाख्त के प्रयास किया जा रहा हैं।पुलिस क्षेत्र वासियों से अपील है कि इस प्रकार की झूठी अफवाहों पर ध्यान न दे और न झूठी अफवाहें ना फैलाएं अफवाहें फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।टीम में थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार,धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान, सोनू चौधरी, जितेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, नीरज राणा, एफएसएल टीम, एसओजी टीम आदि शामिल रहे।

# चोरी के छोटा हाथी सहित एक दबोचा

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** नगर पंचायत क्षेत्र से छोटा हाथी चोरी में मंगलौर कस्बे के युवक का पुलिस ने चाकू संग गिरफ्तार किया है। जबकि चोरी हुए छोटे हाथी को पुलिस ने मंगलौर कोतवाली से बरामद कर लिया है।

रुड़की कोतवाली को रामकुमार निवासी मिलापनगर ने तहरीर देकर बताया था कि 23 जून को ढंढेरा की सब्जी मंडी के पास से छोटा हाथी चोरी हो गया था। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद 10 जुलाई को अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार ने बताया कि इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव की ओर से एक टीम का गठन किया गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से बुधवार रात साजिद निवासी पीरगढ़ी कोतवाली मंगलौर को शहनाई गार्डन के सामने आम के बगीचे ढंढेरा से चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में साजिद ने बताया कि घटना के बाद मंगलौर ले जाकर पुलिस के डर से छोटे हाथी को सुनसान जगह छोड़कर भागा था। जिसके बाद छोटे हाथी को कोतवाली मंगलौर से बरामद किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक चंद्रमोहन, हेड कांस्टेबल यूनुस बेग, अनिल चौहान और रंगमोहन शामिल रहे।

# ग्राम नगला एमाद में किसान सभा का आयोजन

**शाह टाइम संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम नगला एमाद मे इफको द्वारा गुरुवार को किसान सभा का आयोजन किया गया। इफको अधिकारियों द्वारा किसानों को फसलों में रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के साथ-साथ कम लागत में अच्छी फसल कैसे ली जाए जानकारी दी गई। किसानों को नीम के पेड़ भी दिए गए।

ग्राम नगला एमाद में इफको द्वारा आयोजित किसान सभा में इफको के क्षेत्रीय अधिकारी विनोद कुमार जोशी द्वारा किसानों को बताया गया कि रासायनिक उर्वरकों का अपनी फसलों में अधिक प्रयोग कर रहे हैं ।जिससे फसलों में लागत बढ़ रही है। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर नैनो यूरिया नैनो डीएपी नैनो कॉपर तथा नैनो जिंक का प्रयोग करना चाहिए। फसलों को जो पोषक तत्व चाहिए होते हैं वह इसे आसानी से मिल जाते हैं। इससे फसलों में लागत कम आने के साथ-साथ फसल की पैदावार अच्छी होती है। उन्होंने किसानों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने के लिए भी प्रेरित किया ।इफको की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को नीम के पेड़ भी दिए गए। इस अवसर पर डॉक्टर योगेंद्र सैनी लखीराम एडीओ कब से विपिन कुमार ऑडियो सहकारिता भावना संजय अशोक कुमार राम साल्व्ड सुधीर आशीष ओमवीर जोगिंदर संजय हिमांशु आदि उपस्थित है।

# पति सहित 5 के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

**शाह टाइम संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पति सास ससुर सहित 5 लोगों के खिलाफ दहेज शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न कर मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिरान कलियर नगर पंचायत के बेडपुर निवासी एक महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 2020 में शहबान निवासी कलियर के साथ हुई थी।शादी में उसके परिवार ने काफी दान दहेज भी दिया था। लेकिन शादी के बाद से ही उसका पति ओर ससुराल वाले दिए गए दहेज से खुश नही थे। दहेज में पांच लाख रुपए ओर एक कार की मांग करने लगें।शादी के कुछ दिन बाद ही दहेज की मांग पूरी नही करने पर पति ओर ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर उत्पीड़न करने लगे। उसका जेठ इंतेजार, देवर इमरान उस पर बुरी नजर रखने लगे।मौका पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करते रहे। मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेजने लगे।उसके बाद ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर बच्चो सहित घर से बाहर निकाल दिया।जिसके बाद वह बेडपुर में पति के साथ किराए के मकान में रहने लगी। 26 मई को उसके ओर जेठ व देवर ने उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए गाली गलौज व मारपीट की। जब उसका पति घर आया तो सभी बातें उसे बताई तो उसने भी उसके साथ मारपीट की।महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। उसके बाद उससने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पति शहबान ,ससुर अय्यूब, सास महरुबा उर्फ छोटी,जेठ इंतेजार देवर इमरान निवासी कलियर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उत्तरकाशी की प्राकृतिक आपदा पर निकाला कैंडल मार्च

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी कर्मियों ने उत्तरकाशी में प्राकृतिक आपदा से हुए जान माल के नुकसान पर शोक सभा आयोजित कर कैंडल मार्च निकाला। कर्मियों ने कहा उन्हें सरकार पर पूर्ण विश्वास है कि वह राहत और बचाव कार्य में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

मंगलवार को उत्तरकाशी में प्राकृतिक आपदा से भारी जान माल का नुकसान हो गया था। जिसके बाद दिल दहला देने वाली वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। आपदा के बाद सरकार ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया था। दुखद घटना को लेकर आईआईटी में कर्मचारियों ने उत्तरकाशी में आई प्राकृतिक आपदा में पीड़ित परिवारों के लिए शोक सभा का आयोजन कर कैंडल मार्च निकाला। इस मौके पर कर्मचारियों ने दो मिनट का मोनन धारण कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। आईआईटी रुड़की कर्मचारी यूनियन के कार्यालय पर अध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा कि उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में हुई भीषण प्राकृतिक आपदा में मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त कर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में सम्मिलित कर्मचारियों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मोमबत्ती जलाई और मौन धारण किया। उन्होंने कहा कि धराली में आपदा के कारण जान-माल की क्षति हुई है। शोक सभा के माध्यम से कर्मचारियों ने दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रकृति आपदा के प्रभाव को समझने का प्रयास किया। महासचिव सचिन कुमार ने कहा कि आईआईटी रुड़की कर्मचारी यूनियन परिवार इस दु:खद घड़ी में दिवंगत आत्माओं के परिजनों के साथ खड़ा है एवं ईश्वर से प्रार्थना करता है कि शोक संतप्त परिवारों को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर हसनैन, विकास त्यागी, संदीप अग्रवाल, भावना डाबर, होतम सिंह, विशु राम सैनी, अविनाश चौधरी, कुशाग्र, दुष्यंत, अमित शंकर, कुंवर रोहित, शानू, प्रदीप, विशाल, गणेश और अनुराग आदि मौजूद रहे।

# एंबिशन पब्लिक स्कूल में ऑर्गेनिक राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा स्थित पब्लिक स्कूल में ऑर्गेनिक राखी उत्सव मनाते हुए मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कस्बा झबरेडा स्थित एंबिशन पब्लिक स्कूल में ऑर्गेनिक राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र छात्रों ने पेड़ों को राखी बाँधी और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। स्कूल निदेशक सोनम रॉस पंवार ने छात्रों को पेड़ों की देखभाल का संदेश दिया। वही प्रबंध निदेशक विश्वास सिंह पंवार ने छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए प्रकृति के विषय में संपूर्ण जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में ब्लू हाउस मीनू अहलावत ने प्रथम स्थान, ग्रीन हाउस ने द्वितीय, और रेड हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह आयोजन परंपरा और पर्यावरणीय जागरूकता का सुंदर संगम रहा। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य पूजा सत्संगी तथा समस्त अध्यापक व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# अवैध चाकू के साथ दो युवकों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध चाकू के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधीयो और संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाए जाने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुई। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम आमिर पुत्र रियासत निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कुन्हारी उम्र 22 वर्ष जोगेंद्र पुत्र धर्मपाल निवासी वार्ड नंबर 7 नई शिवपुरी उम्र 48 वर्ष बताया। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल किशोर नेगी राजेंद्र सिंह मदन वर्मा गंगा सिंह शामिल रहे। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के संबंध पेश किया जा रहा है।

# प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में रोबोटिक सर्जरी से खुल रहा नए युग का द्वार



**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों में होने वाले सबसे सामान्य कैंसर में से एक है, विशेषकर 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों में। समय रहते पहचान और आधुनिक उपचार के कारण हाल के वर्षों में इसके परिणामों में उल्लेखनीय सुधार आया है। इस दिशा में सबसे नवीन और प्रभावशाली तकनीक है रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी, जिसने प्रोस्टेट कैंसर के इलाज का स्वरूप ही बदल दिया है। पारंपरिक ओपन सर्जरी की तुलना में, रोबोटिक सर्जरी में एडवांस तकनीक का इस्तेमाल होता है जिससे सर्जन अधिक सटीकता और नियंत्रण के साथ ऑपरेशन कर पाते हैं। इस प्रक्रिया में बड़े चीरे लगाने की जगह छोटे-छोटे कट लगाए जाते हैं। रोबोटिक सिस्टम से सर्जन को ऑपरेशन स्थल की हाई-डेफिनिशन, जूम की गई इमेज मिलती है, जिससे वे प्रोस्टेट के आसपास के संवेदनशील नर्व्स को बचाते हुए सटीक सर्जरी कर सकते हैं। 'मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के यूरो ऑन्कोसर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट,डॉ. हर्षित गर्ग ने बताया कि' "रोबोटिक- असिस्टेड सर्जरी पारंपरिक सर्जरी की तुलना में कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है। इस तकनीक से ऑपरेशन के दौरान रक्तस्राव कम होता है, छोटे चीरे लगते हैं जिससे दाग भी कम होते हैं, और मरीज को कम दर्द का सामना करना पड़ता है जिससे रिकवरी तेज होती है। इसके अलावा, अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि भी कम होती है और प्रोस्टेट के पास स्थित नाजुक नसों की बेहतर सुरक्षा के कारण मूत्र नियंत्रकता और यौन क्षमता जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को सुरक्षित रखने की संभावना अधिक होती है। इन सभी कारणों से मरीज सामान्य जीवन में अपेक्षाकृत जल्दी लौट पाते हैं। यह तकनीक केवल शुरुआती स्टेज के प्रोस्टेट कैंसर तक सीमित नहीं है। यह जटिल और स्थानीय रूप से बढ़े हुए मामलों में भी कारगर साबित हो रही है, जिससे कैंसर को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है और दीर्घकालिक परिणाम भी सकारात्मक होते हैं। डॉ. हर्षित ने आगे बताया कि यह समझना जरूरी है कि यह सर्जरी पूरी तरह से सर्जन के नियंत्रण में होती है रोबोट केवल एक उपकरण है।

# रुड़की-लक्सर मार्ग पर सोलानी नदी के पुल की ठोकर धंसी

**शाह टाइम संवाददाता**

**लंढौरा।** बुधवार की रात सोलानी नदी के तेज बहाव के कारण रुड़की लक्सर मार्ग पर स्थित नदी के पुल की ठोकर धंस गई सुचना मिलने पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। सुरक्षा के लिहाज से फिलहाल पुल की ठोकर के दोनों तरफ बैरेकेटिंग लगाई गई है। मामले को लेकर जिला प्रशासन व पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। पहाड़ों व मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के चलते सोलानी नदी अपने रुद्र रुप में है। नदी फिलहाल खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बुधवार की देर रात लगातार बढ़ रहे नदी में पानी की रफ्तार के कारण कस्बे के रुड़की-लक्सर पर स्थित सोलानी नदी के पुल की ठोकर धंस गई सूचना मिलने पर तहसीलदार विकास अवस्थी व लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी नवीन चौहान ने मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया, फिलहाल सुरक्षा के लिहाज से लंढौरा पुलिस द्वारा धंसी ठोकर के दोनों तरफ बैरेकेटिंग लगाई गई है। तहसीलदार विकास अवस्थी का कहना है कि पुल की ठोकर धंसने के संबंध में जिला प्रशासन व लक्सर पुलिस को अवगत करा दिया गया है। सुरक्षा के लिहाज से धंसी ठोकर के दोनों तरफ बैरेकेटिंग लगाई गई है। पुल की ठोकर की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मौके पर तहसीलदार विकास अवस्थी,कानूगों आदेश कुमार लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी नवीन चौहान, कास्टेबल दिनेश शर्मा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रियासत अली आदि लोग मौजूद रहे।

# केवी-1 में विद्यार्थियों ने राखी व राखी सन्देश के काड्र्स बनाए

**शाह टाइम संवाददाता**

**रूडकी।** राखी भाई और बहन के प्यार का एक पवित्र त्योहार है और हमारे देश मे इसे बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। राखी के अवसर पर पीएम श्रीकेंद्रीय विद्यालय क्रमांक. एक रुड़की के विद्यार्थियों ने सीमा पर तैनात अपने सैनिक भाइयों के लिए राखी तथा राखी के संदेश से सजे सुन्दर काड्र्स बनाये जिन्हें विद्यालय में प्रदर्शित किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य चन्द्र शेखर बिष्टने कहा कि हमारे सैनिक जो दिन.रात सीमा पर सजग रहकर देश की सुरक्षा करते हैं और त्योहार में भी अपने घर नही जा पातेए उनको हम ये अहसास दिलाना चाहते है कि आप अकेले नही है बल्कि हम सब आपके साथ हैद्य उहोने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्येश्य विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना का विकास करना है।

# मिलावट की आशंका पर मिठाई की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने रक्षाबंधन पर लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए मिठाई की दुकानों से कलाकंद, बर्फी आदि को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा। विभाग ने दो दिन में रुड़की के रामनगर, सती और सौत मोहल्ले में नौ दुकानों में चेकिंग की है। दुकानदारों को भी सख्त निर्देश दिए है कि वह ताजा मिठाई ही ग्राहक को दे। यदि कहीं पर भी कोई गड़बड़ी या अनियमितताएं मिलती है तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी। विभाग के दो दिन से रुड़की में डेरा डालने से भी ढाबा, होटल, परचून दुकान और अन्य खाद्य सामग्रियों से जुड़े संचालकों में हड़कंप की स्थिति है। शनिवार को रक्षाबंधन है। पर्व पर मिठाई का सेवन आम दिनों के मुकाबले बेहद बढ़ जाता है। मोटा मुनाफा कमाने को लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने के चक्कर में मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं। जिनकी कमर तोड़ने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर रुड़की में दो दिन से डेरा डाला। बृहस्पतिवार को सती और सौत मोहल्ले में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र पांडे के नेतृत्व में टीम ने मिठाई की दुकानों को खंगाला। जहां पर मिठाई की गुणवत्ता, रखरखाव को परखा गया। जबकि जहां जिस स्थान पर मिठाई बन रही थी उसको भी चेक किया। तीन दुकानों में बर्फी, कलाकंद समेत एक अन्य मिठाई में मिलावट की आशंका हुई तो सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा गया। टीम की कार्रवाई से पिछले दो दिन से मिठाई कारोबारी में हड़कंप मचा है।

**नाम परिवर्तन-सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नं0 717338659120 में त्रुटिवश मेरा नाम धर्मपाल (DHARAMPAL) गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम पाल्ला (PALLA) है। जो मेरे पहचान पत्र स0 UP/85/421/480412 व खसरा खतौनी में भी दर्ज है। भविष्य में मुझे पाल्ला (PALLA) पुत्र श्री सुक्खन के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाये। निवासी मुठकाबाद पोस्ट लक्सर हरिद्वार उत्तराखण्ड।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र शाहिद मलिक का आचरण मेरे व हमारे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने शाहिद मलिक को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद शाहिद के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
**मेहरबान पुत्र अय्यूब नि. ग्राम दरगाहपुर थाना व तहसील लक्सर हरिद्वार।**

**खोया-पाया**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र आदित्य ठकराल सैनी की हाईस्कूल वर्ष 2025 की टीसी व अंकतालिका रोल नं0 25011835 वास्तव में कहीं खो गयी है जिसका प्रयोग किसी अन्य को अवैध होगा।
**दिग्विजय सैनी पुत्र घसीटू नि. आदर्श नगर रुड़की, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।**

# दादा पट्टी में जलभराव से हुई अतिवृष्टि से किसानों का हुआ भारी नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** लगातार बारिश सेभगवानपुर क्षेत्र में भीभारी नुकसान हुआ है ।6दप नदी में जल प्रवास है किसने की सैकड़ो भीगी फसल बर्बाद होने के साथ मकान तक में पानी घुस गया है जिसको लेकर भगवानपुर तहसील प्रशासन राहत के लिए काम कर रहा है। नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया किनुकसान उप जिलाधिकारी भगवानपुर के आदेश के अनुपालन में ग्राम दादा पट्टी में अतिवृष्टि से हुए जल भराव जिसमें सैकड़ो बीघा कृषि भूमि एवं 10 12 मकान के आसपास पानी भरा हुआ था जिसकी निकासी को जेसीबी एवं पुलिस बल की सहायता से चालू कर दिया गया है वर्तमान में शिकायत का निस्तारण कर दिया है मौके पर पीड़ित ग्रामवासी नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश जी राजस्व उप निरीक्षक गाना नितिन सिंह दीपक कुमार ललित कुमार मोतीपुर उपस्थित है शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है।

### मुख्य विकास अधिकारी ने किया खानपुर ब्लॉक का निरीक्षण

# अधीनस्थ व्यवस्था सुधारें: सीडीओ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार ने खानपुर ब्लॉक में पहुंचकर निरीक्षण किया है रिप परीयोजना का भी उन्होंने निरीक्षण करते हुए अपने काम के प्रति लापरवाही न करने के निर्देश दिये

मुख्य विकास अधिकारी आकन्शा कोन्डे हरिद्वार ने आज खानपुर ब्लॉक में पहुंचकर पहले ब्लॉक का निरीक्षण किया और ब्लॉक के सभी कर्मचारियों को अपने कार्य पर ध्यान देकर ब्लॉक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये और अपने केबिन में बैठकर आम जनता का काम करें उन्होंने कहा की किसी भी आमजन की शिकायत नहीं मिलनी चाहीये सभी का निसतारण सही तरीके से किया जाए उन्होंने रिप परियोजना का भी धरातल पर निरीक्षण किया और उन्होंने रिप परीयोजना के कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा की आप अपने काम के प्रति लापरवाही न बरते अन्यथा आपके खिलाफ सख्त कारवाई अमल में लाई जायेगी उन्होंने ब्लॉक में मीटिंग लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को अपने काम के प्रति लापरवाही न करने के भी निर्देश दिये आज मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के बाद जो अधिकारी कर्मचारी अपने घर पड़े हुए आराम की निंद ले रहे थे उनको सूचना मिली वह सूचना पर ही भागते दौड़ते ब्लॉक में पहुंचे गनिमत रही की उन कर्मचारियों पर मुख्य विकास अधिकारी की नजर नहीं पड़ी अन्यथा उनको भी मुख्य विकास अधिकारी के गुस्से एव कार्यवाही का शिकार होना पडता

# कुदरत की चेतावनी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आई आपदा हिमालय में अस्थिरता के स्थाई खतरे की याद दिलाती है। मूसलाधार बारिश के कारण खीर गंगा नदी में पानी, मलबा और कीचड़ का एक बड़ा ढेर आने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 60 लोगों के बह जाने की आशंका है। बाढ़ ने समुद्र तल से 8,600 फीट ऊपर बसे धराली कस्बे के होटलों और रिहायशी इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय निवासियों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो फुटेज में पानी की विशाल लहरें इलाके से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं, जो लोगों और घरों को अपनी चपेट में ले रही हैं। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, कई भारतीय सैन्यकर्मियों के भी मारे जाने की आशंका है।

इस आपदा का अनुमानित कारण 3 से 5 अगस्त तक हुई अत्यधिक भारी वर्षा है, जिसमें उत्तर भारत में मानसून और उसके सक्रिय चरण के कारण जिले के कुछ हिस्सों में एक ही दिन में लगभग 30 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। शहर में आए पानी के प्रकोप और मात्रा से ऐसा लग रहा था कि यह एक अचानक हुई घटना थी, जिसके कारण राज्य के अधिकारियों ने इसे बादल फटना की श्रेणी में डाल दिया। हालांकि, आधिकारिक पूर्वानुमानकर्ता, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी इसे जिस तरह परिभाषित करता है, उसमें इसका एक बहुत ही विशिष्ट अर्थ है। 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में कम से कम 10 सेंटीमीटर की भारी बारिश आमतौर पर बादल फटने की श्रेणी में आती है। इन ऊंचाइयों पर मौसम रडार की कमी का मतलब है कि आईएमडी ऐसी गणना करने में असमर्थ है। इसलिए, यह बहुत संभव है कि पिछले 48 घंटों से लगातार हो रही भारी बारिश ने मिट्टी को ढीला कर दिया हो और ऊबड़-खाबड़, ऊबड़-खाबड़ इलाके के साथ मिलकर, भारी मात्रा में पानी के साथ बड़ी मात्रा में गाद बहा दी हो। यह एक आकस्मिक घटना थी या धीरे-धीरे बढ़ती घटनाओं का परिणाम, यह केवल अकादमिक रूचि का विषय लग सकता है, क्योंकि इससे जान, आजीविका और संपत्ति का नुकसान हुआ है। इसे बादल फटने के रूप में वर्गीकृत करने से राज्य के अधिकारी खुद को असहाय बता देते हैं। एक बार जब इसे एक अजीबोगरीब घटना के रूप में पेश किया जाता है, तो यह घटना केवल प्रार्थनाओं और गहरी उदासी के रूप में सार्वजनिक अधिकारियों की ओर से सोशल मीडिया पर सहानुभूति और पूर्व-निर्धारित सांकेतिक राशि के वितरण के रूप में ही सामने आती है। हाल के अतीत से पता चलता है कि यह कुछ भी असामान्य नहीं हैं। जलवायु परिवर्तन ने अत्यधिक वर्षा की घटनाओं की संभावना को बढ़ा दिया है और इसलिए, पहाड़ों में शुरू की गई कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और परिणामस्वरूप मलबा ऐसी वर्षा से उत्पन्न होने वाले गुप्त विस्फोटकों की तरह काम करते हैं। राहत कार्यों के बाद, राज्य सरकार को-जैसे ही परिस्थितियां अनुकूल हों-जलवायु परिवर्तन से अपरिहार्य क्षति को कम करने के लिए राज्य में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मलबे और गाद के संचय की समीक्षा करनी चाहिए।

## डोनाल्ड ट्रम्प का विश्वासघाती कदम



ब्राजील की तरह ही भारत पर भी कुल मिलाकर 50 प्रतिशत का भारी भरकम टैरिफ लगाकर अमेरिका ने भारत को जो आघात पहुंचाने का प्रयास किया है, उसे भारत सरकार ने अपने संयमित बयान में अनुचित, अन्यायपूर्ण व अविवेकी बताया है, किन्तु देश की जनता डोनाल्ड ट्रम्प का मित्र देश भारत के प्रति इसे प्रथम दृष्टया विश्वासघाती एवं देश को कमजोर करने वाला कदम ज्यादा मानती है, इस बड़ी चुनौती पर गंभीर चिन्तन के लिए सम्बंधित विषय पर वर्तमान संसद सत्र में चर्चा हो, तो यह जन व देशहित में बेहतर होगा, किन्तु केन्द्र व राज्य सरकारें अगर आन्तरिक संकीर्ण मुद्दों में ही अधिकतर उलझी रहेंगी, तो यह कैसे संभव हो पाएगा।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

# पैरोल और फरलो: कानून है या विशेषाधिकार






**रजनीश कपूर**

**राम रहीम की बार-बार रिहाई ने कानूनी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ( एसजीपीसी ) ने उनकी लगातार रिहाइयों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि रिहाई का निर्णय कानूनी ढांचे के भीतर लिया गया है, लेकिन यह तर्क उस आम धारणा को कमजोर करता है कि कानून सबके लिए समान है। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति ने इसे कानून का मजाक करार दिया है, यह कहते हुए कि अगर कोई कैदी हर साल नब्बे दिन जेल से बाहर रह सकता है, तो सजा का क्या अर्थ रह जाता है?**

भारत में कानून की समानता का सिद्धांत संविधान का एक आधारभूत तत्व है। संविधान का अनुच्छेद 14 स्पष्ट रूप से कहता है कि कानून के समक्ष सभी समान हैं, लेकिन जब हम समाज के प्रभावशाली और ताकतवर लोगों के व्यवहार को देखते हैं, तो यह सिद्धांत कई बार मजाक बनकर रह जाता है। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम का मामला इसका जीवंत उदाहरण है, जहां बार-बार दी जाने वाली पैरोल और फरलो ने न केवल कानूनी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, बल्कि आम जनता के विश्वास को भी हिलाकर रख दिया है।

गुरमीत राम रहीम, जिन्हें 2017 में दो साध्वियों के साथ बलात्कार के मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई थी। बाद में पत्रकार रामचंद्र छत्रपति और डेरा के पूर्व प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा मिली थी। पिछले कुछ वर्षों में यह बार-बार जेल से बाहर निकले हैं। 2020 से 2025 तक, उन्हें कम से कम 14 बार पैरोल या फरलो दी गई है, जिसमें कुल मिलाकर 326 दिन जेल के बाहर बिताए गए हैं। हाल ही में, अगस्त 2025 में, उन्हें 40 दिन की पैरोल दी गई, जो उनकी सजा के सात साल के भीतर उनकी तीसरी रिहाई थी। यह पैटर्न न केवल कानूनी प्रक्रिया पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि कैसे प्रभावशाली लोग अपने रसूख का इस्तेमाल कर कानून को अपने पक्ष में मोड़ लेते हैं।

पैरोल और फरलो का प्रावधान हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स (टेम्परेरी रिलीज) एक्ट, 2022 के तहत किया गया है। इस कानून के अनुसार, एक साल की सजा पूरी करने के बाद कोई भी कैदी प्रति वर्ष 10 सप्ताह की पैरोल और 21 दिन की फरलो का हकदार है। फरलो को कैदी का अधिकार माना जाता है, जो सामाजिक और पारिवारिक संबंध बनाए रखने के लिए दी जाती है, जबकि पैरोल के लिए विशिष्ट कारणों की आवश्यकता होती है, लेकिन राम रहीम के मामले में, ये रिहाइयां अक्सर बिना किसी ठोस कारण के दी गई हैं। राम रहीम का डेरा सच्चा सौदा हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों में लाखों अनुयायियों के साथ एक प्रभावशाली संगठन है। अनुमान के अनुसार, डेरे के 90-95 लाख अनुयाई हैं, जो किसी भी राजनीतिक दल के लिए एक बड़ा वोट बैंक हो सकते हैं। 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव, 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव और 2024 में हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले उनकी रिहाई ने राजनीतिक प्रभाव की आशंकाओं को बल दिया है। यह सवाल उठता है कि क्या यह रिहाइयां कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा हैं या राजनी. तिक लाभ के लिए सुनियोजित कदम?

हरियाणा के जेल मंत्री रंजीत सिंह चौटाला और अन्य नेताओं ने दावा किया है कि राम रहीम को दी गई रिहाइयां कानून के दायरे में हैं और अन्य कैदियों को भी ऐसी सुविधाएं दी जाती हैं। लेकिन 2023 के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा की जेलों में 5,832 कैदियों में से केवल 2,801 को ही अस्थाई रिहाई मिली थी। यह सवाल उठता है कि क्या सभी कैदियों को इतनी बार और इतने लंबे समय के लिए रिहाई दी जाती है, जितनी राम रहीम को दी गई है?

राम रहीम की बार-बार रिहाई ने कानूनी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने उनकी लगातार रिहाइयों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि रिहाई का निर्णय कानूनी ढांचे के भीतर लिया गया है, लेकिन यह तर्क उस आम धारणा को कमजोर करता है कि कानून सबके लिए समान है। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति ने इसे कानून का मजाक करार दिया है, यह कहते हुए कि अगर कोई कैदी हर साल 90 दिन जेल से बाहर रह सकता है, तो सजा का क्या अर्थ रह जाता है?

राम रहीम की रिहाइयों का प्रभाव केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक भी है। उनकी सजा के बाद 2017 में हरियाणा और पंजाब में हुई हिंसा में 40 लोगों की मौत हुई थी और करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। ऐसे व्यक्ति को बार-बार रिहा करना न केवल पीड़ितों के परिवारों के लिए अपमानजनक है, बल्कि उन गवाहों के लिए भी खतरा पैदा करता है जो अभी भी उनके खिलाफ चल रहे मामलों में गवाही दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, सिरसा आश्रम में नपुंसकता के मामले में अभी भी मुकदमा चल रहा है और उनकी मौजूदगी गवाहों पर दबाव डाल सकती है।

राम रहीम का मामला यह दर्शाता है कि कैसे प्रभावशाली लोग अपनी पहुंच और रसूख का इस्तेमाल कर कानूनी प्रणाली को अपने पक्ष में कर सकते हैं। यह केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं है, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करता है जहां सत्ता और प्रभाव कानून के ऊपर हावी हो जाते हैं। पैरोल और फरलो जैसे प्रावधानों का उद्देश्य कैदियों के पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा देना है, लेकिन जब इनका दुरुपयोग विशिष्ट लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया जाता है, तो यह पूरी प्रणाली की विश्वसनीयता को कमजोर करता है।

इस समस्या का समाधान करने के लिए, पैरोल और फरलो के नियमों में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने की आवश्यकता है। रिहाई के लिए ठोस और उचित कारणों को अनिवार्य करना चाहिए और निर्णय प्रक्रिया को स्वतंत्र निगरानी के अधीन रखा जाना चाहिए। साथ ही, राजनीतिक प्रभाव को कम करने के लिए, चुनाव के समय में ऐसी रिहाइयों पर रोक लगाने जैसे उपाय किए जा सकते हैं। समय की मांग है कि हमारी कानूनी व्यवस्था इस तरह के दुरुपयोग को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए, ताकि कानून की गरिमा और विश्वसनीयता बरकरार रहे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है ओरछा

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

**ओरछा का ऐतिहासिक परिचय**

ओरछा की स्थापना राजा रूद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द उद्योतका से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है छोटा सा प्रकाश। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।

**ओरछा के प्रमुख दर्शनीय स्थल**

**राजा महल**- यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**जहांगीर महल**- यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊंचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।

**राम राजा मंदिर**- यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहां का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया व सैन्य सम्मान, मंदिर को और भी खास बनाता है।

**चतुर्भुज मंदिर**- यह मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर**- इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।

**ओरछा के छतरी**- बेतवा नदी के किनारे स्थित यह स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

**साहसिक पर्यटन और प्रकृति**

ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में।

आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।

## अगस्त में केरल की इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

# अंतरिक्ष में अब लंबी छलांग की तैयारी में है भारत





**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

विश्व मंगल की कामना से भारत के ऋषियों ने ऊं द्यौ शांति अंतरिक्षं शांति का उद्घोष किया क्योंकि विश्व के हर मानव की आकांक्षा है- शांति। शांति की खोज में मानव पहाड़ों, जंगलों आदि का भ्रमण करता है और उसकी खोज धन व संसारादि में करता है क्योंकि मानव जीवन का अन्तिम लक्ष्य है, शांति और आनन्द, क्योंकि जहां शांति है वहां सुमित है, जहां सुमति है वहां सम्पन्नता है, जहां सम्पन्नता है वहां विकास की अपरिमित सम्भावनाएं हैं।

इसके विपरीत जहां अशांति है वहां कुमति है, जहां कुमति है वहां कलह और विपन्नता है और जहां कलह और विपन्नता है वहां विकास की संभावनाएं नगण्य हैं। यह सिद्धांत व्यक्ति, परिवार, समाज, देश और विश्व सभी पर समान रूप से लागू होता है। शांति हेतु शक्ति जागरण, शक्ति संपन्न होना और शक्ति संतुलन आवश्यक है। भारत सर्व मंगल मांगल्ए की भावना से अंतरिक्ष में खोजों हेतु सतत प्रयत्नशील है क्योंकि अंतरिक्ष क्या है? अंतरिक्ष में व्याप्त आकाशीय पिंड किससे बने हैं? उनकी प्रकृति, संरचना, वातावरण कैसा है? उस पर जीवन और मानव-जीवन की संभावनाएं क्या है? आदि अनेक प्रश्न मानव-मन को उद्वेलित कर, जानने की उत्सुकता पैदा करते हैं।

इस हेतु विश्व की अनेक महान शक्तियों के साथ भारत ने भी अंतरिक्ष मिशन की शुरुआत की है और भारत अंतरिक्ष में लंबी छलांग लगाने की तैयारी में जुटा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपनी लगन, मेहनत और तकनीकी क्षमताओं के बल पर अंतरिक्ष में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर योजनाएं बनाई है जिनमें गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना, चंद्रयान-4, मंगलयान-2, शुक्रयान मिशन आदि उल्लेखनीय महत्वाकांक्षी मिशन शामिल हैं।

गगनयान मिशन भारत का पहला मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन है । इसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उनकी सकुशल वापसी सुनिश्चित करना प्रमुख है। इसके अंतर्गत तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को 2028 तक अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इस मिशन की कामयाबी से भारत को अंतरिक्ष कार्यक्रमों में मजबूती मिलेगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में वृद्धि होगी। इसरो की 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना भी है। इसका मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में वैज्ञानिक प्रयोग, पृथ्वी की निगरानी और गहन अंतरिक्ष अनुसंधान को बढ़ावा देना है जिससे भारत की अंतरिक्ष में स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत दूसरे देशों को अंतरिक्ष अनुसंधान में सहयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा। साथ ही भारत तकनीकी मामलों में आत्मनिर्भर होगा। 2023 में चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से में पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बनकर एक नया इतिहास रचने में सफल हुआ है । इस सफलता से उत्साहित होकर इसरो ने चंद्रयान-4 की तैयारी प्रारंभ कर दी है जो चंद्रमा की सतह पर और अधिक गहन अध्ययन करेगा और इसमें उन्नत रोवर और प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाएगा जिससे भारत की चंद्रमा पर उपस्थित मजबूत होगी क्योंकि भारत का लक्ष्य चंद्रमा पर अपने यात्री को उतार कर तिरंगा फहराना है।

भारत ने 2014 में मंगलयान को मंगल ग्रह की कक्षा में प्रवेश कराकर मंगल ग्रह के वातावरण,सतह और जलवायु का महत्वपूर्ण डाटा एकत्र किया है। इस सफलता के बाद इसरो ने मंगलयान-2 मिशन की तैयारी प्रारंभ कर दी है । इस मिशन का उद्देश्य मंगल की सतह पर एक लैंडर और रोवर को सफलतापूर्वक उतार कर मंगल ग्रह के बारे में सघन अध्ययन करना है ताकि आने वाले दशकों में मानव मिशन को साकार रूप दिया जा सके। इसके साथ ही 2028 में शुक्रयान मिशन इसरो का शुक्र ग्रह पर पहला मिशन है जिसका उद्देश्य शुक्र ग्रह के वातावरण, भू संरचना और सतह का अध्ययन करना है।

इस मिशन से शुक्र ग्रह के रहस्यों का पर्दाफाश होगा। इन मिशनों की सफलता हेतु इसरो सतत अपनी जोरदार तैयारी और प्रौद्योगिकी विकास में संलग्न है।इस हेतु एक्सिओम मिशन-4 के अंतर्गत भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की 18 दिन की यात्रा के दौरान किए गए वैज्ञानिक प्रयोग और उनके अनुभव भारतीय अंतरिक्ष मिशनों की सफलता में मील के पत्थर सिद्ध होंगे। शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा भारत के गगनयान मिशन के लिए प्रशिक्षण की भांति है क्योंकि उन्होंने अंतरिक्ष में रहने, काम करने और आपात स्थिति से निपटाने का अनुभव प्राप्त किया है जो गगनयान टीम के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। शुभांशु शुक्ला द्वारा इसरो द्वारा डिजाइन किए गए प्रयोग भारत के भविष्य के अंतरिक्ष मिशन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अंतरिक्ष की माइक्रो ग्रेविटी में मांसपेशियां और हड्डियां कमजोर हो जाती है।

शुभांशु शुक्ला ने बिना गुरुत्वाकर्षण में मांसपेशियां कैसे कमजोर होती हैं और इसे रोकने के उपायों की खोज की क्योंकि अंतरिक्ष यात्रियों को सबसे ज्यादा मांसपेशियों और हड्डियों की कमजोरी से जूझना पड़ता है । साथ ही इससे पृथ्वी पर आस्टोपोरोसिस जैसे रोग की चिकित्सा में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही शुभांशु ने माइक्रो जीव टार्डिग्रेड्स का अध्ययन किया क्योंकि अंतरिक्ष में जिंदा रहने वाले जीवो में टार्डीग्रेड, तिलचट्टा, नेमटोड़ वर्म, ब्राइन श्रिम्प और फूट फ्लाइज शामिल है जो अंतरिक्ष की विषम परिस्थितियों-रेडिएशन, वैक्यूम और न्यूनतम व उच्चतम तापमान में भी जीवित रह सकते हैं। इनमें टार्डीग्रेड सबसे टफ जीवों में एक है जो उबलते पानी, जमने वाली ठंड, रेडिएशन और वैक्यूम में भी जिंदा रह सकते हैं। उन्होंने देखा कि यह अंतरिक्ष में कैसे जीवित रहते हैं जो भविष्य के लंबे मिशन-मंगल मिशन के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुतिन साल के आखिर में आएंगे भारत

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने की पुष्टि, यूक्रेन वॉर के बाद होगा पहला दौरा

**मास्को/नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आ सकते हैं। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक, यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने दी है। डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा कि अब हमारे बहुत अच्छे रिश्ते बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं। हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बात. चीत करते हैं।

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल बुधवार को रूस पहुंचे। उनकी राष्ट्रपति पुतिन के साथ भी मुलाकात हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद डोभाल की यह पहली मास्को यात्रा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। 2021 में पुतिन महज कुछ घंटे के लिए भारत आए थे, उन्होंने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की थी। आखिरी बार 2021 में भारत आए थे पुतिन राष्ट्रपति पुतिन ने 06 दिसम्बर 2021 को भारत की यात्रा की थी। तब वे सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। इस दौरान भारत और रूस के बीच 28 समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें मिलिट्री और तकनीकी समझौते शामिल थे। दोनों देशों ने 2025 तक 30 अरब डालर (2 लाख 53 हजार करोड़ रुपये) सालाना ट्रेड का टारगेट रखा था। फरवरी 2022 में यूक्रेन वार शुरू होने के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी। इस विजिट से दोनों देशों के बीच 2030 के लिए नए आर्थिक रोडमैप को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। भारत और रूस अपने बाइलैटरल ट्रेड को दोगुना करके सालाना 100 अरब डालर से ज्यादा करने पर सहमत हुए हैं। फिलहाल दोनों देशों के बीच करीब 60 अरब डालर का द्विपक्षीय व्यापार है। पीएम मोदी ने साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा की थी। वे ब्रिक्स समिट के लिए 22 अक्टूबर को रूस गए थे। इससे पहले जुलाई में भी मोदी ने दो दिन का रूस दौरा किया था। तब उन्होंने पुतिन को भारत आने का न्योता दिया था। रूस ने पिछले साल 9 जुलाई को मास्को में पीएम नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'आर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' दिया था। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद उन्हें सम्मानित किया। अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद दूसरे देशों की यात्रा से बच रहे पुतिन मार्च 2023 में आईसीसी ने पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। कोर्ट ने यूक्रेन में बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के आरोपों के आधार पर पुतिन को वार क्राइम्स के लिए जिम्मेदार माना था। यह पहला मौका था जब आईसीसी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के किसी स्थाई सदस्य देश के टाप लीडर के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था।

अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस यूएनएससी के स्थाई सदस्य हैं। इसके बाद से पुतिन दूसरे देशों की यात्राएं करने से बचते रहे हैं। वह पिछले साल जी-20 समिट में शामिल होने भारत नहीं आए थे। उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस साल के आखिर में ब्राजील में होने वाली ळ20 समिट में भी पुतिन संभवत: हिस्सा नहीं लेंगे। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है।



**डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है**

**6 दिसम्बर 2021 में पुतिन महज कुछ घंटे के लिए भारत आए थे, उन्होंने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की थी**



रांची। स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले एक व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज दिखाता हुआ।

## ट्रम्प ने पुतिन से मुलाकात की संभावना जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन में युद्धविराम को लेकर उनकी जल्द मुलाकात हो सकती है। जिससे यूक्रेन और रूस के युद्ध का अंत हो सकता है। गौरतलब है कि ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने बुधवार को पुतिन से मुलाकात की। ट्रम्प ने इस बैठक को अहम बताया। क्रेमलिन ने भी इसे उपयोगी बातचीत बताया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार कल ओवल ऑफिस में जब उनसे निकट भविष्य में मुलाकात की संभावनाओं के बारे में पूछा गया तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि आज राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन के साथ हमारी बहुत अच्छी बात. चीत हुई और इस बात की पूरी संभावना है कि हम इस समस्या का अंत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह डगर लंबी थी और अभी भी लंबी है, लेकिन इस बात की अच्छी संभावना है कि बहुत जल्द एक मुलाकात होगी। ट्रम्प की यह टिप्पणी मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के बीच हुई बैठक के बाद आई है-हालांकि उन्होंने कहा कि दोनों के बीच कोई 'सफलता' नहीं मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका से बातचीत दोबारा करने पर फैसला नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरानी उप विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका से परमाणु वार्ता फिर शुरू करने पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है लेकिन दोनों पक्षों में संवाद बना हुआ है। अराघची ने चैनल तेहरान पर एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका से बातचीत को लेकर कोई आखिरी फैसला अभी नहीं हुआ है। इतना अवश्य है कि संपर्क बने हुए हैं। उनको अमेरिका से संदेश तो मिले हैं पर बातचीत होगी या नहीं, यह इस पर निर्भर करता है कि ईरानी हितों का सम्मान होता है या नहीं।

### म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिट स्वे का निधन

**यांगून।** म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिट स्वे का गुरुवार सुबह राजधानी ने नेपी ताव में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा परिषद (एनडीएससी) ने बताया कि स्वे को एक साल पहले पार्किंसन रोग और अन्य संबंधित तंत्रिका संबंधी समस्याएं सामने आई थीं। उनका सिंगापुर और देश के सैनिक अस्पताल कराया गया लेकिन जुलाई 2025 में उनकी हालत बिगड़ना प्रारंभ हो गया। वह जुलाई 2024 से चिकित्सा अवकाश पर थे।

### यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ानें फिर से शुरू

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी विमानन कंपनी यूनाइटेड एयरलाइंस ने बुधवार देर रात अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दीं। इससे कुछ घंटे पहले कंप्यूटर सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण कंपनी को पूरे देश में उड़ानें रोकनी पड़ी थीं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि आंतरिक प्रौद्योगिकी समस्या का समाधान कर लिया गया है यद्यपि हमें कुछ विलम्ब की आशंका है लेकिन फिर भी हमारी टीम सामान्य परिचालन बहाल करने की दिशा में काम कर रही है।

### ट्रम्प प्रशासन नासा के दो मिशन बंद करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का कार्यालय ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की निगरानी करने वाले नासा के दो मिशन बंद करेगा। न्यूज़मैक्स प्रसारक ने एजेंसी के हवाले से बुधवार को कहा कि ईमेल द्वारा भेजे गए एक बयान में नासा ने कहा कि ये मिशन अपने मुख्य उद्देश्य से परे हैं और राष्ट्रपति के एजेंडे और बजट प्राथमिकताओं के अनुरूप इन्हें समाप्त किया जा रहा है।

## ब्रह्मोस की ताक देख चौंक गए थे ट्रम्प

**ट्रम्प प्रशासन को मिसाइलों में परमाणु बम जोड़ने की आशंका थी, वाल स्ट्रीट जर्नल डब्ल्यूएसजे की रिपोर्ट में बड़ा दावा**

**वाशिंगटन।** ऑपरेशन सिंदूर के समय अमेरिका को खुफिया जानकारी मिली थी कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर निशाने पर ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलें दागी हैं।

अमेरिका को चिंता थी कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ा, तो भारत इन मिसाइलों में परमाणु हथियार भी लगा सकता है। यह जानकारी वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की एक रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में ट्रम्प प्रशासन के मौजूदा और पूर्व अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने ब्रह्मोस मिसाइल को एक ऐसा हथियार माना जो परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चिंता थी कि अगर हालात बिगड़ते हैं, तो भारत इन मिसाइलों में परमाणु बम जोड़ सकता है। साथ ही यह आशंका भी थी कि जवाब में पाकिस्तान भी परमाणु हमला कर सकता है। इसी डर की वजह से ट्रम्प ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भारत और पाकिस्तान के नेताओं से बात करने को कहा। भारत ने हमेशा यह स्पष्ट कहा है कि ब्रह्मोस मिसाइल केवल पारंपरिक (नान-न्यूक्लियर) हथियारों से लैस है। इनका संचालन भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट, वायुसेना और नौसेना करते हैं। भारत की जो मिसाइलें परमाणु हथियार ले जा सकती हैं, वे रणनीतिक बल कमान (एसएफसी) के कंट्रोल में रहती हैं। ब्रह्मोस मिसाइल में 200 से 300 किलो के पारंपरिक विस्फोटक लगाए जा सकते हैं।

# अमेरिकी विशेषज्ञ खुद ट्रम्प से दुखी

## कहा: भारत को उपदेश देने से पहले रूस के साथ अमेरिकी व्यापार पर ध्यान दे राष्ट्रपति ट्रम्प

वाशिंगटन। भारत के खिलाफ अधिक टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले पर अमेरिकी विशेषज्ञों ने गहरी चिंता जताई है। रूस के साथ अमेरिकी व्यापार का हवाला देते हुए ट्रम्प को आईना भी दिखाया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका जब खुद रूस के साथ व्यापार करता है तो उसे भारत को उपदेश देने से पहले सोचना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व हथियार निरीक्षक, अमेरिकी मरीन कोर के पूर्व खुफिया अधिकारी व लेखक स्काट रिटर ने भारत पर अधिक टैरिफ लगाने के लिए ट्रम्प पर निशाना साधा है।

सोशल मीडिया पोस्ट में रिटर ने कहा, अमेरिका ने 2024 में 3 अरब डालर से अधिक के रूसी सामान आयात किए। इससे लगभग 600 टी-90 टैंकों की कीमत चुकाई जा सकती है। यह दो रूसी बख्तरबंद डिवीजनों को लैस करने के लिए काफी है। ऐसे में अगली बार जब ट्रम्प भारत को उपदेश दें, तो इस बारे में जरूर सोंचे। एशिया सोसायटी पालिसी इंस्टीटयूट (एएसपीआई) की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व उप अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि वेंडी कटलर ने बढ़ते द्विपक्षीय विवाद पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, अफसोस की बात है कि अमेरिका-भारत विवाद बढ़ता जा रहा है और अब राष्ट्रपति 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा कर रहे हैं। इससे अमेरिका को होने वाले ज्यादातर भारतीय निर्यात लगभग बंद हो जाएंगे। कटलर ने एक बयान में कहा कि चीन संभवत: इन घटनाक्रमों का स्वागत कर रहा है। अब वह दिल्ली के साथ अपने संबंधों को सुधारने के लिए कुछ कदम उठा सकता है। अब समय आ गया है कि अमेरिकी और भारतीय अधिकारी निजी तौर पर अपने मतभेदों को सुलझाने की कोशिश करें। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा पर दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने अपनी राय रखी। उन्होंने इसे पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक का सबसे बड़ा संकट बताया है। भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा पर विल्सन सेंटर स्थित दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने इसे भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक का सबसे बड़ा संकट बताया है। माइकल कुगेलमैन ने कहा कि हाल के दिनों में अमेरिका और भारत के बीच जिस तरह के संबंध विकसित हुए हैं, उन्हें देखते हुए ट्रम्प का यह फैसला बहुत चौंकाने वाला नहीं है। राष्ट्रपति ट्रम्प शुरू से ही टैरिफ लगाने के पक्ष में रहे हैं। भले ही इससे भारत और अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचे, फिर भी मुझे हैरानी नहीं है कि उन्होंने अपनी धमकी को हकीकत में बदल दिया है।



- **भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक सबसे बड़ा संकट, ट्रम्प के 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ पर विशेषज्ञों की राय**
- **अमेरिका ने 2024 में तीन अरब डालर से अधिक के रूसी सामान आयात किए**

## ट्रम्प के सलाहकार बोले: भारत टैरिफ का महाराजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले का बचाव किया। उन्होंने भारत को 'टैरिफ का महाराजा' करार देते हुए कहा कि भारत अमेरिकी सामानों पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ और नान-टैरिफ बाधाएं लगाता है, जिससे अमेरिकी प्रोडक्ट्स को भारतीय मार्केट में एंट्री करने में मुश्किल होती है। नवारो ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा: भारत अमेरिकी डालर का इस्तेमाल रूसी तेल खरीदने के लिए करता है। फिर रूस उन डालर का इस्तेमाल हथियार बनाने में करता है, जिनसे यूक्रेन में लोग मारे जा रहे हैं। इसके बाद अमेरिकी टैक्सपेयर्स को यूक्रेन की रक्षा के लिए हथियारों पर खर्च करना पड़ता है। यह गणित ठीक नहीं है।

# बलूचिस्तान में सेना के वाहन पर हमला

## मेजर समेत तीन सैनिक मारे गए, जवाबी हमले में चार आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उपद्रवग्रस्त बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में सेना की एक गाड़ी को बम से निशाना बना गया। हमले में तीन सैनिक मारे गए और सेना की जवाबी कार्यवाही में चार आतंकवादी ढेर हो गए।

पाकिस्तानी सेना ने देर रात यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मारे गए जवानों में सेना का मेजर रैंक का अधिकारी भी शामिल है। पाकिस्तान की इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि बुधवार देर रात सुरक्षा बलों के एक वाहन को निशाना बनाया गया।

इस हमले में एक मेजर, एक नायक और एक लांसनायक मारे गए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बयान में इस हमले की निंदा करते हुए सेना की सराहना की। गौरतलब है कि बलूचिस्तान, पाकिस्तान का सीमांत प्रांत है और इसकी सीमाएं अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगी हुई हैं। यह इलाका अपनी खनिज संपदा और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के लिए एक पारगमन केंद्र के रूप में अपनी भूमिका के रण रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है लेकिन पाकिस्तान में बलूचिस्तान के लोगों से दोयम दर्जे का व्यवहार होने के कारण वहां अलगाववादी आंदोलन लंबे समय से चल रहा है। ये लोग एक अलग देश बलूचिस्तान बनाने के लिए प्रयासरत हैं और पाकिस्तान सरकार पूरी ताकत से इस आंदोलन के दमन में जुटी रहती है। बलूचिस्तान में लंबे समय से अलगाववादी सशस्त्र विद्रोह भी कर रहे हैं। इसमें प्रमुख समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का है। इस संगठन ने हाल के वर्षों में अपनी गति. विधियां तेज की हैं। गौरतलब है कि इस साल बलूचिस्तान में कई बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं। मार्च में बीएलए ने एक यात्री ट्रेन का अपहरण कर लिया था और मई में, खुजदार में एक आत्मघाती बम विस्फोट में स्कूल बस को निशाना बनाया।



**शहबाज शरीफ ने एक बयान में इस हमले की निंदा करते हुए सेना की सराहना की**

## थाईलैंड मंत्रिमंडल ने दी चीन, स्वीडन के साथ रक्षा सौदों की मंजूरी

**बैंकॉक।** थाईलैंड सरकार ने चीन और स्वीडन के साथ रक्षा सौदों को मंजूरी दी है जिसमें स्वीडिश ग्रिपेन लड़ाकू विमानों, दो विदेशी निर्मित युद्धपोत और चीन के साथ एक पनडुब्बी सौदे को अंतिम रूप देना शामिल है। द नेशन ने अपनी एक रिपोर्ट में जानकारी दी है। जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वीडिश लड़ाकू विमान अमेरिकी एफ-16 विमानों की जगह लेंगे जो 37 वर्षों से थाई वायु सेना में सेवारत हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस खरीद में तीन सिगल-सीट एसएएबी जेएएस-39 ग्रिपेन ई विमान और एक दो-सीट ग्रिपेन एफ विमान, साथ ही सहायक प्रणालियां और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण शामिल हैं।




अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

# पाक आर्मी चीफ दोबारा जाएंगे अमेरिका

## दो महीने में दूसरा वॉशिंगटन दौरा, ट्रम्प से मुलाकात संभव

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। वह सेंटकोम (सेंट्रल कमांड) के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी।

इससे पहले वे 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया था। साथ ही ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामिनेट किया है। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया था। सेंटकोम के पूर्व प्रमुख को पाकिस्तान ने सैन्य सम्मान से नवाजा पाकिस्तान ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला को देश के सबसे बड़े सैन्य सम्मान निशान-ए-इम्तियाज से नवाजा है। यह सम्मान पिछले महीने इस्लामाबाद में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दिया गया। जनरल कुरिल्ला को यह सम्मान क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने और पाकिस्तान-अमेरिका सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए दिया गया। जनरल कुरिल्ला ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी और सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकातें कीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सम्मान के जरिए पाकिस्तान, अमेरिका के लिए अपनी वफादारी जाहिर कर रहा है। आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर संभालेंगे। ट्रम्प ने मुनीर के साथ डिनर डिप्लोमेसी के तहत क्रिप्टो डील को फाइनल की है। पाक क्रिप्टो काउंसिल ने पाकिस्तान के 17000 करोड़ रुपये के क्रिप्टो बिजनेस का ट्रम्प परिवार के दबदबे वाली वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से करार किया है।



**सेंट्रल कमांड के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे**

